

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 धोनी कब लेंगे आईपीएल से...

सुपर मेयर टिफनी हेनयार्ड के खिलाफ... 12



वर्ष : 14 | अंक : 282 | नई दिल्ली, शनिवार, 24 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


अधिकतम तापमान 22°C
न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 63,810
चांदी 75,400
सेंसेक्स 73,142
निफ्टी 22,212

# जाति की भलाई के नाम पर सिर्फ अपना हित साधती हैं परिवारवादी पार्टियां: मोदी

● प्रधानमंत्री ने सीर गोवर्धन में संत रविदास की 25 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का किया अनावरण

प्रात : किरण/एजेंसी




वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धन में कहा कि भाजपा सरकार संत रविदास के संकल्पों को पूरा कर रही है। गरीब, वंचित, पिछड़े और दलित के लिए सरकार की नीयत साफ है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं संत रविदास के संकल्पों को आगे बढ़ा रहा हूं। मुझे उन्होंने ही सेवा का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री ने संत रविदास की 647वीं जयंती पर सीरगोवर्धन में उनकी 25 फीट उंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह हमारा इतिहास रहा है कि जब भी देश को जरूरत हुई है, कोई न कोई संत, ऋषि, महान विभूति भारत में जन्म लेते हैं। संत रविदास तो उस भक्ति आंदोलन के महान संत थे, जिन्होंने कमजोर और विभाजित हो चुके भारत को नई ऊर्जा दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि संत रविदास ने समाज को आजादी का महत्व भी बताया था और सामाजिक विभाजन को भी पाटने का काम किया। ऊंच-नीच, छुआछूत, भेदभाव समेत सभी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ उन्होंने आवाज उठाई। संत रविदास कहते हैं, 'जात पात के फेर मंहि, उरझि रहइ सब लोग। मानुषता कूं खात हइ, रैदास जात कर रोग।' यानी ज्यादातर लोग जातपात के फेर में उलझे और उलझाते रहते हैं। यह रोग मानवता का नुकसान करता है। संतों की वाणी हमें रास्ता भी दिखाती है और सावधान भी करती है।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज देश के हर दलित, पिछड़े को एक और बात ध्यान रखनी है। हमारे देश में जाति के नाम पर उकसाने और उन्हें लड़ाने में भरोसा रखने वाले इंडी गठबंधन के लोग दलित, वंचित के हित की योजनाओं का बड़ा विरोध करते हैं। जाति की भलाई के नाम पर ये लोग सिर्फ अपने परिवार के स्वार्थ की राजनीति करते हैं। परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार के बाहर किसी दलित और आदिवासी को आगे नहीं बढ़ने देना चाहतीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में पहली आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने का किन-किन लोगों ने विरोध किया था, ये हर कोई जानता है। ये सब वही परिवारवादी पार्टियां हैं, जिन्हें चुनाव के वक्त दलित की याद आने लगती है। हमें इनसे सावधान रहना होगा। उन्होंने कहा कि सांसद होने के नाते, वाराणसी का जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरी विशेष जिम्मेदारी भी बनती है कि मैं बनारस में आप सबका स्वागत करूं, आप सबकी सुविधाओं का खास खयाल भी रखूं। मुझे खुशी है कि संत रविदास जयंती पर मुझे इन दायित्वों को पूरा करने का अवसर मिला है। आज मुझे संत रविदास की नई प्रतिमा के लोकार्पण का भी सौभाग्य मिला है। संत रविदास म्यूजियम की आधारशिला भी आज रखी है। मैं आप सभी को इन विकास कार्यों की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज वाराणसी से हजारों करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास होने जा रहा है जिससे जनता को लाभ मिलेगा। इस योजना में रविदास मंदिर के लिए भी कार्य होगा। सड़कों से लेकर भजन-कीर्तन के लिए भी सुविधाएं दी जाएंगी। ताकि भक्तों को आध्यात्मिक लाभ मिले साथ ही उनकी कई परेशानियों से छुटकारा मिल सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मैं राजनीति में नहीं था तब भी संत रविदास की शिक्षाओं से मार्गदर्शन प्राप्त करता था। मेरे मन में भावना थी कि उनकी सेवा का अवसर मिले। आज काशी ही नहीं पूरे देश में उनकी शिक्षाओं का प्रसार किया जा रहा है। हाल ही में मध्य प्रदेश के सतना में संत रविदास स्मारक कला केंद्र के शिलान्यास का सौभाग्य मिला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज काशी की धरती पर संत गुरु रविदास की 647वीं जयंती के कार्यक्रम के आयोजन पर प्रधानमंत्री का आगमन हुआ है। मैं इस अवसर पर उनका स्वागत करता हूं। अभी प्रधानमंत्री ने संत रविदास की प्रतिमा का अनावरण किया है। मैं संत रविदास के सभी भक्तों और अनुयायियों को इस अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

# किसानों के गुस्से का शिकार हो रहे पुलिसवाले, अब तक 3 की मौत 30 जख्मी, एनएसए की तैयारी

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली से सटी सीमाओं पर धरना प्रदर्शन कर रहे किसान गुस्से में हैं। वे पुलिस पर पथराव करते हैं तो कभी मिर्च का धुंआ करके उन्हे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। ऐसे ही गुस्से के चलते अब तक 3 पुलिसवालों की मौत हो गई और 30 घायल हुए हैं। सुरक्षा बलों और किसानों के बीच होने वाली झड़प में कुछ किसानों को चोटे आई है। जबकि एक युवा किसान की मौत भी हुई है। इससे पहले विभिन्न कारणों के चलते दो और किसानों की जान चली गई। इन तमाम घटनाओं के बाद अंबाला पुलिस ने पत्र जारी कर आंदोलनकारी किसानों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाने की बात कही है। पुलिस ने यह भी बताया है कि अब तक इस आंदोलन के दौरान अलग-अलग कारणों से कितने पुलिसकर्मियों की मौत हो चुकी है और कितने पुलिसकर्मी घायल हैं। हरियाणा पुलिस के मुताबिक आंदोलन के दौरान 30 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। दो पुलिसकर्मियों की मौत हरियाणा में हुई है। एक को ब्रैन हैमरेज हुआ है। वहीं, आंदोलन के दौरान पंजाब में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी की जिम में मौत हुई है। हरियाणा पुलिस ने अपने लेटर में कहा,किसान लगातार दिल्ली कूच को लेकर शंभू बॉर्डर पर लगे बैरिकेड्स को तोड़ने के प्रयास कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन पर पत्थरबाजी और हुड़दंग बाजी करके कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। उपद्रवी सरकारी और प्राइवेट संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पंजाब में हुई पुलिसकर्मी की मौत पर बताया गया कि कि खनौरी बॉर्डर पर तैनात मलेरकोटला के डीएसपी दिलप्रीत सिंह की सुबह जिम मैं चेस्ट पेन हुआ। उसके बाद लुधियाना हॉस्पिटल में उनकी मौत हो गई। दिलप्रीत सिंह मलेरकोटला में डीएसपी के तौर पर तैनात थे, उनकी रात की ड्यूटी खनौरी बॉर्डर पर लगी हुई थी।

मलेरकोटला के एसएसपी के मुताबिक वह रात को 8 बजे से लेकर सुबह 4 बजे तक खनौरी में ड्यूटी पर थे. 4 बजे ड्यूटी खत्म करने के बाद वह सीधा अपने घर गए, वहां उसके बाद जिम गए, जहां उनकी चेस्ट में पेन हुआ उसको हॉस्पिटल जाया गया मौत हो गई। 15 दिन पहले ही जब डीएसपी के तबादले हुए थे उनका तबादला मलेरकोटला जिला में हुआ था। पुलिस ने पत्र में लिखा है कि आंदोलन में कई किसान नेता सक्रिय भूमिका में हैं और कानून व्यवस्था को बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। लगातार सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम, टैलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए भड़काउ और उकसाने वाले भाषण देकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए लगातार पोस्ट डाली जा रही हैं। इस आंदोलन में लगातार भाषणबाजी करके आंदोलनकारियों को प्रशासन के खिलाफ भड़काया जा रहा है। सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ गलत शब्दों का इस्तेमाल हो रहा है। भयंकर उत्पात मचाया जा रहा है। इसलिए अब आंदोलनकारी किसानों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने यह भी कहा है कि आंदोलनकारियों ने जिन सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, उसका आकलन किया जा रहा है। प्रशासन ने इस संबंध में आम जनता को पहले ही सूचित/सतर्क कर दिया था कि यदि इस आंदोलन के दौरान आंदोलनकारियों ने सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया तो उनकी संपत्ति और बैंक खाते जब्त कर इस नुकसान की भरपाई की जाएगी। इसको लेकर पुलिस ने कहा कि अगर किसी आम आदमी को इस आंदोलन के दौरान संपत्ति का कोई नुकसान हुआ है तो वह प्रशासन को नुकसान का विवरण दे सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति ने मनोहर जोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विभिन्न दलों के नेता उनसे प्यार करते थे। लोकसभा के अध्यक्ष भी रहे जोशी (86) का शुक्रवार को मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। राष्ट्रपति ने 'एक्स' पर लिखा, ₹पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे दिग्गज नेता श्री मनोहर जोशी के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में, श्री जोशी ने खुद को लोगों के बीच प्रिय बनाया। उन्होंने अपनी बुद्धिमत्ता के लिए प्रशंसा अर्जित की और नेताओं ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उन्हें प्रेम किया। उनके परिवार के सदस्यों और समर्थकों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट करती हूं।

### शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी को मिला चुनाव चिह्न

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार के गुट वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया गया है जिसमें तुरहा बजाते हुए एक व्यक्ति है। चुनाव आयोग ने श्री पवार को गुरुवार रात पत्र भेजकर इसकी सूचना दी। आयोग ने कहा कि पावर गुट लोकसभा चुनाव में तुरहा बजाते हुए आदमी के चुनाव चिह्न का उपयोग कर सकेगा। आयोग ने यह निर्णय राकांपा में विभाजन के बाद उठे विवाद के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्णय को ध्यान में रखते हुए लिया है। आयोग विधानसभा में सदस्यों की संख्या के आधार पर श्री पवार के भतीजे अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट को असली राकांपा करार दे चुका है। राकांपा ने चुनाव आयोग द्वारा प्राप्त चिह्न पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि यह उसके लिए गर्व की बात है। इसके पहले इस पार्टी को चुनाव चिह्न के रूप में वटवृक्ष मिला था जिस पर विश्व हिन्दू परिषद ने यह कहकर इस पर आपत्ति जतायी थी कि यह उसके संगठन का पंजीकृत चिह्न है।

# विद्युत उपभोक्ताओं के अधिकार नियमों में संशोधन



● रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करना होगा आसान

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने विद्युत उपभोक्ताओं के अधिकार नियमों में संशोधन किया है। केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री का कहना है कि संशोधित नियम उपभोक्ताओं को और सशक्त बनाएंगे। मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार संशोधनों से नए बिजली कनेक्शन प्राप्त करने की समय सीमा कम हो गई है। बहुमंजिला फ्लैटों में उपभोक्ताओं को कनेक्शन का प्रकार चुनने में मदद मिलेगी। रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करना आसान और तेज हो गया है। इसके अलावा उपभोक्ताओं की शिकायतों के मामले में बिजली की खपत को सत्यापित करने के लिए वितरण कंपनी की ओर से लगाए गए मीटरों की जांच संभव होगी। उपभोक्ता अब अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए अलग से बिजली कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं। नियमों के तहत नया बिजली कनेक्शन प्राप्त करने की समयावधि महानगरीय क्षेत्रों में सात दिन से घटाकर तीन दिन, अन्य नगरपालिका क्षेत्रों में पंद्रह दिन से घटाकर सात दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में तीस दिन से घटाकर पंद्रह दिन कर दी गई है। उपभोक्ताओं की पसंद बढ़ाने और मीटरिंग और बिलिंग में अधिक पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए नियमों में प्रावधान पेश किए गए हैं। उपभोक्ताओं के परिसर में रूफटॉप सोलर पीवी सिस्टम स्थापित करने में आसानी बढ़ाने और तेजी से स्थापना की सुविधा के लिए नियमों में संशोधन किए गए हैं। 10 किलोवाट क्षमता तक की प्रणालियों के लिए तकनीकी व्यवहार्यता अध्ययन की आवश्यकता से छूट दी गई है। 10 किलोवाट से अधिक क्षमता की प्रणालियों के लिए, व्यवहार्यता अध्ययन पूरा करने की समयसीमा बीस दिन से घटाकर पंद्रह दिन कर दी गई है।

### 'न्याय यात्रा' में मुरादाबाद से शामिल होंगी प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा आगामी रविवार को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल होंगी और फतेहपुर सीकरी तक इस यात्रा में साथ रहेंगी। पार्टी के अनुसार, प्रियंका गांधी मुरादाबाद से यात्रा के साथ जुड़ेंगी और फिर अमरोहा, संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस तथा आगरा होते हुए फतेहपुर सीकरी तक साथ रहेंगी। प्रियंका गांधी को चंदौली से ही इस यात्रा में शामिल होना था, लेकिन अस्वस्थ होने के चलते वह इसमें शामिल नहीं हो सकीं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी आगरा में राहुल गांधी के साथ इस यात्रा में शामिल होने वाले हैं। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे की घोषणा की थी। कांग्रेस उत्तर प्रदेश की कुल 80 सीटों में से 17 सीट पर चुनाव लड़ेगी। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' बुधवार को कानपुर में थी, जबकि 22 और 23 फरवरी को यात्रा में विराम है। यह यात्रा 24 फरवरी की सुबह मुरादाबाद से फि र शुरू होगी। उसके बाद अमरोहा, संभल, अलीगढ़, हाथरस, और आगरा जिलों से गुजरते हुए यात्रा राजस्थान के धौलपुर में रुकेगी। इसके बाद 26 फरवरी से एक मार्च तक यात्रा में विराम होगा ताकि राहुल गांधी 27 और 28 फरवरी को इंग्लैंड के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में दो विशेष व्याख्यान दे सकें और नई दिल्ली में होने वाली पार्टी की कुछ महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल हो सकें। इस विराम के बाद दो मार्च को अपराह्न दो बजे धौलपुर से एक बार फिर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू होगी।

# रूसी सेना की सेवाओं में शामिल न हों भारतीय नागरिक, सरकार ने दी सलाह

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार ने भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि वे रूस में सेना की सेवाओं में शामिल नहीं हों और संघर्ष से दूर रहें। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारतीय नागरिकों के रूस की सेना में शामिल होने और संघर्ष वाले इलाके में तैनाती संबंधी रिपोर्टों के बारे में मीडिया के सवालों पर कहा, हम जानते हैं कि कुछ भारतीय नागरिकों ने रूसी सेना में सहायक कामों के लिए नौकरी में सम्मिलित हुए हैं। भारतीय दूतावास के अधिकारी उन्हें इन सेवाओं से शीघ्र मुक्त करने के लिए नियमित रूप से संबंधित रूसी अधिकारियों के साथ इस मामले पर बातचीत कर रहे हैं। श्री जायसवाल ने कहा, हम सभी भारतीय नागरिकों से आग्रह करते हैं कि वे उचित सावधानी बरतें और इस संघर्ष से दूर रहें।

# रक्षा क्षेत्र में, विशेषकर एयरोस्पेस क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता जरूरी : डीसीएएस

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। वायुसेना उप प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने शुक्रवार को कहा कि एक राष्ट्र को "औद्योगिक रूप से मजबूत" बनना है और रक्षा क्षेत्र में, विशेष रूप से एयरोस्पेस के क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता जरूरी है। यहां आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने यह बात कही। उनके अनुसार, यह देखा जा रहा है कि दुनिया में हमारे आसपास हो रहे "दो युद्धों" के बाद "आत्मनिर्भरता" और अधिक महत्वपूर्ण होती जा रही है। दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित इस सम्मेलन का शीर्षक "एनर्जाइजिंग इंडियन एयरोस्पेस इंडस्ट्री : आत्मनिर्भर भारत के लिए चुनौतियाँ" है। सम्मेलन में भारतीय वायु सेना के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी और रक्षा उद्योग संबंधी विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। एयर मार्शल दीक्षित ने कहा, "हर देश आत्मनिर्भर बनना चाहता है। और हम देख रहे हैं किङ्कदुनिया में हमारे आसपास हो रहे इन दो युद्धों के बाद, यह और अधिक महत्वपूर्ण होता जा रहा है।" उनकी टिप्पणी रूस-यूक्रेन संघर्ष और इजराइल-हमास संघर्ष की पृष्ठभूमि में आई है। उन्होंने भारतीय वायुसेना में "आत्मनिर्भरता" की आवश्यकता और वर्तमान में बल के आगे बढ़ने की राह में आने वाली चुनौतियों पर जोर दिया। वायुसेना उप प्रमुख ने कहा, "हमें औद्योगिक रूप से मजबूत बनना होगा, रक्षा क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता की आवश्यकता है, खासकर एयरोस्पेस क्षेत्र में।" उन्होंने 1950 के दशक में भारत में भारतीय वायुसेना के विमानों के निर्माण और बाद के दशकों में इस क्षेत्र में बल की यात्रा के ऐतिहासिक पहलू को भी साझा किया। उन्होंने कहा, "आज, स्थिति ऐसी हो गई है कि अगर कोई उपयोगकर्ता आगे नहीं आता है और 'आत्मनिर्भरता' को आगे नहीं बढ़ाता है, तो मुझे नहीं लगता कि यह सफल होने जा रहा है।" सम्मेलन के सह आयोजक "सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स" (एसआईडीएम) और "एयर फोर्स थिंक-टैंक सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज" (सीएपीएस) हैं।

### फरार टीएमसी नेता शेख शाहजहां के खिलाफ तेज हुई ईडी की जांच

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर छापेमारी की है। पीडीएस घोटाला मामले में फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के खिलाफ जारी जांच के सिलसिले में छापेमारी मारी गई है। ईडी की टीम करीब 6 जगहों पर तलाशी अभियान चला रही है। बता दें कि केंद्रीय जांच एजेंसी के द्वारा शाहजहां को नया समन जारी किया गया था। उन्हें 29 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी ने जमीन हड़पने के आरोप में टीएमसी नेता शाहजहां के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का नया मामला दर्ज किया है। एक नई ईसीआईआर दर्ज की गई है। बता दें कि शाहजहां के संदेशखाली में हिंदू महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न और जमीनें कब्जाने का आरोपी है। वह फिलहाल फरार चल रहा है। हाल ही में कलकत्ता हाईकोर्ट ने मामले में तीखी टिप्पणी की थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि दबंग शाहजहां शेख इस तरह फरार नहीं हो सकता। ममता सरकार उसका समर्थन नहीं कर सकती है। तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शाहजहां और उनके समर्थकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर संदेशखाली में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन चल रहा है।

# लोकसभा चुनाव 2024 से पहले रेलवे ने घटाया किराया

● अब 10 रुपए में होगी 50 किलोमीटर यात्रा

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले भारतीय रेलवे बोर्ड ने जनरल टिकट का किराया कम कर दिया है। अब जनरल टिकट लेकर 50 किलोमीटर सफर करने के लिए मात्र 10 रुपए किराया देना होगा। यह पहले 30 रुपए था। रेलवे बोर्ड ने तत्काल प्रभाव से आदेश जारी कर दिया है। कोरोना काल तक यही किराया था लेकिन इसके बाद जब ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया तो रेलवे ने किराया बढ़ाकर 10 से 30 रुपए कर दिया गया। रेलवे बोर्ड ने यूटीएस सिस्टम और यूटीएस एप में बदलाव करने का आदेश जारी कर दिया है। लोकल टिकट बुकिंग करने वाले आईआरसीटीसी के सॉफटवेयर में भी बदलाव आदेश जारी कर दिए गए है। **दैनिक यात्रियों और मजदूरों को बड़ा लाभः** दैनिक रेलयात्रा में तीन गुना पैसा चुका रहे मजदूरों और दैनिक यात्रियों को भारतीय रेलवे बोर्ड के इस फैसले से बड़ा लाभ होने जा रहा है। अब 50 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले लोग मात्र 10 रुपए में आवाजाही कर सकेंगे। फिर चाहे जयपुर के रेलयात्री हों या भोपाल के। दिल्ली के रेलयात्री हों या फरीदाबाद के। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि 50 से हर 10 से 15 किलोमीटर तक यात्रा करने पर 5 रुपए बढ़ जाता है। इसका मतलब यह कि अब 30 रुपए में यात्री 90 किलोमीटर तक की यात्रा कर पाएंगे।

लोकल ट्रेनों को बना दिया था एक्सप्रेसः रेलवे ने कोरोना काल में लोकल ट्रेनों को एक्सप्रेस ट्रेन के रूप में नामित कर दिया था। सामान्य ट्रेनों का संचालन भी बंद कर दिया गया था। इसके कारण इनका किराया 10 रुपए से बढकर 30 रुपए हो गया था। एक्सप्रेस ट्रेनों का सबसे कम किराया 30 रुपए है। अब फिर से इसे सामान्य कर दिया है तो यह किराया कम हो गया है। इससे देश के लाखों दैनिक यात्रियों को लाभ होने जा रहा है। ट्रेनों की श्रेणी बदलने से अन्य यात्रियों को भी लाभ हो सकता है।

**सफलता** सेंसर सौर वायु कणों के आगमन की दिशा मापने में भी सक्षम हैं।

# आदित्य-एल1 पर लगे पेलोड के उन्नत सेंसरों ने सीएमई के प्रभाव का पता लगाया

प्रात : किरण/एजेंसी



बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अनुसार भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 पर लगे पेलोड के उन्नत संसरों ने कोरोनल मास इजेक्शन के प्रभाव का सफलतापूर्वक पता लगाया है। सूर्य से प्लाज्मा और चुंबकीय तत्वों के निकलने की घटना को सीएमई कहा जाता है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य नामक पेलोड एक ऊर्जा व द्रव्यमान विश्लेषक है, जिसे कम ऊर्जा सीमा में सौर पवन इलेक्ट्रॉन और आयनों के मापन के लिए तैयार किया गया है। इसमें दो सेंसर हैंः पहला सेंसर सोलर विंड इलेक्ट्रॉन एनर्जी प्रॉब 10 इलेक्ट्रॉन वाल्ट से 3 किलो इलेक्ट्रॉन वॉल्ट की ऊर्जा सीमा में इलेक्ट्रॉनों को मापता है जबकि दूसरा सेंसर सोलर विंड आयन कंपोजिशन एनलाइजर 10 इलेक्ट्रॉन वाल्ट से 25 किलो इलेक्ट्रॉन वाल्ट और 1-60 एएमयू द्रव्यमान ऊर्जा सीमा में आयनों को मापता है। सेंसर सौर वायु कणों के आगमन की दिशा मापने में भी सक्षम हैं। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र की अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला एवं वैमानिकी इकाई द्वारा विकसित पीएपीए से एकत्र किए गए डेटा से विशेष रूप से 15 दिसंबर, 2023 और 10-11 फरवरी, 2024 के दौरान हुई कोरोनल मास इजेक्शन घटनाओं के बारे में पता चला है। इसरो ने एक बयान में कहा, 15 दिसंबर, 2023 को सीएमई की एकल घटना हुई थी। इस अवधि के दौरान पीएपीए अवलोकनों ने कुल इलेक्ट्रॉन और आयन गिनती में अचानक वृद्धि देखी। बयान में कहा गया है कि पीएपीए से मिली जानकारी अंतरिक्ष मौसम की स्थिति की निगरानी में इसकी प्रभावशीलता और सौर घटनाओं का पता लगाने व विश्लेषण करने की इसकी क्षमता को रेखांकित करती है। इसरो ने दो सितंबर को पीएसएलवी-सी57 रॉकेट से आदित्य-एल1 का सफल प्रक्षेपण किया था।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, शनिवार , 24 फरवरी, 2024




## संक्षिप्त समाचार

### किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को 10 साल कठोर कारावास

**देहरादून, एजेंसी।** किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को स्पेशल पोक्सो जज अर्चना सागर की कोर्ट ने 10 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर विभिन्न धाराओं में 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया और पीड़िता को बतौर प्रतिकर एक लाख रुपये दिलाने के आदेश भी दिए हैं। दोषी को न्यायालय परिसर से हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। शासकीय अधिवक्ता अल्पता थापा ने बताया कि आठ मार्च 2021 को ऋषिकेश कोतवाली में एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराया था। बताया था कि दो दिन पहले उनकी बेटी स्कूल गई और फिर लापता हो गई। उस वक्त वह 11वीं की छात्रा थी। पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की। उसी साल 12 मार्च को सुमित पैन्यूली निवासी गणपति विहार कैनाल रोड श्यामपुर गुमानीवाला ऋषिकेश पकड़ में आ गया। पुलिस ने तब पीड़िता को भी बरामद किया। दुष्कर्म और पोक्सो की धाराएं जोड़ते हुए पुलिस ने कोर्ट में 27 मार्च 2021 को चार्जशीट दाखिल कर दी। इसके बाद यह मामला ट्रायल पर आया। पीड़िता ने बताया कि सुमित से फेसबुक के जरिए संपर्क हुआ था। पीड़िता ने खुद को बालिग बताया और दुष्कर्म से इन्कार कर दिया। हालांकि, पीड़िता के इस बयान को गलत मानते हुए कोर्ट ने शैक्षिक दस्तावेजों के आधार पर उसे नाबालिग माना और सुमित पैन्यूली को सजा सुनाई।

### 'संस्कृति को जानने के लिए मातृभाषा का ज्ञान जरूरी'

**ऋषिकेश, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय (एसआरएचयू) जौलीग्रांट के सभी कॉलेजों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार भारत में 43.63 फीसदी लोग हिंदी को अपनी मातृभाषा मानते हैं। हिमालयन स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज (एचएसपीएस) में कविता पाठ, भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर एचएसपीएस के असिस्टेंट प्रोफेसर राहुल पांडे ने मातृभाषा के इतिहास और महत्व को बताया। कहा कि संस्कृति को जानने के लिए मातृभाषा का ज्ञान जरूरी है। कार्यक्रम में बी फार्मा प्रथम वर्ष की छात्रा नम्रता और आशीष डोभाल ने भाषण, मोहम्मद दानिश ने कविता प्रस्तुत की। डॉ. उज्जवल नौटियाल, अभिषेक चंदोला ने भी शानदार प्रस्तुति दी। उधर, हिमालयन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रिंसिपल डॉ. संचिता पुगाजंडी के दिशा-निर्देशन में बीएससी नर्सिंग की छात्रा उन्नति व छात्र सक्षम ने मातृभाषा दिवस के महत्व की जानकारी दी।

### बकाया नहीं देने पर 83 कनेक्शन काटे

**रूड़की, एजेंसी।** ऊर्जा निगम ने बकाया नहीं देने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर 83 बकायेदारों के कनेक्शन काटे। इस दौरान विभाग ने करीब 5.50 लाख रुपये की राजस्व वसूली भी की। साथ ही तीन घरों में बिजली चोरी पकड़ी। ऊर्जा निगम के रामनगर डिवीजन के अधिशासी अभियंता अनूप सैनी के नेतृत्व में टीम ने रामनगर क्षेत्र में बकाया वसूली के लिए अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने ऐसे लोगों की लिस्ट तैयार की जिनपर विभाग का 20 से 50 हजार रुपये तक बकाया चल रहा था। इस दौरान टीम ने भारतनगर, रामपुर और पुरानी तहसील में अभियान चलाया। ईई अनूप सैनी ने बताया कि इस दौरान बकाया नहीं देने पर 83 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। कनेक्शन काटे जाने के बाद चार बकायेदारों ने बकाया जमा करवाकर कनेक्शन जुड़वा लिया। इसके अलावा ऐसे उपभोक्ता भी थे जिन्होंने तुरंत ही बकाया जमा करवा दिया। ऐसे में टीम ने 5.50 लाख रुपये की वसूली की। उन्होंने बताया कि बकाया वसूली का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## जंगल से निकलकर घर में घुसा बाघ, गांव से चीखने-चिल्लाने की आने लगी आवाज

**टिहरी, एजेंसी।**
टिहरी से एक खबर बड़ी सामने आ रही है। जहां जगंल से निकलकर एक बाघ अचानक घर में घुस गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया गया है। इस दौरान तीन वन कर्मियों पर बाघ ने हमला भी किया है।

टिहरी जिले के कीर्तिनगर विकासखंड के मलेथा गांव में एक घर में बाघ घुस गया। जिसके बाद आसपास अफरा-तफरी मच गई। बाघ को देखकर लोगों ने जोर-जोर से शोर मचाना शुरू किया। जिसके बाद बाघ खेतों की ओर भागता नजर आ रहा है। सूचना पाकर मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची और बाघ को पकड़ने के लिए सर्च अभियान शुरू किया गया है। बाघ ने तीन वन कर्मियों पर



भी हमला किया है। वन कर्मियों ने चार घंटे को कड़ी मसक्कत के बाद बाघ को ढेर कर लिया।

बता दें कि, मामला देवप्रयाग विधायक के मलेथा स्थित आवास के पास का है। इस दौरान विधायक विनोद कंडारी भी मौके पर मौजूद रहे। विधायक विनोद कंडारी ने कहा उन्होंने डीएम, डीएफओ और रेंजर को तुरंत मारने के आदेश दिया है। जब तक बाघ नहीं मरेगा तब तक वह मौके पर ही रहेंगे।

## डबल लॉकर में रहेंगे छात्रों के प्रश्नपत्र, चौकीदार देंगे पहरा : डीएम

**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की परीक्षा 27 फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा में कक्षा 10 और 12 के छात्र परीक्षा देंगे। परीक्षा से पहले जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं के संबंध में शिक्षा विभाग और पुलिस प्रशासन के साथ पथरी बाग स्थित श्री गुरु राम राय लक्ष्मण इंटर कॉलेज के सभागार में एक बैठक ली। जिलाधिकारी ने देहरादून के कुल 125 परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक और कस्टोडियनों को बोर्ड परीक्षाओं की गोपनीयता के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर डबल लॉकर अलमारी, रात में चौकीदार की व्यवस्था और प्रश्नपत्र के लिफाफे खोलने में सावधानी बरतने को कहा।

जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने क्षेत्र के तहत आने वाले परीक्षा केंद्रों के निकट यातायात व्यवस्था नियंत्रित करें। जिससे कि छात्र-छात्राओं को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में असुविधा न हो। इसके साथ ही उपजिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक नगर को परीक्षा केंद्रों के निकटवर्ती क्षेत्रों में किसी भी तरह की रैलियां और प्रदर्शन करने की अनुमति न दिए जाने निर्देश दिए। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात किए जाने और परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने के साथ ही रात्रि गस्त किए जानें के लिए भी कहा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर आपसी समन्वय स्थापित करने के लिए कहा। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत की ओर से बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में तैयारियों का विवरण जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर प्रमोद कुमार, उप जिलाधिकारी मसूरी दीपक सैनी, उप जिलाधिकारी सदर हरिगिरि गोस्वामी, उप जिलाधिकारी डोईवाला अपर्णा ढौंडियाल, विकासनगर विनोद कुमार, चकराता योगेश सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप सिंह रावत समेत शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## गलती लोनिवि और पेयजल निगम की, खामियाजा भुगत रही जनता

**देहरादून, एजेंसी।** विभागों में आपसी समन्वय की कमी का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। यहां तक लोगों को बिना पानी पिए बिलों का भुगतान करना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी समाधान निकालने के बजाय विभाग एक-दूसरे की गलती बता पल्ला झाड़ रहे हैं।

मामला मेहूंवाला पेयजल कलस्टर योजना के तहत अंबीवाला क्षेत्र का है। यहां योजना के तहत पेयजल निगम ने नई पाइप लाइन बिछाई थी। जिसके बाद पुरानी लाइनों को बंद कर दिया गया। लाइनों से पानी के कनेक्शन जोड़ने के लिए निगम ने लोगों के घरों के आगे पाइप छोड़े थे।

लेकिन लाइन बिछाने के बाद सड़क निर्माण के दौरान लोनिवि की ओर से कई लोगों के कनेक्शन या तो रोड के नीचे दबा दिए या कनेक्शन काट दिए। इससे हो यह रहा है कई लोगों के घरों में पानी नहीं आ रहा है। जबकि वह नियमित रूप से बिलों का भुगतान कर रहे हैं। करीब आठ महीने से वह दूसरे के घरों से पानी ला रहे हैं। उनका कनेक्शन रोड पर दिया गया था, लेकिन सड़क बनाते समय लोनिवि ने कनेक्शन को हटा दिया, जिससे उनके घर पानी नहीं आ रहा है। शिकायत के बाद दोनों विभाग एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। लोनिवि का कहना है कि कनेक्शन देना पेयजल निगम का काम है, जबकि पेयजल निगम का कहना है कि विभाग रोड कटिंग की अनुमति नहीं दे रहा है। जिससे यह समस्या आ रही है।

## बदलेगा साढ़े पांच हजार वर्ष पुराने सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का स्वरूप, शुरू हुआ जीर्णोद्धार का काम



**हरिद्वार, एजेंसी।**
जगद्गुरु स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज आश्रम कनखल में मंदिर का जीर्णोद्धार शुरू हुआ। ट्रस्ट से जुड़े सदस्यों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर महादेव से पुनरुद्धार की अनुमति मांगी।

जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज ने बृहस्पतिवार को छेनी हथौड़ी शिल्पकारों को सौंपकर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार शुरू कराया। इस दौरान ट्रस्ट से जुड़े सदस्यों ने पूरे विधि-विधान के साथ महादेव की पूजा-अर्चना की। जीर्णोद्धार के लिए आयोजित कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इसमें देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालु शामिल हुए।

कनखल स्थित जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम में स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर करीब साढ़े पांच हजार वर्ष पुराना है। इस मंदिर के गर्भगृह से लेकर समूचे चबूतरे का विस्तार किया जाना है। यहां दो द्वार बनेंगे, इसमें एक प्रवेश के लिए और एक निकास के लिए होगा। राजस्थानी शैली में बनने वाले इस मंदिर में लाल पत्थर का इस्तेमाल किया जाएगा।

श्रीजगद्गुरु न्यास के महामंत्री रविंद्र भदौरिया ने बताया कि स्वयं सिद्ध सिद्धेश्वर महादेव की आयु जर्मनी के वैज्ञानिकों ने साढ़े पांच हजार वर्ष पूर्व का प्रमाणित किया है। भगवान शिव सृष्टि के अधिष्ठाता अधिपति हैं। उनके मंदिर के जीर्णोद्धार की आवश्यकता पड़ी, जिसे सभी ने सहमति देकर शुरू कराया है। इस संकल्प में मुख्य यजमान विजय कुमार और उनके सुपुत्र अमित कुमार शामिल हुए।

## पहाड़ के बंद रूटों पर जल्द दौड़ेंगी रोडवेज बसें, 130 बसों की खरीद को मंजूरी

**हल्द्वानी, एजेंसी।** पहाड़ के रूटों पर बंद हुई बस सेवा की अब जल्द शुरू होने की उम्मीद जग गई है। परिवहन निगम के निदेशक मंडल ने पहाड़ी रूटों पर चलने के लिए 130 नई बसों को खरीदने की मंजूरी दे दी है। जल्द ही बसों के ऑर्डर भी निगम की ओर से दिए जाने की तैयारी हो गई है। वहीं दिल्ली एनसीआर के लिए करीब 175 नई बसों को खरीदने की प्रक्रिया भी शुरू किए जाने पर सहमति दी गई है।

पहाड़ में रोडवेज के डिपो तो हैं, लेकिन सेवा सीमित है। इस कारण पहाड़ी जिलों में कमाई के मामले में भी रोडवेज काफी पीछे है। वहीं हल्द्वानी से पहाड़ को चलने वाली 15 से अधिक सेवाएं बंद हो चुकी हैं। बस सेवाओं का बंद होने का कारण उत्तराखंड परिवहन निगम के अधिकारी बसों की कमी बताते हैं। बीते तीन सालों से बसों की खरीद को लेकर लगातार मांग होती रही है लेकिन निगम इस मामले में खामोश रहा। वहीं बीते सात फरवरी को अमर उजाला ने पहाड़ में बसों की कमी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। जिसका निगम के कर्मचारी संगठनों ने भी पूरा समर्थन किया था। वहीं अब बृहस्पतिवार को उत्तराखंड परिवहन निगम के निदेशक मंडल की बैठक में लंबे समय से अटकी पहाड़ की 130 बसों को खरीदे जाने की मंजूरी दे दी गई है।

इसके साथ ही पहाड़ से दिल्ली एनसीआर के लिए 100 डीजलयुक्त बीएस 6 और मैदानी जगहों से दिल्ली जाने के लिए 75 सीएनजी बसें खरीदने और 100 सीएनजी बसें अनुबंध के आधार पर लगाए जाने का फैसला लिया गया है। पहाड़ के लिए बसों की खरीद जल्द शुरू हो जाएगी। इसके बाद हल्द्वानी, देहरादून, रामनगर, ऋषिकेश से पहाड़ के दूरस्थ क्षेत्रों के लिए बंद हुई बस सेवा भी शुरू हो जाएगी। वहीं पहाड़ के प्रमुख कस्बों के साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों से भी दिल्ली तक सीधी बस सेवा होने से लोगों फायदा मिलेगा।

परिवहन निगम के निदेशक मंडल की बैठक में नियमित कर्मचारियों के एरियर पर भी फैसला लिया गया। इसमें नियमित कार्मिकों को सातवें वेतनमान का एक जनवरी 2017 से 30 सितंबर 2017 तक की अवधि के एरियर का भुगतान दो किस्तों में जून और नवंबर महीने में किया जाएगा। साथ ही कार्मिकों और पेंशनधारकों को जुलाई 2023 से महंगाई भत्ते में चार फीसदी की बढ़ोतरी करने और लागू करने के लिए शासन से अनुमति लिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं एक जनवरी 2020 से 30 जून 2021 तक के समय में उत्तराखंड परिवहन निगम से सेवानिवृत्त हुए कार्मिकों को ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण के मद में महंगाई भत्ते की अंतर राशी का भुगतान किए जाने का भी फैसला लिया गया है। जबकि पदोन्नति के लिए सेवा में शिथिलीकरण नियमावली 2023 को लिए जाने का निर्णय निदेशक मंडल ने लिया है। देहरादून सचिवालय में हुई बैठक में उत्तराखंड परिवहन निगम बोर्ड की अध्यक्ष एल फैनई, परिवहन सचिव अरविंद ह्यांकी, अपर सचिव वित्त डॉ. इकबाल अहमद, अपर सचिव सार्वजनिक उद्यम एवं औद्योगिक विकास विभाग उमेश नारायण पांडेय, उप सचिव पर्यटन मुकेश राय, अपर निदेशक नियोजन विभाग राजेश सिंह लोधी, संयुक्त सचिव श्याम सिंह, निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. आनंद श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कृषि विभाग में सहायक लेखाकार के पद पर चयनित 67 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र किये वितरित

**देहरादून, एजेंसी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में लोक सेवा आयोग के माध्यम से कृषि विभाग के अंतर्गत सहायक लेखाकार के पद पर चयनित 67 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि अब वे उत्तराखंड शासन, प्रशासन का हिस्सा बनने जा रहे हैं। सभी सच्ची लगन और मेहनत से अपने कार्य को निपुणता से करेंगे, इसकी



उन्होंने अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध हों, हमारा यह प्रयास धीरे-धीरे धरातल पर उतरने लगा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में अधिक से अधिक युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार के और अधिक अवसर मिल पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि आपको एक ऐसे प्रदेश में सेवा का अवसर ईश्वर ने प्रदान किया है, जिसमें आपकी एवं राज्य की प्रगति की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य करें, उसे पूर्ण ईमानदारी और लगन से करें तथा पूरी कोशिश करें कि जो काम आज होना है, उसे आज ही सम्पन्न करें और उत्तराखंड को श्रेष्ठ व नम्बर-एक राज्य बनाने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हजारों युवाओं में से आपको यह अवसर विशिष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया है। आप अनुशासित होकर ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई कार्यसंस्कृति विकसित हुई है। हमारी सरकार प्रदेश के हर वर्ग के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध होकर निरंतर कार्य कर रही है और करती रहेगी। उन्होंने अपेक्षा की कि आप सभी उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के हमारे ह्यविकल्प रहित संकल्पह्न की सिद्धि में भी इसी प्रकार अपना सहयोग देते रहेंगे। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने भी नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी युवाओं को बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

## इस बार दर्शन के लिए वीवीआईपी को करना होगा इंतजार

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
बदरीनाथ और केदारनाथ में इस बार वीवीआईपी को दर्शन करने के लिए इंतजार करना होगा। इसके लिए बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति की ओर से वीवीआईपी के दर्शन के लिए दिनभर में तीन स्लाट बनाए जाएंगे।

चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने नगर निगम सभागार में विभागीय अधिकारियों संग बैठक कर 30 अप्रैल से पहले तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा, इस बार में चारधाम यात्रा में सीएचसी और पीएचसी के डॉक्टरों की ड्यूटी नहीं लगेगी। यात्रा के लिए अलग से डॉक्टरों की ड्यूटी लगानी होगी, चाहे इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को कुमाऊं से डॉक्टर बुलाने पड़े। कहा, चारधाम यात्रा में डॉक्टरों की ड्यूटी लगाने से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्थिति बिगड़ जाती है।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को निर्देश दिए कि इस बार चारधाम यात्रा के लिए डॉक्टरों की ड्यूटी का अलग से 15 मार्च तक रोस्टर बनाया जाए। उसकी सूची आयुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। डॉक्टरों की कमी को पूरी करने के लिए कुमाऊं से डॉक्टर मंगाए जाएं। डीएम को उन्होंने निर्देश दिए कि यमुनोत्री और केदारनाथ मार्ग पर गरम पानी की व्यवस्था और 24 घंटे शौचालयों की सफाई करने के निर्देश दिए।

बदरीनाथ और केदारनाथ में इस बार वीवीआईपी को दर्शन करने के लिए इंतजार करना होगा। इसके लिए बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति की ओर से वीवीआईपी के दर्शन के लिए दिनभर में तीन स्लाट बनाए जाएंगे। दर्शन के लिए उन्हें मंदिर समिति के अतिथि गृह में इंतजार करना होगा।

हेली सेवा का उपयोग करने वाले बुजुर्ग यात्रियों को इस बार स्थानीय प्रशासन की ओर से केदारनाथ में हेलीपैड से लेकर मंदिर तक गोल्फ कार और थार वाहन स6

` मंदिर तक पहुंचाया जाएगा। डीएम ने बताया वाहनों की खरीददारी की जा रही है।

डीएम टिहरी मयूर दीक्षित ने कहा, चारधाम यात्रा के दौरान स्लाइडिंग जोन में लगातार बड़े-बड़े बोल्डर और मलबा गिरने से राष्ट्रीय राजमार्ग खंड की ओर से मुहैया कराए गए जेसीबी और पोकलेन मशीनों से मलबा साफ नहीं हो पाता। ऐसे में हाईवे से बोल्डर साफ करने को प्रशासन को रेल विकास निगम और एलएंडटी कंपनी के अधिकारियों से बात कर उनसे मलबा साफ करने के लिए बड़ी मशीनें मांगनी पड़ती है। इसके लिए एनएच डिवीजन की ओर से मलबा साफ करने के बड़े वाहन उपलब्ध कराने चाहिए।

डीएम रुद्रप्रयाग डॉ. सौरभ गहरवार ने कहा, केदारनाथ यात्रा पर जाने वाले वाहनों के लिए सीतापुर में 700 वाहनों की पार्किंग बढ़ाई जा रही है। सोनप्रयाग में शटल सेवा पार्किंग इंटरलॉक टाइल्स से बनेगी। शटल सेवा के लिए प्रति यात्री 50 रुपये तय हैं। स्थानीय लोगों के घोड़े गौरीकुंड तक जाएंगे। बाकी घोड़े पीछे रोके जाएंगे। बीआरओ के अधिकारी विजय सैलीवन ने कहा, सीमा सड़क संगठन की ओर से धरासू बैंड और जोशीमठ में बोतलनेक पर काम किया जाएगा।

सोनप्रयाग से गौरीकुंड तक शटल सेवा चलाने के लिए परिवहन विभाग को 18 पीआरडी जवान मिलेंगे। यह पीआरडी जवान तीन शिफ्टों में काम करेंगे। एक शिफ्ट में तीन जवान सोनप्रयाग और तीन गौरीकुंड की ओर तैनात रहेंगे। परिवहन विभाग अबकी सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच बाइकों का भी संचालन करेगा, जिससे जाम की स्थिति से बचा जा सकेगा।

आरटीओ (प्रशासन) सुनील शर्मा ने बताया, चारधाम यात्रा में 1707 बसें उपलब्ध हैं, जो 800 बसें लोकल रूटों पर चलती हैं उनको मिलाकर 2507 बसें चारधाम यात्रा में



संचालित होंगी।

कहा, वाहन चालकों की नियमित चेकिंग के लिए एक डॉक्टर उपलब्ध कराया जाए। जब भीड़ बढ़ जाती है, तब यात्री बसों को न रोका जाए। यात्री बसों को रोकने से यात्रियों का शेड्यूल बिगड़ जाता है। केवल प्राइवेट वाहनों को रोका जाए। परिवहन विभाग की ओर से पिछले साल की तरह इस बार भी चार चेक पोस्ट भद्रकाली, ब्रह्मपुरी, कुठाल गेट, डामटा में बनाए जाएंगे।

कहा, डामटा की चेक पोस्ट का स्थान बदला जा रहा है। गढ़वाल आयुक्त ने पौड़ी, टिहरी, चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग के पुलिस कप्तानों को निर्देश दिए कि वह एक सप्ताह के अंदर दुर्घटना स्थलों को चिह्नित कर रिपोर्ट बनाकर अपने जिलाधिकारियों के सुपुर्द करें। साथ ही जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ मिलकर वहां पर साइनबोर्ड लगाए जाएं। गढ़वाल आयुक्त ने चारधाम यात्रा मार्ग में शराब का प्रचलन रोकने के निर्देश जिले के पुलिस कप्तानों को दिए। कहा, वह आबकारी अधिकारियों के साथ मिलकर अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें। कहा, इस बार हेमकुंड साहिब में स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर बैठेंगे। अभी तक हेमकुंड साहिब जाने के लिए गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक कहीं डॉक्टर नहीं बैठते थे।

# भाजपा इतने सदमे में है कि अब उसे कोर्ट में ईडी के समन पर चल रही सुनवाई की तारीख का भी इंतजार नहीं है- गोपाल राय

## 400 पार का जुमला फेंकने वाली भाजपा आप और कांग्रेस के गठबंधन से डरी- गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव में गठबंधन होता देख भाजपा घबरा गई है। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि 400 पार सीटें लाने का जुमला फेंकने वाली भाजपा दिल्ली समेत कई राज्यों में कांग्रेस के साथ गठबंधन होने से डर गई है। भाजपा इतने सदमे में आ गई है कि अब उसे कोर्ट में ईडी के समन को लेकर चल रही सुनवाई की तारीख का भी इंतजार नहीं है। ईडी का गैरकानूनी समन फेल होता देख भाजपा अब सीबीआई के जरिए सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को लग रहा था कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होगा, लेकिन जैसे ही समझौते की खबर आई, उसकी बेचैनी बढ़ गई है। पूरा देश जानता है कि भाजपा केवल राजनीतिक कारणों से हमारे शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार कर आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है। लेकिन हम भाजपा के इन षड़यंत्रों से न डरे हैं और न डरेंगे।

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की खबरों ने भाजपा में नया डर पैदा कर दिया है। इसलिए भाजपा अब अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए एक नया षडयंत्र रच रही है। ईडी लगातार सीएम अरविंद केजरीवाल को समन भेज रही है, लेकिन ईडी के समन का मामला कोर्ट में है। इसलिए बीजेपी अब सीबीआई के जरिए दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने का षडयंत्र रच रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा काफी समय से सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश कर रही है, लेकिन जैसे ही गुरुवार को आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच दिल्ली के साथ अन्य राज्यों में समझौते को लेकर खबर आई है, भाजपा के अंदर बैचेनी बढ़ गई है। भाजपा को पहले लग रहा था कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होगा और इंडिया गठबंधन का बिखराव की तरफ जा रहा है। लेकिन देश के सामने 400 पार का जुमला बोलने वाली भाजपा गठबंधन की खबर से ही इतने सदमे में आ गई है कि अब उसे कोर्ट में ईडी के समन पर चल रही सुनवाई की तारीख का भी इंतजार नहीं हो रहा है।

आप दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि खबर आ रही है कि षडयंत्र के तहत भाजपा की सीबीआई सीआरपीसी के 41ए के तहत नोटिस तैयार कर रही है। सीबीआई अरविंद केजरीवाल को एक-दो दिन में नोटिस जारी करेगी और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर किया जाएगा। फिर ईडी ने जैसे मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया था, सीएम केजरीवाल को भी गिरफ्तार कर लेगी। सीबीआई ने मनीष सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाया था और रात में उनकी गिरफ्तारी की घोषणा कर दी। मनीष सिसोदिया जेल में थे और ईडी ने उन्हें जेल में ही गिरफ्तार कर लिया। अब भाजपा ने ईडी के गैरकानूनी समनों को असफल होते देख नया कुचक्र रचना शुरू किया है। मैं देश के लोगों को कहना चाहता हूं कि मनीष सिसोदिया को जेल में करीब एक साल होने जा रहा है। पिछले दो साल में तथाकथित शराब घोटाले में ये लोग हजारों जगह छापे मार चुके हैं। सभी लोगों के घरों को खंगाला जा चुका है, लेकिन आज तक ये एक चवन्नी भी बरामद नहीं कर पाए हैं। भाजपा केवल राजनैतिक कारणों के चलते आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए हमारे शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने कहा कि एक तरफ तो भाजपा का 400 पार का जुमला है, लेकिन हकीकत यह है कि भाजपा को डर सता रहा है। भाजपा का यह डर हर जगह दिखाई दे रहा है। किसान आंदोलन से भी भाजपा का डर दिख रहा है। भाजपा ने किसान आंदोलन की डर से लंबी-चौड़ी फौज लगा रखी है, जिसमें एक किसान भी शहीद हो गया। वहीं, दूसरी तरफ, किसान आंदोलन का समर्थन कर रहे अस्पताल में भर्ती पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के घर पर सीबीआई के छापे पड़ गए। जब दिल्ली समेत अन्य राज्यों में इंडिया गठबंधन फाइनल स्थिति की तरफ बढ़ रहा है तो घबराई बीजेपी ने नया षडयंत्र रचना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरी जिम्मेदारी से यह कहना चाहती है कि हम लोग भाजपा के षडयंत्रों और धमकियों से न कल डरे थे, न आज डर रहे हैं और न आने वाले दिनों में डरेंगे। जिस तरह से देश में लोकतंत्र को तार-तार किया जा रहा है और उसकी धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा ने बेईमानी से चुनाव जीतने का महा रिकॉर्ड बनाया है। जिस तरह से भारत के संविधान को नेस्तानाबुत करने की कोशिश हो रही है। ऐसे में देश को बचाने के लिए आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी और जीतेगी। इस मिशन को हम आगे बढ़ाते रहेंगे। भाजपा के इन षड़यंत्रों से हम न डरे हैं और न डरेंगे।

# उच्च न्यायालय ने महरौली की अखूंदजी मस्जिद में शब-ए-बारात पर नमाज की अनुमति देने से इनकार किया

- याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि जिन लोगों के परिवारों को पास के कब्रिस्तान में दफनाया गया है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली उच्च न्यायालय ने शहर के महरौली इलाके में हाल ही में ध्वस्त की गई अखूंदजी मस्जिद और पास के कब्रिस्तान में शब-ए-बारात के अवसर पर नमाज की अनुमति देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया।

शब-ए-बारात के मौके पर मुसलमान अपने और अपने पूर्वजों के पापों के लिए अल्लाह से माफी मांगते हैं। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की प्रबंधन समिति के एक आवेदन पर सुनवाई करते हुए कहा कि अदालत ने उस स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है जो अब दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के कब्जे में है।

यह आवेदन विध्वंस के मुद्दे पर समिति की ओर से दायर याचिका का हिस्सा है। न्यायमूर्ति कौरव ने कहा कि मुख्य याचिका, जिस पर अदालत ने कई मौकों पर सुनवाई की थी, पहले से ही सात मार्च को निपटारे के लिए सूचीबद्ध है।

अदालत ने आदेश दिया, इस स्तर पर अदालत कोई निर्देश पारित करने के प्रति इच्छुक नहीं है। आवेदन खारिज किया जाता है।

करीब 600 साल पुरानी मानी जाने वाली अखूंदजी मस्जिद और साथ ही वहां के बेहरुल उलूम मदरसे को संजय वन में अवैध निर्माण घोषित किया गया था और डीडीए ने 30 जनवरी को इसे ध्वस्त करा दिया था।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि जिन लोगों के परिवारों को पास के कब्रिस्तान में दफनाया गया है, उन्हें इस महीने के अंत में शब-ए-बारात के अवसर पर वहां दुआ करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मस्जिद सदियों पुरानी थी और पिछले कई वर्षों से वहां नमाज अदा की जा रही थी। वकील ने अदालत को बताया कि वहां एक कब्रिस्तान भी था जिसका इस्तेमाल स्थानीय लोग करते थे।

उच्च न्यायालय ने पांच फरवरी को डीडीए से उस स्थान पर यथास्थिति बनाए रखने को कहा था, जहां कभी मस्जिद थी।

## मनोनीत निगम पार्षद मनोज जैन को दी जन्म दिवस की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। तरुण मित्र परिषद के अध्यक्ष और मनोनीत निगम पार्षद मनोज कुमार जैन को जन्म दिवस की हार्दिक शुभ कामनाएँ प्रेषित की गईं। परिषद के महासचिव अशोक जैन व सहसचिव आलोक जैन ने दरियागंज स्थित उनके कार्यालय मे पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उनके 56वें वर्ष मे प्रवेश करने पर स्वस्थ व दीर्घ जीवन की कामना की और आशा की कि वे अपने व्यापार मे एक सफल व्यवसाई व राजनैतिक व सामाजिक जीवन मे उच्च शिखर तक पहुंचकर समाजसेवा के क्षेत्र मे बढ़चढ़ कर कार्य करते रहें। परिषद के उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन, कमल कुमार मेहरोत्रा, संगठन सचिव राकेश जैन, अनिल जैन, पी.के. जैन, निर्मल मेहरोत्रा, सहित सभी पदाधिकारियों ने अपने संदेश के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर अनेकों राजनेताओं, व्यापारिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गईं। मनोज कुमार जैन ने सभी का शुभ कामनाएँ प्रेषित करने हेतु आभार व्यक्त किया।

# लग्जरी कार चालक ने स्कूटी सवार बुजुर्ग को रौंदा, मौत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

द्वारका सेक्टर-13 इलाके में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार लग्जरी कार चालक ने दोपहर करीब 1:10 बजे नातिन को स्कूल से लेकर घर लौट रहे स्कूटी सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 69 वर्षीय अरुण कुमार परिवार के साथ ककरौला हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, द्वारका मोड़ इलाके में रहते थे। अरुण एसबीआई बैंक से प्रबंधक की पोस्ट से सेवानिवृत्त थे। वह बुधवार को अपनी नातिन श्रीद्धा गोस्वामी को स्कूल से लेकर स्कूटी से घर लौट रहे थे। परिजनों का आरोप है कि इसी दौरान द्वारका सेक्टर-13 स्थित सीएनजी पंप के पास तेज रफ्तार लग्जरी कार चालक ने अरुण की स्कूटी में टक्कर मार दी। अरुण और श्रीद्धा स्कूटी सहित उछलकर दूर जा गिरे और आरोपी चालक फरार हो गया। एक शख्स ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। द्वारका नॉर्थ थाना पुलिस ने राहगीरों के बयान पर केस दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी।अरुण कुमार के दामाद प्रशांत कुमार का आरोप है कि कार ने जब उन्हें टक्कर मारी तो उनकी स्कूटी रगड़ती हुई फुटपाथ से जा टकराई। इसके चलते उनका सिर बुरी तरह से फट गया और शरीर की 9 हड्डियां टूट गई थी। बच्ची श्रीद्धा को चेहरे सहित कई जगह गंभीर चोट लगी है। उसके चेहरे पर आंख के नीचे की हड्डी टूटी हुई है। वह अभी भी अस्पताल में है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बच्ची श्रीद्धा परिवार के साथ द्वारका सेक्टर-12 में रहती है। उसके माता-पिता निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। पिता प्रशांत ने बताया कि बच्ची का नाना के साथ ज्यादा लगाव था। नाना के घर पर ही उसका ट्यूशन लगा हुआ था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें तेज रफ्तार लग्जरी कार निकलती हुई दिखाई दे रही है। गाड़ी से पहले ही स्कूटी पर अरुण कुमार निकलते हुए दिखाई देते हैं।

# उपराज्यपाल ने बजट सत्र में सीएजी रिपोर्ट पेश करने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने अगस्त 2023 से वित्त मंत्री आतिशी के पास लंबित भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की पांच रिपोर्ट के संबंध में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है।

सक्सेना ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे वित्त मंत्री को राज्य के वित्तीय लेखे-जोखे से संबंधित महत्वपूर्ण रिपोर्ट को शीघ्रता से निपटाने की सलाह दें ताकि उन्हें दिल्ली विधानसभा के जारी बजट सत्र में पेश किया जा सके। उपराज्यपाल ने पत्र में लिखा कि सीएजी रिपोर्ट सरकार के प्रदर्शन का संवैधानिक रूप से अनिवार्य स्वतंत्र और निष्पक्ष मूल्यांकन है तथा कई मायनों में यह सरकार के वित्तीय प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए एक मार्गदर्शन दस्तावेज है।

उन्होंने कहा, मौजूदा सरकार का यह दायित्व है कि वह सदन के माध्यम से अपने प्रदर्शन का वस्तुनिष्ठ विवरण लोगों के साथ साझा करे, जिससे राजस्व और खर्च का लेखा-जोखा पता चलता है।

पत्र में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) अधिनियम, 1991 की धारा 48 और संविधान के अनुच्छेद 151 का हवाला दिया गया। इस अधिनियम में रिपोर्ट को उपराज्यपाल के माध्यम से विधानसभा के समक्ष पेश करने का प्रावधान है।

पत्र में कहा गया है कि चूंकि विधानसभा का बजट सत्र जारी है, इसलिए मुख्यमंत्री वित्त मंत्री को इन महत्वपूर्ण रिपोर्ट को शीघ्रता से निपटाने करने की सलाह दें ताकि इसे सदन के समक्ष रखा जा सके।

# केवाईएस ने जंतर मंतर पर पुलिस द्वारा 24 वर्षीय किसान की हत्या के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) ने आज पंजाब-हरियाणा सीमा पर पुलिस द्वारा 24 वर्षीय किसान की हत्या के खिलाफ जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। यह हत्या केंद्र सरकार द्वारा किसान आंदोलन पर जारी क्रूर दमन के बीच हुई। प्रदर्शनकारियों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। बेरहमी से की गई मारपीट के कारण एक महिला बुरी तरह घायल हो बेहोश हो गई। महिला को इलाज से वंचित कर बस में भर ले जाया गया। केवाईएस किसान आंदोलन पर की जा रही हिंसक कार्रवाई की कड़ी निंदा करता है और किसान शुभ करन सिंह की मौत पर शोक व्यक्त करता है, जिन्होंने चोटों के कारण पटियाला के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। शुभकरन सिंह की हत्या ने केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे किसान आंदोलन के वीभत्स दमन को सामने लाकर रख दिया है। अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्वक तरीके से दिल्ली की ओर मार्च कर रहे किसानों को रोकने के लिए पुलिस द्वारा रबर की गोलियां और आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया गया। यह घटना पुलिस हिंसा की प्रकृति को भी उजागर करती है क्योंकि रिपोर्टों से पता चलता है कि मृतक किसान की मौत सर में गोली लगने से हुई थी। प्रदर्शनकारी किसानों पर पुलिस द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी का निंदनीय कृत्य नागरिकों की जरूरी मांगों के प्रति सरकार की उदासीनता और किसी भी प्रकार चिंता की कमी को दर्शाता है। इस प्रकार, सरकार किसानों के आंदोलन को डराने और उन्हें अपनी बुनियादी मांगों के लिए शांतिपूर्वक विरोध करने से रोकने के लिए खुलेआम आतंकी रणनीति का सहारा ले रही है। किसानों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तथाकथित तौर पर खुदको किसानों की हितैषी बताने वाली केंद्र सरकार की पूरी तरह से तानाशाही प्रकृति को भी उजागर करती है। यह वही सरकार है जिसने किसानों को उनकी वास्तविक मांगों के लिए दिल्ली में शांतिपूर्वक विरोध करने के उनके मौलिक अधिकार से लगातार वंचित किया है। इसके बजाय, कथित तौर पर उनके मुद्दों पर उनके साथ बैठकें करने की आड़ में, केन्द्र सरकार ने उनके खिलाफ पुलिस द्वारा हमला करवाना जारी रखा है।

## भारत के विश्व गुरु बनने का आगाज है सनातन संस्कृति का बढ़ता प्रभाव



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

श्री निवास सेवार्थ न्यास एवं द्वारा श्री निवास संस्कृत विद्यापीठम द्वारा बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के इब्राहिम पुर में संचालित श्री निवास संस्कृत वैदिक पाठशाला (गुरुकुल) में 20 फरवरी से चल रहे चार दिवसीय सप्तम ब्रह्मोत्सवह्व (स्थापना दिवस) में प्रसिद्ध भजन सम्राट अजय याग्निक जी द्वारा संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ के जरिए सनातन की ज्योति जगाने के बाद आचार्य श्री कृष्ण गोपाल सुवेदी द्वारा प्रवचन के जरिए सनातन संस्कृति के जनजागरण की मुहिम को और गति दी गई। ब्रह्मोत्सव में भारी तादाद में उपस्थित धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं पर ज्ञान गंगा की अमृत वर्षा करते हुए गुरुकुल के संचालक डॉ स्वामी जनार्दनाचार्य जी ने बताया कि वर्तमान के बदलते परिवेश में संपूर्ण विश्व में तेजी के साथ सनातन संस्कृति का बढ़ता प्रभाव। भारत के विश्व गुरु बनने का स्पष्ट आगाज है। लेकिन यह स्मरण रहे कि ऐसे परिवर्तनकारी काल खण्ड में हम सब की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम अपनी संस्कृति का सम्मान न घटने दें और उसकी रक्षा के लिए सदैव सजग रहें। महोत्सव में इस अवसर पर आचार्य राम मिलन शुक्ल, आचार्य विष्णु शर्मा, आचार्य श्याम गुरु, बुराड़ी मण्डल उपाध्यक्ष मनोज गौड, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, बुराड़ी जागर्ति ब्राह्मण संघ के अध्यक्ष जीतराम शर्मा, दीपक गौड़, आर के शुक्ला, पारुल त्यागी, देवी शर्मा, पूजा तोमर, संतोष तिवारी, रमेश कौशिक, वैद्य वीरेन्द्र साह व ब्राह्मण नेता महेंद्र कौशिक सहित काफी संख्या में गुरुकुल के विद्यार्थी व धर्म प्रेमी श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

# महिलाओं को किया स्वच्छता अभियान में जागरूकता किट का वितरण : पंकज शर्मा

नई दिल्ली। चौ. जिले सिंह ट्रस्ट एवं युगधारा विजय पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता अभियान में जागरूकता एवं सफाई किट का वितरण किया गया जिस में 4 पैकेट सर्फ 3 विम साबुन 2 डिटॉल साबुन, 2 हैंड वाश साबुन, एक पोछा तथा एक झाड़ू का वितरण लगभग 700 महिलाओं को किया गया इस कार्यक्रम में सहयोगी संस्था श्री हरी कौशल सांवरिया सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट तथा मास्टर टेक्सटाइल का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति रही चंदर प्रकाश शर्मा निगम पार्षद, रितेश सूजी निगम पार्षद, कवि डॉ. प्रवीण शुक्ल, पंकज शर्मा, सुशील पांचाल सुरेंद्र पाल वर्मा पी.के. आजाद वरिष्ठ कवि, परम शक्ति शक्ति संस्थान के सचिव वाई.के. शर्मा एडवोकेट, कवि सुरेश पाल जसाला, एडवोकेट राजेश्वर सिंह, सहकारी बैंक के डायरेक्टर विनय शर्मा, मंडोली रोड मार्किट से मुकेश पांचाल अर्चना सिंह संपादिका, युगधारा विजय पत्रिका, राजेश कुमार आर्टिस्ट एवं अध्यक्ष चौ. जिले सिंह सेवा ट्रस्ट। यह आयोजन अपने आप में एक अनूठा कार्यक्रम था जिस में महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया और सफाई करने का सामान भी वितरित किया गया राजेश कुमार ने सभी का स्वागत किया और आई हुई सभी महिलाओं को घर को कैसे स्वच्छ रखा जाए अपने नगर को केसे साफ सुथरा रखे इस के बारे में जानकारी दी और अर्चना सिंह ने भी महिलाओं को जागरूक बनने के लिए प्रोत्साहित किया पंकज शर्मा ने सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद किया मंच संचालन सुशील पांचाल व वाई. के शर्मा ने किया वही डॉ प्रवीण शुक्ल व पी के आजाद ने अपनी कविता के माध्यम से स्वच्छता के प्रति महिलाओं को जागरूक किया पंकज शर्मा ने स्वाभिमानी एवं स्वावलम्बी महिलाओं के द्वारा बना हुआ जैविक गुलाल और स्वच्छता किट का वितरण भी किया गया। इस गुलाल बनाने की प्रेरणा विधायक जीतेन्द्र महाजन जी ने महिलाओ को दी।संगीता चौधरी जिला मंत्री, ने महिला शक्ति को सबल बनने के लिए अपने विचार व्यक्त किए।

# डीयू कुलपति ने किया पुस्तकालय के क्षैतिज विस्तार का शुभारंभ



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के क्षैतिज विस्तार के कार्य का शुभारंभ शुक्रवार को नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर कुलपति ने बताया कि 110 करोड़ की अनुमानित लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट के पहले चरण की शुरूआत आज की गई है। पहले चरण के कार्य की अनुमानित लागत 52 करोड़ है। कुलपति ने बताया कि इस इमारत का निर्माण लगभग 15 महीने में पूर्ण हो जाएगा। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि प्रस्तावित पहले चरण के तहत उत्तरी परिसर में स्थित सेंट्रल रेफरल लाइब्रेरी के मौजूदा पुस्तकालय भवन का विस्तार किया जाएगा। इसके तहत एक ब्लॉक का निर्माण होगा जिसमें बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर के अलावा तीन मंजिलें होंगी। इस भवन का कुल निर्मित क्षेत्रफल 18541.61 वर्ग मीटर होगा। उन्होंने बताया कि इस इमारत की कुल ऊंचाई 14.85 मीटर होगी। भवन में एसी प्लांट रूम, पंप रूम, पानी के टैंक, प्रवेश लॉबी, सेमिनार हॉल, ई-लर्निंग स्पेस, बैठने का हॉल, अग्नि नियंत्रण कक्ष, यू.एल., डी.आई., ए.एल. और पी.ए. कक्ष और बैठने के हॉल सहित अनेकों आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. प्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता, लाइब्रेरियन डॉ. राजेश सिंह, चीफ इंजीनियर अनुपम श्रीवास्तव आदि सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति रहे।

# भाजपा केजरीवाल को गिरफ़्तार करा ले, तो भी कांग्रेस के साथ होगा गठबंधन : आम आदमी पार्टी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भले ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करा ले लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन होकर रहेगा।

आप के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. संदीप पाठक, वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि भले ही भाजपा श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करा ले लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन होकर रहेगा। श्री पाठक ने कहा कि भाजपा को शुरू से ही यह विश्वास था कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होने वाला है और ये लोग इस बात से बहुत खुश थे कि इनका गठबंधन नहीं होने जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में गठबंधन को लेकर चर्चा बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ी है और लगभग गठबंधन अपने अंतिम प्रारूप में पहुंच गई है। यह सुनते ही भाजपा को सदमा लग गया है, उनकी सारी खुशियां काफूर हो गई है। पिछले दो साल से श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने तैयारी चल रही थी। इस नई राजनीतिक परिस्थिति में अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के माध्यम से श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने की योजना बना रहे हैं।

श्री पाठक ने कहा कि ये लोग जिस दिन श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करेंगे, पूरे देश में सुनामी आ जाएंगी। सारे अच्छे लोग सड़क पर आ जाएंगे और इनके सारे राजनीतिक आंकलन उल्टे पड़ने वाले हैं। जब हम आज तक नहीं डरे तो आगे भी डरने वाले नहीं हैं। हम देश के लिए गठबंधन में जा रहे हैं। हम गठबंधन में अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं जा रहे हैं।

इस दौरान श्री भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच यह सहमति बन गई है कि कौन सी पार्टी किस राज्य में कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, हालांकि इसकी उम्मीद मीडिया नहीं लगा रहा था। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने एक साक्षात्कार में कह चुके थे कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने यह बातें दावे के साथ कही थी।उन्होंने कहा कि अब प्रश्न उठ रहा है कि ऐसा क्या हुआ है, जो केंद्र सरकार के अंदर इतनी जल्दबाजी दिखाई जा रही है कि अब प्रवर्तन निदेशालय ईडी को छोड़ो। ईडी का मामला तो कोर्ट में फंस गया है इसलिए अब सीबीआई से श्री केजरीवाल को गिरफ़्तार करने की कोशिश की जा रही है।

सुश्री आतिशी ने कहा, हम देख रहे हैं कि पिछले 2-3 महीने से एक-एक कर अरविंद केजरीवाल को सात बार ईडी का नोटिस आ चुका है। भाजपा शासित केंद्र सरकार को अब यह समझ में आ गया है कि वह ईडी के जरिए श्री केजरीवाल को गिरफ़्तार नहीं कर पाएगी इसलिए सीबीआई को सामने लेकर आई है। उन्होंने कहा कि हमारे पास विश्वसनीय सूत्रों से खबर है कि शुक्रवार या सोमवार को सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत सीबीआई का नोटिस अरविंद केजरीवाल को आएगा और फिर उन्हें सीबीआई द्वारा गिरफ़्तार कर लिया जाएगा।

## जल संकट पर मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल हस्तक्षेप करें : महाजन

नई दिल्ली। रोहतास नगर विधानसभा से विधायक जितेन्द्र महाजन ने सम्पूर्ण यमुनापार तथा रोहतास नगर विधानसभा में पेयजल की कमी तथा गन्दे पानी की सप्लाई पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। विधायक जितेन्द्र महाजन के अनुसार अभी गर्मियों की शुरूआत भी नहीं हुई है, परंतु सम्पूर्ण यमुनापार में पीने का पानी नलों से नदारद हो गया है, तथा जहां पानी आ भी रहा है, वहां गन्दा पानी आ रहा है तथा उपभोक्ताओं को पीने के पानी के अनाप-शनाप बिल भेजे जा रहे हैं। परंतु दिल्ली सरकार तथा जल बोर्ड के अधिकारी हाथ पर हाथ रखकर बैठे हैं। भुगतान न होने पर ठेकेदारों ने भी हड़ताल कर रखी है और वहीं दूसरी ओर दिल्ली जल बोर्ड में कर्मचारियों तथा मशीनों की छंटनी भी शुरू कर दी गयी हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से दिल्ली जल बोर्ड में कर्मचारियों की भर्ती नहीं की जा रही है। वहीं दूसरी ओर अनुबंध पर काम कर रहे सभी कर्मचारियों का अनुबंध खत्म कर दिया गया है तथा टैंकरों और मशीनों में भी कमी कर दी गयी है। जिससे यमुनापार तथा रोहतास नगर में स्वच्छ पेयजल के लिए हाहाकार मच गया है।

## नाम बदलाव

मैं बिनीता झा पत्नी श्री सुमन झा, पता-57/8, औंकार नगर बी, त्री-नगर में रहती हूँ। मेरा नाम गलती से विनीता झा लिखा गया है जबकि मेरा सही नाम बिनीता झा (BINITA JHA) है। अब से मुझे इसी नाम से जाना जाएगा।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 16233634B | टेपरड रोलर बेअरिंग | 153 सेट | 14.03.2024 |
| 02 | 09242218 | ब्रेक सिलिंडर | 344 नग | 18.03.2024 |
| 03 | 20240076 | ब्रेक शू कम्पलीट (स्टेप साइज) | 3185 नग | 18.03.2024 |
| 04 | 15245004 | यूनिवर्सल टेस्ट बेंच | 01 सेट | 19.03.2024 |
| 05 | 07230309A | ब्रेक सिलिंडर विथ हैंड ब्रेक | 82 नग | 03.04.2024 |
| 06 | 20241419A | ए आर आर जी टी ऑफ हाई टेंसिल ट्रांजीशन सी बी कपलर | 35 सेट | 08.04.2024 |
| 07 | 15245055 | व्हील इम्पैक्ट लोड डिटेक्टर सिस्टम | 50 नग | 23.04.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. 96/2023-24 दिनांक : 23.02.2024 597/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली ई-निविदा सूचना

मुख्य इंजीनियर/टीएमसी, उत्तर रेलवे, बडौदा हाउस, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु दो पैकेट खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण और स्थान: सेवा प्रदाता की अपनी मशीनों के द्वारा (अपने स्वयं के स्पेयर, उपभोग सामग्री, स्वयं के कर्मचारियों से संचालन व रख-रखाव के साथ) उत्तर रेलवे के सभी बिजी मार्गों पर सभी प्रकार के मुख्य लाईन ट्रैक नवीनीकरण की सेवा प्रदान करना। | |
| 2 | निविदा संख्या | NRHQ-01A/TRT-OUTS-24 DUE ON 10.04.2024 |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 180 महीने (12 महीने x 15 वर्ष) |
| 4 | अनुमानित लागत | रुपये - 4582898929.96 |
| 5 | धरोहर राशि (ऑनलाईन जमा) | रुपये - 10000000.00 |
| 6 | निविदा पत्र का मुल्य | शून्य |
| 7 | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 27.02.2024 से दिनांक 10.04.2024 सायंकाल 15:00 बजे तक रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगी। निविदाकार अपनी निविदा को 27.03.2024 से 10.04.2024 समय: 14.59 बजे तक रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदा 10.04.2024 को अपराह्ण 15.00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 8 | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 27.03.2024 से दिनांक 10.04.2024 अपराह्ण 15.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

पत्र संख्या:-219/एस/1/टीएमसी/निविदा-सूचना/02/2023-24 दिनांक: 23.02.2024 601/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

पहला शुद्धि-पत्र

टेंडर नं.: 30-ELECT-49-T-2023-24-E3

कार्य का नाम:- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार रेल भवन, एनआरएम और मोती बाग में स्थापित मौजूदा डीजी सेटों में ईंधन तंत्र प्रणाली के रूपांतरण के संबंध में विद्युत कार्य।

| टेंडर नं.: 30-ELECT-49-T-2023-24-E3 | |
|---|---|
| पहले प्रकाशित | संशोधन |
| कार्य का नाम: पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार रेल भवन, एनआरएम और मोती बाग में स्थापित मौजूदा डीजी सेटों में ईंधन तंत्र प्रणाली के रूपांतरण के संबंध में विद्युत कार्य। | प्रशासनिक कारणों से रद्द किया गया |
| निविदा की अनुमानितलागत: रु. 107.54 लाख | |
| कार्यालय का पता: वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | |
| बयाना राशि: रु. 2,03,800.00 | |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय: 28.02.2024, 12:00 बजे | |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय: 28.02.2024, 12:00 बजे | |

उपर्युक्त निविदा के निविदा दस्तावेज को संशोधित किया गया है, कृपया www.ireps.gov.in पर उपलब्ध संशोधित दस्तावेजों को देखें और तदनुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करें। 590/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 24 फरवरी, 2024

# भाजपा भले ही अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर ले, लेकिन कांग्रेस के साथ गठबंधन होकर रहेगा- आप

## हमें सूचना मिली है कि सीबीआई का नोटिस तैयार है और जल्द ही अरविंद केजरीवाल को मिल जाएगा- सौरभ भारद्वाज

- मैं भाजपा के राजनीतिक पंडितों से कहना चाहता हूं कि इस बार आपका पाला अरविंद केजरीवाल से पड़ा है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




सीएम अरविंद केजरीवाल को अब सीबीआई से गिरफ्तार कराने की कोशिश कर रही भाजपा पर आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को चौतरफा हमला बोला। आप के साफ-साफ कहा कि भले ही भाजपा अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करा ले, लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन होकर रहेगा। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि हमें संदेश भेजा जा रहा है कि इंडिया गठबंधन को छोड़ दो, नहीं तो अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। भाजपा से कहना है कि जिस दिन अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करोगे, पूरे देश में सुनामी आ जाएगी और तुम्हारा सारा दांव उल्टा पड़.जाएगा, क्योंकि इस बार आपका पाला अरविंद केजरीवाल से पड़ा है। वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि सीबीआई सीआरपीसी 41ए के तहत नोटिस भेजेगी और दो-तीन दिन में केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। भाजपा इसलिए घबराई हुई है, क्योंकि जिन राज्यों में आप-कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेगी, वहां उसकी मुश्किलें बढ़ेगी और सरकार बनाना मुश्किल हो जाएगा। वहीं, आतिशी ने कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार को समझ आ गया है कि वह ईडी से अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार नहीं करा पाएगी। इसलिए अब सीबीआई को लेकर आई है। नए राजनैतिक परिस्थितियों में कई राज्यों में भाजपा के राजनीतिक समीकरण खराब हो गए हैं, इसलिए सीबीआई को लेकर आई है- डॉ. संदीप पाठक-आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक, वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने शुक्रवार सुबह पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता की। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को शुरू से ही यह विश्वास था कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होने वाला है और ये लोग इस बात से बहुत खुश थे कि इनका गठबंधन नहीं होने जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में गठबंधन को लेकर चर्चा बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ी है और लगभग गठबंधन अपने अंतिम प्रारूप में पहुंच गई है। यह सुनते ही भारतीय जनता पार्टी सदमा लग गया है, उनकी सारी खुशियां काफूर हो गई है और अब इन्होंने आपस में बैठकर अपने पूरे राजनीतिक रणनीति को री-डिजाइन की है। इनको राजनीतिक रणनीति को री-डिजाइन करने की जरूरत इसलिए पड़ी, क्योंकि गुजरात, गोवा, दिल्ली समेत कई राज्यों में इनके राजनीतिक समीकरण खराब हो गए हैं। ये लोग बहुत पहले ही अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहते हैं। पिछले दो साल से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने तैयारी चल रही थी। इस नए राजनैतिक परिस्थिति में इन्होंने कहा कि ईडी के गैरकानूनी समन काम नहीं कर रहे हैं तब ये लोग सीबीआई को सामने लेकर आए हैं और अब सीबीआई के माध्यम से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की योजना बना रहे हैं। सीआरपीसी 41ए के तहत इन्होंने गिरफ्तार करने का योजना बनाई है। ये लोग अंदर ही अंदर कई लोगों के माध्यम से हमें मैसेज भेज रहे हैं कि आप इंडिया गठबंधन को छोड़ दो और अगर गठबंधन नहीं छोड़ते हैं तो अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। हमारे सारे बड़े नेता जेल में हैं, अगर हम भाजपा की धमकियों से डरते तो अब तक सरेंडर कर चुके होते- डॉ. संदीप पाठक डॉ. संदीप पाठक ने भाजपा से कहा कि भाजपा अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की कोशिश तो कर रही रही है और संभव है कि गलत तरीके से गिरफ्तार भी कर लेगी, लेकिन मुझे लगता है कि भाजपा ने अपने राजनीतिक आंकलन ठीक से नहीं किया है। ये लोग जिस दिन अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करेंगे, पूरे देश में सुनामी आ जाएंगी। सारे अच्छे लोग रोड पर आ जाएंगे और इनके सारे राजनीतिक आंकलन जो इनको लग रहा है कि अरविंद केजरीवाल जेल के अंदर जाएंगे तो आम आदमी पार्टी टूट जाएगी, यह उल्टा पड़ने वाला है। भाजपा के जो भी राजनीतिक पंडित हैं, वो अपना कैलकुलेशन ठीक से कर लें। इनका पहले दूसरी पार्टियों से पाला पड़ता रहा होगा, लेकिन अब इनका पाला अरविंद केजरीवाल से पड़ा है। ये धमकी दे रहे हैं कि गठबंधन छोड़ दो, नहीं तो अरविंद केजरीवाल को अरेस्ट कर लेंगे। भाजपा अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर ले, हमें कोई दिक्कत नहीं है। हम ऐसी गिरफ्तारियों की धमकी से डरने वाले नहीं हैं। अगर हम डरते तो हमारे इतने सारे नेता जेल में हैं, अब तक हम इनके सामने सरेंडर कर चुके होते। आज हमारे सारे बड़े नेता जेल में हैं, भाजपा ने आम आदमी पार्टी को खत्म करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। जब हम आज तक नहीं डरे तो आगे भी डरने वाले नहीं हैं। हम देश के लिए गठबंधन में जा रहे हैं। हम गठबंधन में अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं जा रहे हैं, हम देश के लिए जा रहे हैं। देश के लिए खड़े थे, खड़े रहेंगे, लड़ते रहेंगे और संघर्ष करते रहेंगे। ह्यह्यआपह्लह्ल और कांग्रेस के बीच कई राज्यों में सीट शेयरिंग को लेकर सहमति बन गई है- सौरभ भारद्वाज इस दौरान सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इंडिया गठबंधन के घटक दल आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग को लेकर जो बातें चल रही थी। अब उसमें यह खबर सामने आने लगीं है कि ह्यह्यआपह्लह्ल और कांग्रेस के बीच कई राज्यों के अंदर सीट शेयरिंग को लेकर गठबंधन लगभग तय हो गया है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच यह सहमति बन गई है कि कौन सी पार्टी किस राज्य में कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि इसकी उम्मीद मीडिया नहीं लगा रहा था। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अपने एक साक्षात्कार में कह चुके थे कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने यह बातें दावे के साथ कही थी। हमें सूचना है कि सीबीआई की नोटिस तैयार है और जल्द ही अरविंद केजरीवाल को मिल जाएगा- सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जैसे यह खबर आई कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक साथ आकर अपने सीटों के बंटवारे पर आम सहमति बना चुके हैं और आज या कल में ही इसकी घोषणा होने वाली है। यह बात खबरों में चल रही थी कि अचानक आम आदमी पार्टी के साथ दो बातें हो रही हैं। पहला, ईडी का सातवां नोटिस अरविंद केजरीवाल को आता है, जिसमें सोमवार को बुलाया गया है। दूसरा, हमें बहुत विश्वसनीय लोगों से यह जानकारी मिल रही है कि अब ईडी के साथ-साथ सीबीआई भी अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए कदम बढ़ा रही है। हमारे पास यहां तक सूचना है कि सीआरपीसी 41ए के तहत अरविंद केजरीवाल के लिए नोटिस तैयार है और आज दिन में या शाम तक वह नोटिस अरविंद केजरीवाल को आ जाएगा। इसके बाद सीबीआई भी ईडी के साथ अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की गिरफ्तार करने की कोशिशें से तेज कर देगी।

# गोपनीय सूचना लीक मामले में महुआ मोइत्रा को नहीं मिली राहत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



ईडी की विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) से संबंधित किसी भी गोपनीय, असत्यापित जानकारी को मीडिया में लीक करने से रोकने की मांग वाली तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा की याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले, गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था, जिसमें उनके खिलाफ जांच के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) से संबंधित किसी भी गोपनीय, असत्यापित जानकारी को मीडिया में लीक करने से रोकने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। मोइत्रा के वकील की दलील मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जॉन ने कहा था कि लंबित जांच से संबंधित संवेदनशील जानकारी उन्हें बताए जाने से पहले मीडिया में लीक होना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित उनके अधिकारों के लिए हानिकारक है। अधिवक्ता ने कहा कि उनके मुवक्किल को परेशान किया जा रहा था और एजेंसी द्वारा उन्हें समन जारी करने की जानकारी उन्हें मिलने से पहले ही मीडिया द्वारा प्रकाशित कर दी गई थी।

# गैंगस्टर रवि काना के खिलाफ बड़ी कार्रवाई



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

स्क्रैप माफिया रवि काना साढ़े चार करोड रुपए की संपत्तियों को कुर्क किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर के आदेश पर हुई है। इससे पहले रवि काना व उसके गैंग की 125 करोड रुपए की संपत्ति कुर्क किया जा चुका है। 11 फरवरी को भी रवि काना गिरोह की 120 करोड़ की संपत्ति पुलिस ने जब्त की थी। खास बात है कि रवि काना गैंग के नागालैंड कनेक्शन की अहम जानकारी पुलिस के हाथ लगी है। गैंग के पास से बीस से अधिक कामर्शियल वाहन ऐसे मिले हैं जो नागालैंड में पंजीकृत हैं। जिनकी कीमत पांच करोड़ रुपये से अधिक है।

# प्रेमी के लिए घोंटा ममता का गला



- अध्यापिका को फोन कर पूछा तो पता चला कि दोनों स्कूल से जा चुके हैं

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सोनीपत के मशद मोहल्ला के पास से 10 और 7 वर्ष के दो सगे भाई संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गए। बाद में उनकी मां रूबी ने पुलिस गुमशुदगी की शिकायत दी थी। पुलिस ने छानबीन की तो बच्चों की हत्या की बात सामने आई। बच्चों की मां ने कबीरपुर के रहने वाले प्रेमी नितिन के साथ मिलकर हत्या करने की बात स्वीकार की है। बागपत से दोनों के शव बरामद किए गए हैं। सात साल पहले हुआ था पति से तलाक आदर्श नगर की गली-1 में रहने वाली रूबि ने बृहस्पतिवार को पुलिस को बताया कि उनका पति से सात साल पहले तलाक हो चुका है। वह अपने 10 वर्षीय बेटे वंश और 7 वर्षीय बेटे यश के साथ रहती है। रूबि ने पुलिस को बताया कि 21 फरवरी को वह दोनों बेटों को मशद मोहल्ला स्कूल में छोड़कर काम पर चली गई थी। शाम को घर आई तो दोनों बेटे नहीं मिले। अध्यापिका को फोन कर पूछा तो पता चला कि दोनों स्कूल से जा चुके हैं। अपने स्तर पर पता किया तो उनका कोई सुराग नहीं लग पाया। उसे शक है कि उनके बच्चों का किसी ने अपहरण कर लिया है। पुलिस ने ऐसा उठाया वारदाता से पर्दा पुलिस ने स्वजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ और मोबाइल लोकेशन व नबरों पर हुई बातचीत का डाटा जुटा कर वारदात से पर्दा उठाया है। आरोपित मां ने कबूला है कि पति से तलाक के बाद से वह अकेली रह रही थी। उसकी नजदीकी कबीरपुर के नितिन से थी। बच्चों को रास्ते से हटाने के लिए उसने प्रेमी के साथ मिलकर वारदात का षड्यंत्र रचा। सिविल लाइन थाना प्रभारी सतबीर का कहना है कि मामले कि जांच जारी है। जो भी तथ्य निकल कर सामने आएंगे उनके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# शराब पीने से इनकार करने पर युवक की पिटाई

नई दिल्ली। पूर्वी जिले के मंडावली इलाके में शराब पीने से इनकार करने पर बदमाशों ने युवक की पिटाई कर दी और पर्स लूट कर फरार हो गए। मंडावली थाना पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से लूटा गया पर्स बरामद हो गया है। पूर्वी दिल्ली की डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि 19 फरवरी को ट्रैवल एसोसिएट के रूप में काम करने वाले अंकित सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि देर शाम वह ड्यूटी से घर लौट रहे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि दो युवक उनकी गली में शराब पी रहे हैं।डीसीपी ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान आरोपियों की पहचान पुष्पेंद्र उर्फ मोहित उर्फ ब्रुसेली और सूरज के रूप में हुई। दोनों मंडावली के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों के ठिकाने पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है। पुष्पेंद्र ई-रिक्शा ड्राइवर है वहीं सूरज मजदूरी करता है।

# मैं डॉ. जयशंकर से अनुरोध करती हूं कि वह इस मामले को उठाएं और जाह्नवी के परिवार के लिए न्याय सुनिश्चित करें : स्वाति मालीवाल

- स्वाति मालीवाल ने भारतीय छात्रा जाह्नवी कांडुला के लिए न्याय की अपील की, जिनकी सियैटल, यूएसए में दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हुई

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



श्रीमती स्वाति मालीवाल, आम आदमी पार्टी से राज्य सभा सांसद ने शुक्रवार को वरअ में भारतीय छात्रा जाह्नवी कांडुला की दुखद मृत्यु के मामले में विदेश मंत्री श्री एस जयशंकर को पत्र लिखा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 23 वर्षीय जाह्नवी कांडुला को 23 फरवरी 2023 को सियैटल में अमेरिकी पुलिस वाहन चालक डेव द्वारा गाड़ी से मारा गया था, जो कि एक ड्रग ओवरडोज के कॉल को अटेंड करने जा रहा था, घटना के समय ऑफिसर डेव की गाड़ी लगभग 120 किमी प्रति घंटे की गति से चल रही थी। टक्कर ने जाह्नवी को 100 फीट दूर फेंक दिया, जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई। इतनी बड़ी घटना के बावजूद, युवा भारतीय छात्रा के साथ हुई दुर्घटना में शामिल ऑफिसर पर कोई भी कानूनी कार्यवाही नहीं की जा रही है, जिसका कारण सबूतों की कमी बताया जा रहा है। सियैटल पुलिस विभाग द्वारा जारी किए गए डैशकैम फुटेज में ऑफिसर डेनियल औडेरे द्वारा घातक दुर्घटना को हल्के में लेते हुए दशार्या, ह्वबस एक चेक लिखो। 11,000 डॉलर, वह 26 साल की थी, उसकी इतनी ही कीमत थी,ह्व ऑडेरे वीडियो में कहते हुए सुनाई दिये। अपने पत्र में, जो उनके एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी साझा किया गया है, श्रीमती मालीवाल ने वरअ की न्यायिक प्रणाली की लापरवाही पर कहा, ह्वकिंग काउंटी प्रॉसिक्यूटर ऑफिस द्वारा ऑफिसर के खिलाफ मामला दर्ज नहीं करने के निर्णय से न केवल जाह्नवी का परिवार दुखी है बल्कि इससे सभी भारतवासियों को दुख पहुंचा है। अपने पत्र में श्रीमती मालीवाल विदेश मंत्री से आग्रह किया है कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करें और जाह्नवी कांडुला और उसके शोक संतापित परिवार के लिए न्याय सुनिश्चित करें।

# कांग्रेस से हाथ मिलाएंगे स्वामी प्रसाद मौर्य?

## पार्टी बनाते ही I.N.D.I.A पर कह दी बड़ी बात



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

समाजवादी पार्टी से नाता तोड़ने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को तालकटोरा स्टेडियम में अपनी नई राजनीतिक पार्टी, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी (आरएसएसपी) की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का एकमात्र इरादा आईएनडीआई गठबंधन को मजबूत करना और बीजेपी को हराना है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज देश में अराजकता का माहौल है, लोकतंत्र की हत्या हो रही है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों से वादा किया गया था कि आय दोगुनी कर दी जाएगी, उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। ईडी द्वारा व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। यह सुनिश्चित करना अनिवार्य हो गया है कि भाजपा को हराया जाए। सपा के पूर्व नेता ने बनाई पार्टी-पूर्व सपा नेता ने कहा कि भाजपा को हराने लिए कोई बलिदान देंगे। बता दें कि 20 फरवरी को स्वामी प्रसाद ने सपा की प्राथमिक सदस्यता और उत्तर प्रदेश विधान परिषद से इस्तीफा दे दिया और एक नई पार्टी के गठन की घोषणा की। स्वामी प्रसाद ने कहा कि अगर मेरे परिवार से कोई भी भाजपा में शामिल होता है, तो उसे भी हार का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आईएनडीआई गठबंधन के संयोजक हैं। सीट बंटवारे को लेकर मैं जल्द ही उनसे मिलूंगा। बदायूं से सांसद हैं मौर्य की बेटी दिलचस्प बात यह है कि मौर्य की बेटी संघमित्रा मौर्य बदायूं से मौजूदा भाजपा सांसद हैं। सपा ने इस सीट से बदायूं के पूर्व सांसद और मुलायम के भतीजे धर्मेंद्र यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने अभी तक संघमित्रा की बदायूं से उम्मीदवारी की पुष्टि नहीं की है। बताते दें कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और मौर्य के बीच दरार तब और बढ़ गई जब सपा प्रमुख ने कहा कि वह (स्वामी प्रसाद मौर्य) फायदे के लिए सपा में आए हैं।

# मां का भरण-पोषण करना बेटे का नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी : दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सीनियर सिटीजन एक्ट वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए है। मां का भरण-पोषण करना हर बेटे की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है। अधिनियम की धारा 4 (2) बच्चों पर अपने मां-पिता के भरण-पोषण का दायित्व डालती है ताकि वे सामान्य जीवन जी सकें। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने बेटे को मां के भरण-पोषण के लिए हर महीने 10 हजार रुपये देने का निर्देश देते हुए यह टिप्पणी की है।

महिला ने पहले अपने गुजारे के लिए दिल्ली मेंटेनेंस एंड वेलफेयर ऑफ पैरेंट्स एंड सिनियर सिटिजंस रुल्स की धारा 22(3) के तहत डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के यहां याचिका दायर किया था। डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के यहां दायर याचिका में महिला ने कहा था कि, उसके बेटे और बहु ने उसका सामान घर से निकाल दिया है। डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में महिला की याचिका खारिज करते हुए कहा था कि, महिला जिस संपत्ति पर मालिकाना हक की बात कर रही है उसका आधार पावर ऑफ अटार्नी है। डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने कहा कि, संपत्ति को लेकर कई मामले साकेत कोर्ट में चल रहे हैं, इसलिए महिला के पक्ष में आदेश नहीं दिया जा सकता है। डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ महिला ने डिविजनल कमिश्नर के यहां चुनौती दी। डिविजनल कमिश्नर ने भी डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के आदेश पर मुहर लगा दिया। डिविजनल कमिश्नर के आदेश के खिलाफ महिला ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर किया था। हाईकोर्ट ने 9 अगस्त 2023 को दोनों पक्षों में मध्यस्थता के लिए भेजा था, जो असफल रहा।

# आप इंडिया गठबंधन के साथ ही चुनाव लड़ेगी और भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी- दिलीप पांडे

- भाजपा ईडी के जरिए अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार नहीं कर पाई तो अब सीबीआई के जरिए गिरफ्तार करने की योजना बना रही है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी ने आज भाजपा को दो टूक जवाब दे दिया है कि हमें इंडिया गठबंधन से अलग करने की उसकी कोशिश बेकार है। आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ेगी और भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता भी दिखाएगी। आप के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने कहा कि जब तक आप और कांग्रेस का गठबंधन ठोस आकार नहीं लिया था, भाजपा वेट मोड में बैठी थी, लेकिन जैसे ही गठबंधन ने आकार लिया, वह हैवी मोड में आ गई है। इसलिए भाजपा अब सीबीआई के जरिए सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की योजना बना रही है। लेकिन ईडी और सीबीआई का भय दिखाकर आम आदमी पार्टी को इंडिया गठबंधन से बाहर रहने का दबाव बनाने वाली भाजपा को यह समझ लेना चाहिए कि हम उसकी धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और एवं विधायक दिलीप पांडे ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि अब इस बात पर मुहर लगती दिख रही है कि इंडिया गठबंधन के घटक दल आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे पर समझौता ठोस आकार लेता जा रहा है। यह जानकारी मिलने के बाद से भाजपा के खेमे में हड़कंप मचा हुआ है। इस हड़कंप मचने का प्रमाण यह है कि ईडी के जरिए सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कराने में असफल रहने होने के बाद भाजपा अब सीबीआई के जरिए सीआरपीसी 41ए के तहत गैरकानूनी तरीके से गिरफ्तार कराने की योजना बना चुकी है। यह वही सीबीआई है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने केस पायलट कहा था। इस घटना के पीछे के तथ्य चीख-चीख कर बता रहे हैं कि जब तक भाजपा को यह लग रहा था कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच का गठबंधन कोई आकार नहीं लेने वाला है, तब तक भाजपा वेट मोड ऑन करके बैठी थी। अब जैसे ही खबरें आने लगी कि आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन तय हो गया है और सीटों पर सहमति बन गई है, वेट मोड से भाजपा हैवी मोड में आ गई। विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि भाजपा को जब यह अहसास हुआ कि कि ईडी के जरिए अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने वाला वाला रास्ता हमने ही कोर्ट जाकर बंद कर दिया है, तो उसने सीबीआई के जरिए सीआरपीसी 14ए के तहत अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने का एक नया रास्ता अख्तियार है। उन्होंने कहा कि ने पिछले 20 घंटों से हमारे पास बहुत सारे लोगों के संदेश आ रहे हैं। बहुत लोग हमसे कह रहे हैं कि भजपा को आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का साथ आना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा। भाजपा इंडिया गठबंधन से आप को दूर रखने के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए महाषड्यंत्र रचेगी। अगर इससे बचना है तो आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन से बाहर आ जाए। विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि भाजपा के अंदर इतनी ज्यादा घबराहट है कि अब वो सीबीआई का गलत इस्तेमाल करने तुली हुई है। सीबीआई की नोटिस का भय दिखाकर अरविंद केजरीवाल और आप को इंडिया गठबंधन से बाहर निकलवाने का दबाव बनाने वाली भाजपा को यह समझना होगा कि भले ही भाजपा ने देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं की धज्जियां उड़ा रखी हो या ईडी-सीबीआई का राजनीतिक दुरुपयोग कर रही हो। लेकिन आम आदमी पार्टी भाजपा की ईडी और सीबीआई से डरने वाले नही हैं। आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर भजपा के इस राजनैतिक अहंकार का सामना करेगी। आम आदमी पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा से लड़ेगी और उसे सत्ता से बाहर का रास्ता भी दिखाएगी। अगर भाजपा सीबीआई का भय दिखाकर इंडिया गठबंधन को तोड़ने की कोशिश कर रही है तो भाजपा और सीबीआई में भाजपा के इशारे पर काम करने वाले लोग समझ लें कि आम आदमी पार्टी इस देश के आम लोगों की पार्टी है, जिनका दर्शन कट्टर ईमानदारी और देशभक्ति है और देश की सेवा करना है। अगर भाजपा आम आदमी पार्टी के खिलाफ हैं तो वो इस देश की आम जनता के खिलाफ है।

# रंगदारी देने से किया मना तो बदमाशों ने कर दी बिल्डर पिटाई, केस दर्ज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

शाहदरा जिला के जीटीबी एंक्लेव इलाके में रंगदारी देने से मना करने पर आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने बिल्डर के साथ मारपीट की। इस दौरान शोर सुनकर स्थानीय लोग पहुंच गए और उन्होंने एक बदमाश को पकड़कर उसकी धुनाई की और पुलिस को सौंप दिया। जीटीबी एनक्लेव थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। शाहदरा जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित मुकेश कुमार परिवार के साथ जीटीबी एंक्लेव इलाके के जनता फ्लैट में रहते हैं। आरोप है कि कुछ स्थानीय बदमाश मुकेश कुमार के 17 वर्षीय बेटे को धमका कर लगातार पैसे वसूल रहे थे। कुछ दिनों से ज्यादा पैसों की मांग बढ़ गई तो बेटे ने पैसे देने से इनकार कर दिया। तब बदमाशों ने बिल्डर के बेटे को पिता से पैसे मांगने की धमकी दी। मुकेश के बेटे ने जब ऐसा करने से इनकार कर दिया तो बुधवार को आधा दर्जन बदमाश मुकेश के घर के बाहर पहुंचे और मुकेश साथ मारपीट की। पिस्तौल निकाल कर गोली मारने की धमकी दी। इतना शोर सुनकर आसपास के लोग वहां इकट्ठा हो गए और एक आरोपी को दबोच कर उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी प्रिंस को अस्पताल ले गई। प्राथमिक इलाज के बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# लग्जरी कार चालक ने स्कूटी सवार बुजुर्ग को रौंदा, मौत

नई दिल्ली। द्वारका सेक्टर-13 इलाके में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार लग्जरी कार चालक ने दोपहर करीब 1:10 बजे नातिन को स्कूल से लेकर घर लौट रहे स्कूटी सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 69 वर्षीय अरुण कुमार परिवार के साथ ककरौला हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, द्वारका मोड़ इलाके में रहते थे। अरुण एसबीआई बैंक से प्रबंधक की पोस्ट से सेवानिवृत्त थे। वह बुधवार को अपनी नातिन श्रीद्धा गोस्वामी को स्कूल से लेकर स्कूटी से घर लौट रहे थे। परिजनों का आरोप है कि इसी दौरान द्वारका सेक्टर-13 स्थित सीएनजी पंप के पास तेज रफ्तार लग्जरी कार चालक ने अरुण की स्कूटी में टक्कर मार दी। अरुण और श्रीद्धा स्कूटी सहित उछलकर दूर जा गिरे और आरोपी चालक फरार हो गया। एक शख्स ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। द्वारका नॉर्थ थाना पुलिस ने राहगीरों के बयान पर केस दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी। अरुण कुमार के दामाद प्रशांत कुमार का आरोप है कि कार ने जब उन्हें टक्कर मारी तो उनकी स्कूटी रगड़ती हुई फुटपाथ से जा टकराई। इसके चलते उनका सिर बुरी तरह से फट गया और शरीर की 9 हड्डियां टूट गई थी। बच्ची श्रीद्धा को चेहरे सहित कई जगह गंभीर चोट लगी है। उसके चेहरे पर आंख के नीचे की हड्डी टूटी हुई है। वह अभी भी अस्पताल में है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बच्ची श्रीद्धा परिवार के साथ द्वारका सेक्टर-12 में रहती है। उसके माता-पिता निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। पिता प्रशांत ने बताया कि बच्ची का नाना के साथ ज्यादा लगाव था। नाना के घर पर ही उसका ट्यूशन लगा हुआ था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें तेज रफ्तार लग्जरी कार निकलती हुई दिखाई दे रही है। गाड़ी से पहले ही स्कूटी पर अरुण कुमार निकलते हुए दिखाई देते हैं। इसके बाद वह हादसे का शिकार हो गए।

सम्पादकीय

## मराठा आरक्षण के बावजूद

मुद्दा यह है कि क्या आरक्षण से गरीबी या शैक्षिक पिछड़ेपन की समस्या दूर हो जाएगी? क्या ऐसा पहले से आरक्षण प्राप्त समुदायों में हो गया है? तमाम अध्ययन और अनुभव बताते हैं कि ऐसा नहीं हुआ है।महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए विधानसभा से विधेयक पारित करा लिया है। यह प्रावधान इस रूप में किया गया है, जिससे ओबीसी समुदाय नाराज ना हो। मराठा संगठन ओबीसी श्रेणी के अंदर आरक्षण मांग रहे थे, लेकिन राज्य सरकार ने उनके लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान किया है। इस तरह ये आरक्षण 50 प्रतिशत की उस सीमा से बाहर होगा। यह सीमा सुप्रीम कोर्ट ने लगा रखी है। वैसे यह सीमा आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान के साथ पहले ही टूट चुकी है। तो उसे मिलाकर अब महाराष्ट्र में सरकारी नौकरियों और शिक्षा संस्थानों में कुल आरक्षित सीटों की संख्या 70 प्रतिशत हो जाएगी। तो क्या नई व्यवस्था न्यायिक परीक्षण में खरी उतरेगी? मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि चूंकि कई राज्यों में 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण लागू किया गया है, तो महाराष्ट्र में भी यह टिकाऊ होगा। हाल ही में बिहार में आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दी गई है। लेकिन मराठा नेता मनोज जरांगे पाटिल को शिंदे की बात पर भरोसा नहीं है।पाटिल ने कहा है कि महाराष्ट्र सरकार ने अलग श्रेणी के तहत जो आरक्षण दिया है, वह मराठा समुदाय को मंजूर नहीं है। मराठों को ओबीसी कोटे से ही आरक्षण चाहिए। महाराष्ट्र में मराठा समुदाय की आबादी 28 प्रतिशत है। यह समुदाय राजनीतिक तौर पर राज्य में सबसे प्रभावशाली माना जाता है। इसके बावजूद मराठा समुदाय में गरीबी रेखा से नीचे के 21.22 प्रतिशत परिवार हैं। मुद्दा यह है कि क्या आरक्षण से गरीबी या शैक्षिक पिछड़ेपन की समस्या दूर हो जाएगी? क्या ऐसा पहले से आरक्षण प्राप्त समुदायों में हो गया है? तमाम अध्ययन और अनुभव बताते हैं कि ऐसा नहीं हुआ है। बुनियादी वजह यह है कि आरक्षण की हर लड़ाई का मकसद मौजूद अवसरों में अधिक हिस्सा पाना है। जबकि ये अवसर इतनी संख्या में मौजूद नहीं हैं, जिनसे सबकी विकास एवं बेहतर जीवन की आकांक्षा पूरी हो। असल मुद्दा ऐसी आर्थिकी और विकास नीति का है, जिनसे मांग के अनुरूप ऐसे अवसर बढ़ें। लेकिन ये बात चर्चा से बाहर है।

## संदेशखाली का संदेश

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

पश्चिमी बंगाल के एक ग्राम नंदी ग्राम को उस गांव के लोगों के सिवा कोई नहीं जानता था। लेकिन सारी दुनिया के वे लोग जो विश्व के सामाजिक आंदोलनों में रुचि रखते हैं, नंदी ग्राम को जानते हैं। नंदी ग्राम के लोगों ने पश्चिमी बंगाल की कम्युनिस्ट सरकार की तानाशाही का विरोध लाठी-गोली खाकर भी किया था। लम्बे अरसे से सरकार में बने रहने के कारण कम्युनिस्टों ने सर्वहारा की तानाशाही का अर्थ सीपीएम की तानाशाही ही समझ लिया था। लेकिन उस वक्त नंदी ग्राम में तानाशाही के खिलाफ इस आंदोलन का नेतृत्व तमाम खतरे उठाकर भी वह ममता बनर्जी कर रही थी जिसने सीपीएम को अपदस्थ करके कोलकाता के राईटर्ज भवन पर कब्जा किया था। उस वक्त सत्ता के नशे में मदहोश कम्युनिस्ट नंदी ग्राम के संदेश को पकड़ नहीं पाए थे। इसका एक कारण यह भी था कि उनका संबंध प्रदेश की आम जनता से टूट चुका था। लगता है बंगाल में इतिहास एक बार फिर अपने आपको दोहराने के मुहाने पर आ गया है। जिला चौबीस परगना का संदेशखाली, जो सरकार चला रही तृणमूल कांग्रेस का गढ़ माना जाता है, पिछले लगभग एक मास से सुर्खियों में है। सुर्खियों में रहने का कारण तृणमूल कांग्रेस के एक बड़े नेता शाहजहां शेख के व्यवहार से हुआ, लेकिन जब ज्वालामुखी फटा तो उसके नीचे से शाहजहां द्वारा बनाया गया ऐसा नर्क सामने आया जिससे किसी का भी दम घुटने लगे। शाहजहां तृणमूल कांग्रेस का नेता है और पार्टी की ओर से जिला परिषद का निर्वाचित सदस्य है। उसके अनेक प्रकार के धन्धे हैं। उनमें से एक मनी लांड्रिंग का भी है। मनीलांड्रिंग का अर्थ है काले धन को सफेद करना। यानी नाजायज साधनों से प्राप्त नाजायज काले धन को सफेद बनाना। हिन्दी वाले इसे धन शोधन कहते हैं, यानी धन को शुद्ध करना। पिछले दिनों प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने मनी लांड्रिंग के मामलों को लेकर उसके घर छापा मारा था। अलबत्ता जब ईडी के बड़े अधिकारी शाहजहां शेख के घर पहुंचे तो उसने उनके स्वागत के लिए पुराने मुगल बादशाह शाहजहां की तरह की ही व्यवस्था कर रखी थी। उसके लोगों ने ईडी के अधिकारियों को घेर लिया और दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। किसी की यह हिम्मत कि शाहजहां के महल पर छापा मारे? ऐसा लगता है कि ममता बनर्जी की पुलिस भी शाहजहां शेख को मुगल बादशाह शाहजहां ही समझ रही थी। पुलिस ने ईडी के अधिकारियों की मदद करने की बजाय उन पर हमला कर रही शाहजहां की सेना की ही मदद करनी शुरू की। इतना ही नहीं, ईडी के अधिकारियों पर केस दर्ज कर दिया कि उन्होंने शाहजहां के महल में चोरी की है। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आग उगलनी शुरू कर दी। उनके लिए यह जरूरी था क्योंकि उनके आसपास के लोग उन्हें अग्निकन्या कहते हैं। अग्निकन्या का कहना था कि केन्द्र सरकार उनकी पार्टी के लोगों को बिना कारण के तंग कर रही है। लेकिन शाहजहां शेख इतना मूर्ख नहीं था। वह समझ गया था कि अग्निकन्या को अन्दाजा नहीं कि मामला ज्यादा बढ़ गया है। अब वह ममता बनर्जी की छत्रछाया में रहकर भी बच नहीं पाएगा। मामला सुप्रीम कोर्ट तक जा सकता है। इसलिए वह संदेशखाली में अपना महल और सिंहासन छोड़ कर भाग निकला। अब भाग निकला या पुलिस ने ही भगा दिया, यह अपने आप में अलग जांच का विषय है। वैसे ममता की पुलिस का कहना है कि वह उसे तलाश करने में आकाश-पाताल एक कर रही है। जब वहां के लोगों को यकीन हो गया कि शाहजहां शेख अपनी खाल बचाता घूम रहा है तो उनमें भी अपना दर्द बयान करने का साहस आ गया। लेकिन जब वहां की औरतों ने अपना दर्द बयान करना शुरू किया तो सचमुच भूकम्प आ गया। उनका कहना था कि तृणमूल के कार्यकर्ता बाकायदा घरों में जा-जाकर सर्वे करते हैं। पहली नजर में कोई भी समझेगा कि इसमें क्या बुरा है। सरकार अपनी लोक कल्याणकारी योजनाओं को असली गरीबों तक पहुंचाने के लिए यदि सर्वे कर रही है, तब तो इसका स्वागत ही होना चाहिए। लेकिन पता चला कि शाहजहां के कार्यकर्ता कल्याणकारी योजनाओं के लिए सर्वे नहीं करते, बल्कि परिवारों में सुन्दर विवाहित/अविवाहित औरतों की तलाश में सर्वे करते हैं और जहां से भी सुन्दर औरत मिलती है, उसको उठाकर ले जाते हैं और सामूहिक बलात्कार करते हैं। उनका अपहरण करते हैं। कई परिवार तो शाहजहां के इस सर्वे के आतंक से अपनी युवा लड़कियों को बाहर रिश्तेदारों के पास भेजने लगे थे। यह भी आरोप लग रहे हैं कि इस सर्वे का शिकार हिन्दु लड़कियां ही होती थीं। इनके साथ सामूहिक बलात्कार होता था। इनके पतियों को या तो भगा दिया जाता था या फिर उन्हें वक्त से समझौता करना पड़ता था। और उस मामले में उस वक्त का नाम शाहजहां था। इतना ही नहीं लड़कियों को उठा लेने के बाद धीरे धीरे उनकी जमीन जायदाद पर भी कब्जा कर लिया जाता था। उन सब के लिए संदेश खाली एक जीता जागता दोजख बन गया था। यह शाहजहां की वह ह्यसरकारह्व थी जहाँ हिन्दु औरतों को सैक्स के लिए दास बना लिया गया था। लगता है सत्ता के लालच में उन्होंने बंगाल के कुछ हिस्सों की ठेकेदारी कुछ शाहजहाँ जैसे ठेकेदारों को सौंप रखी है जो अपने इलाके की एकमुश्त वोटें ह्यअग्निकन्याह्व को दिलवा दें, उसके बाद वे अपनी ह्यरिआयाह्व के साथ वह सब कुछ करें जो शाहजहाँ और उसकी सर्वे टीम संदेशखाली में कर रही है। लेकिन ममता बनर्जी के लिए इन चीजों का कोई अर्थ नहीं है। वे संदेशखाली को इस प्रकार देख रही थी जिस प्रकार कभी सीपीएम नंदी ग्राम को देखा करता था। वे संदेशखाली की औरतों की पीड़ा या तो समझ नहीं पाई या फिर सत्ता के अहंकार में समझना नहीं चाहतीं। ध्यान रखना चाहिए कि संदेशखाली कोलकाता से महज 70 किलोमीटर दूर है। कोलकाता की नाक के नीचे शाहजहां ने वहां की महिलाओं के लिए जितना भयंकर नर्क तैयार किया हुआ था, वह सरकारी मशीनरी की प्रत्यक्ष-परोक्ष सहायता के बिना सम्भव नहीं है। ममता बनर्जी ने संदेशखाली की इन महिलाओं को सबक सिखाने की सोची। उन्होंने संदेशखाली में किसी के भी जाने पर पाबंदी लगा दी। धारा 144 लगा दी। यानी तगड़ा मारे भी और रोने भी न दे। पत्रकारों को रोका ही नहीं गया, बल्कि उनको कैमरों के सामने ही गिरफ्तार कर लिया। पश्चिमी बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी को संदेशखाली जाने के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट जाना पड़ा। ममता की सरकार इतनी निर्मम हो गई है कि न तो उसे पीड़ित शोषित महिलाओं की चीखें सुनाई दे रही हैं और न ही वे किसी और को उनकी सहायता के लिए जाने देना चाहती हैं। रहा प्रश्न बंगाल के नए शाहजहां का, कहा जाता है कि वह पुलिस की पकड़ से बाहर है। यह भी कहा जा रहा है कि सरकार ने कानून के लम्बे हाथ ही काट दिए हैं, ताकि वे इस नए शाहजहां तक न पहुंच पाएं। अब न्याय कैसे होगा?

# खाद्य सुरक्षा और किसान कल्याण- मोदी की गारंटी

**10 लाख से एक करोड रुपए तक की आय पर मंदिरों को 5 फीसदी टैक्स देना होगा। एक करोड रुपए से ज्यादा आय वाले मंदिरों को 10 फीसदी टैक्स राज्य सरकार को देना होगा। जैसे ही यह बिल पारित हुआ। उसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने कर्नाटक सरकार और कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सारे देश के हिंदू संगठन कर्नाटक सरकार की इस कार्रवाई के खिलाफ खड़े हो गए। भारतीय जनता पार्टी ने इसे हिंदू विरोधी मानसिकता बताते हुए, सारे देश में इस टेक्स का विरोध करना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया में भी कर्नाटक सरकार के इस कानून का बड़े पैमाने पर विरोध शुरू कर दिया गया है। कांग्रेस के ऊपर आरोप लगाया जा रहा है,कि अब कांग्रेस की हिंदू मंदिरों के राजस्व पर कुदृष्टि पड़ गई है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस नेताओं की या तो राजनीतिक समझ खत्म हो गई है,या जानबूझकर कांग्रेस के नेता पार्टी को ठिकाने लगाने, हर वह कोशिश कर रहे हैं। जो पार्टी को नेस्त-नाबूत कर दे। कुछ महीनो के पश्चात लोकसभा के चुनाव होना है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। दक्षिण के राज्यों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं जाकर राम मंदिर के नाम पर धार्मिक वातावरण बनाने का प्रयास किया। भारत में धार्मिक ध्रुवीकरण को लेकर जब इतनी बड़ी राजनीति चल रही हो। ऐसे समय पर कांग्रेस का यह कदम आत्मघाती ही माना जाएगा। ग्रामीण जनों की भाषा में कहें ,तो कांग्रेस अपने पैर में कुल्हाड़ी नहीं कुल्हाडा मारकर अपना स्थाई नुकसान करती है।**





### श्री पीयूष गोयल

**केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं स-ार्वजनिक वितरण और वस्त्रल मंत्री, भारत सरकार**

ऐसे समय में जब युद्ध, मौसम और अस्थिरता के चलते पैदा हुई बाजार की नाजुक स्थिति की वजह से वैश्विक खाद्य आपूर्ति दबाव में है, उपभोक्ताओं और किसानों के हितों की दृष्टि से भारत में स्थितियां अपेक्षाकृत बेहतर है।

गुरुवार को, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द् मोदी के नेतृत्वक में केन्द्री य मंत्रिमंडल ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 8 प्रतिशत बढ़ा दिया है। गन्ना् किसानों को पहले से ही विश्वउ में गन्ने् का सबसे अधिक मूल्य मिल रहा है, जबकि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि भारतीय उपभोक्ताओं को विश्वन में सबसे सस्ती चीनी उपलब्धम हो।

इस प्रकार की पहलों की एक श्रृंखला है, जो किसान कल्याण को उपभोक्ता हितों के साथ जोड़ती हैं। इस महीने की शुरूआत में, प्रधानमंत्री मोदी ने प्रत्येक नागरिक को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए, 29 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर ह्लभारत राइसह्व का शुभारंभ करके एक बार फिर देश के नागरिकों को किफायती दरों पर खाद्यान्नों की आपूर्ति सुनिश्चित की है।

इसके लिए हम कड़ी मेहनत करने वाले हमारे किसानों को धन्यवाद देते हैं, जो अधिकांश कृषि वस्तुओं का पर्याप्त उत्पादन करके देश को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। सरकार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा बाकी आबादी के लिए भी खाद्य उत्पादों की बहुत ही उचित कीमत तय की गई है। भारत राइस, आटा, दाल- मोदी सरकार ने आवश्यक खाद्य वस्तुओं के मूल्योंत में असाधारण वृद्धि से निपटने के लिए हमेशा तेजी से काम किया है। पिछले वर्ष, सरकार ने 60 रुपये प्रति किलोग्राम की अत्यधिक सब्सिडी दर पर ह्लभारत दालह्व और 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम की कम कीमत पर ह्लभारत आटाह्व लॉन्च किया था। इसी प्रकार केंद्रीय एजेंसियां सस्ता प्याज बेचती हैं। इन्हों ने उस समय भी टमाटर की आपूर्ति की, जब इसकी कीमतें आसमान छू रही थी, केंद्र सरकार ने कीमतों में इस अंतर का भारी बोझ उठाया। ह्लभारतह्व खाद्य पदार्थों की बिक्री तेजी से बढ़ी है और ये पदार्थ 18,000 से अधिक दुकानों पर उपलब्ध हैं। अभूतपूर्व, तेजी- इससे पहले कभी भी केंद्र सरकार ने खुदरा बाजार में खाद्यान्न या दालें नहीं बेचीं। इनके मूल्यों पर नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री मोदी हमेशा निर्णायक कदम उठाते रहे हैं। पिछले वर्ष, जैसे ही बेमौसम की बारिश ने टमाटरों की आपूर्ति में बाधा डाली तो सरकार तुरंत हरकत में आई जिससे टमाटर की कीमतों में वृद्धि पर रोक लगी। प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि अच्छी गुणवत्ता वाली दाल, चावल और आटे की आपूर्ति किफायती दरों पर की जाए। ये उपाय समाज के हर वर्ग की मदद के लिए बिना किसी भेदभाव के लागू किए गए हैं। इस सरकार की एक अन्य अभूतपूर्व कार्रवाई त्वरित बाजार उपायों के लिए कृषि-बागवानी वस्तुओं का बफर स्टॉक बनाने के लिए एक समर्पित मूल्य स्थिरीकरण कोष बनाया गया। सरकार ने 27,489 करोड़ रुपये की संचयी बजटीय सहायता से प्रमुख दालों और प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी ऐतिहासिक पहल की है। सरकार ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि जमाखोरी या बाजार में हेराफेरी करने की कोई भी कोशिश भारी पड़ेगी। हालांकि, कुछ महीनों में ही गेहूं की रिकॉर्ड फसल होने का अनुमान है, परंतु सरकार कोई भी जोखिम नहीं उठाना चाहती है। सरकार ने गेहूं पर स्टॉक सीमा लागू कर दी है और बाजार में गेहूं की आपूर्ति बढ़ाने के लिए भी तैयार है।रोजाना 22 आवश्यक खाद्य वस्तुओं के खुदरा और थोक मूल्यौं पर नजर रखी जा रही है। 34 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 550 मूल्य-निगरानी केंद्रों से प्राप्तट इनपुट के साथ, मूल्यों रुझानों का विश्लेबषण किया जाता है ताकि मूल्यों को कम करने के लिए बफर से स्टॉक जारी करने और जमाखोरी को रोकने के लिए स्टॉक सीमा लगाने के बारे में उचित निर्णय लिया जा सके। सस्ती चीनी, खुशहाल किसान- नए गन्ना-पेराई सीजन की शुरूआत के बाद चीनी के एक्सट-मिल मूल्यों में 3.5 से 4 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि यह सुनिश्चित किया गया है कि किसानों की आमदनी अच्छी हो और उन्हेंत समय पर भुगतान हो। इथेनॉल-सम्मिश्रण कार्यक्रम ने उद्योग की व्यवहार्यता को बढ़ावा दिया है जिससे मिल मालिकों को 2022-23 में लगभग 99.5 प्रतिशत गन्ना बकाया राशि का भुगतान करने में मदद मिली है। यह अब तक का सबसे कम लंबित बकाया है, जो किसान कल्याण पर पीएम मोदी के फोकस को दशार्ता है। आयात शुल्कों में बदलाव सहित उठाये गये सक्रिय कदमों के बाद खाना पकाने के तेल की कीमतें दो साल के सबसे निचले स्तर पर हैं। पिछले साल सरसों के तेल के खुदरा मूल्यन 18.3 प्रतिशत, सोयाबीन तेल 17.1 प्रतिशत, सूरजमुखी तेल 23.8 प्रतिशत और आरबीडी पामोलीन 12 प्रतिशत कम हुए हैं। सरकार गेहूं के मूल्यों पर नियंत्रण के लिए भी प्रभावी कदम उठा रही है। खुदरा और थोक बाजारों में गेहूं व आटे के अखिल भारतीय औसत मूल्यि गिरावट का रुझान दर्शा रहे हैं। भारतीय पहले - सरकार ने पर्याप्त घरेलू आपूर्ति और कम कीमतें सुनिश्चित करने के लिए गेहूं, चावल और चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि किसानों को लाभकारी मूल्य मिलें। सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए खुली बाजार बिक्री योजना के तहत चावल और गेहूं की बिक्री बढ़ाई है। ह्लभारत राइसह्व लॉन्च किए जाने के बाद किए गए अन्य उपायों की श्रृंखला के अनुकरण से चावल की कीमतों को नियंत्रित करने में काफी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में मुफ्त खाद्यान्न- मुफ्त खाद्यान्न योजना ने देश के लोगों की वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली विनाशकारी महामारी का सामना करने में मदद की थी। महामारी का समय बीत गया है, लेकिन प्रधानमंत्री के दयालु नेतृत्व के परिणामस्वरूप उदार कल्याण योजना जारी है। सरकार ने पहले ही प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में पीएमजीकेएवाई के तहत अगले पांच वर्षों में 11.80 लाख करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि का वादा किया है। यह योजना राजकोषीय अनुशासन से समझौता किए बिना उदार कल्याणकारी योजनाएं चलाने के प्रधानमंत्री के बेमिसाल रिकॉर्ड को आगे बढ़ाती है। इसी प्रकार, यह सरकार आवश्यक खाद्य वस्तुओं के बाजार में नैतिकता और अनुशासन सुनिश्चित करती है। मूल्योंर के लिए सबसे अच्छा दशकझ्र इस प्रकार महामारी और यूक्रेन संकट के दोहरे संकट के बावजूद, पिछला दशक मुद्रास्फीति नियंत्रण में भारत के लिए सबसे अच्छा रहा है, हालांकि, इन संकटों ने इसे बहुत चुनौतीपूर्ण बना दिया था। यह उपलब्धि इस तथ्य के बावजूद हासिल की गई है कि हमें यूपीए से ह्लफ्रैजाइल-5ह्व अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी, जो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, गरीबों के लिए कम सम्मान और दो अंकों की मुद्रास्फीति से बुरी तरह प्रभावित थी। खाद्य सुरक्षा और मुद्रास्फीति नियंत्रण में भारत ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन उस समय किया जब देश सबसे चुनौतीपूर्ण माहौल का सामना कर रहा था। यह 140 करोड़ भारतीयों के इस विश्वास को मजबूत करता है कि मोदी है तो मुमकिन है।

# हार के बावजूद अमेठी का मैदान छोड़ने के मूड़ में नहीं दिख रहे हैं राहुल गांधी

**राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जब अमेठी पहुंची तो लगे हाथ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने का संकेत देकर गाँधी परिवार की अमेठी–रायबरेली वाली सियासत को फिर जिंदा कर दिया है। यह दोनों वह संसदीय क्षेत्र हैं जिसका गांधी परिवार से काफी लगाव रहा है।जब कांग्रेस पूरे उत्तर प्रदेश में उखड़ गई तब भी अमेठी रायबरेली में उसकी जड़ें जमी रही थीं।2019 के लोकसभा चुनाव में जरूर अमेठी से गाँधी परिवार का सफाया हो गया था लेकिन यहां कांग्रेस अभी खत्म नहीं हुई है। गांधी परिवार भावनात्मक रूप से अपने आप को अमेठी से जोड़कर बड़ा उलटफेर करने की ताकत रखता है। खरगे ने राहुल गांधी की अमेठी से लोकसभा उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा नहीं की मगर अमेठी की जनता से यह जरूर कह दिया कि राहुल गांधी कल भी आपके साथ थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे। इससे पूर्व सोनिया गांधी ने भी रायबरेली की जनता को लिखे भावनात्मक पत्र में अमेठी का जिक्र करके इसे गांधी परिवार के करीब बताया था। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने अमेठी से गांधी परिवार के करीबी रिश्ते को लेकर सोनिया गांधी के 26 साल पहले दिए गए बयान का हवाला देते हुए कहा कि राहुल गांधी भी अमेठी से दिल का करीबी रिश्ता होने की बात को आज दोहरा रहे हैं।**





### अजय कुमार
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार है**

कांग्रेस नेत्री और गांधी परिवार की बेटी प्रियंका वाड्रा गाँधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने की चर्चा पर कांग्रेस आलाकमान भले ही चुप्पी साधे हुए है, लेकिन राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने काफी कुछ साफ कर दिया है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जब अमेठी पहुंची तो लगे हाथ कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने का संकेत देकर गाँधी परिवार की अमेठी-रायबरेली वाली सियासत को फिर जिंदा कर दिया है। यह दोनों वह संसदीय क्षेत्र हैं जिसका गांधी परिवार से काफी लगाव रहा है। जब कांग्रेस पूरे उत्तर प्रदेश में उखड़ गई तब भी अमेठी रायबरेली में उसकी जड़ें जमी रही थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में जरूर अमेठी से गाँधी परिवार का सफाया हो गया था लेकिन यहां कांग्रेस अभी खत्म नहीं हुई है। गांधी परिवार भावनात्मक रूप से अपने आप को अमेठी से जोड़कर बड़ा उलटफेर करने की ताकत रखता है। खरगे ने राहुल गांधी की अमेठी से लोकसभा उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा नहीं की मगर अमेठी की जनता से यह जरूर कह दिया कि राहुल गांधी कल भी आपके साथ थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे। इससे पूर्व सोनिया गांधी ने भी रायबरेली की जनता को लिखे भावनात्मक पत्र में अमेठी का जिक्र करके इसे गांधी परिवार के करीब बताया था।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने अमेठी से गांधी परिवार के करीबी रिश्ते को लेकर सोनिया गांधी के 26 साल पहले दिए गए बयान का हवाला देते हुए कहा कि राहुल गांधी भी अमेठी से दिल का करीबी रिश्ता होने की बात को आज दोहरा रहे हैं। राहुल के अमेठी से चुनाव लड़ने के इरादों का साफ संदेश देते हुए खरगे ने इस संसदीय क्षेत्र की जनता से यह कहने से भी गुरेज नहीं किया कि भले ही क्षेत्र को कोई सांसद मिल सकता है, मगर राहुल गांधी जैसा इंसान उन्हें कहां मिलेगा। मगर इससे इत्तर अमेठी से चुनाव लड़ना गांधी परिवार के लिये अब आसान नहीं रह गया है। पिछले पांच वर्षों में अमेठी काफी बदल गया है। अमेठी की मौजूदा सांसद और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी अमेठी की जनता के दिलों में अपनी जगह बना ली है। खास बात यह रही कि मल्लिकार्जुन खरगे भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में जब अमेठी पहुंचे तो राहुल गांधी की मौजूदगी में वहां हुई एक जनसभा में अमेठी के रास्ते उत्तर प्रदेश के मैदान में कांग्रेस के डटे रहने का एलान किया गया। अमेठी वासियों के साथ गांधी परिवार के निकट रिश्तों का जिक्र करने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने एक शायरी की पंक्तियों- ह्यअगर तलाश करे कोई मिल ही जाएगा, मगर तुम्हारी तरह कौन हमको चाहेगाह्व, के द्वारा राहुल के अमेठी के चुनावी रण में ताल ठोंकने की घोषणा की।

खरगे ने यह भी कहा कि अमेठी को भले ही कोई सांसद मिल जाए मगर राहुल जैसा सहज और सहृदयी इंसान कहां मिल पाएगा। शायरी की इन पंक्तियों के बाद खरगे ने कहा कि अमेठी के लोग भी यही बोलते हैं और राहुल गांधी को चाहते हैं। राहुल गांधी ने चुनाव लड़ने को लेकर भले ही सीधे कोई टीका-टिप्पणी नहीं की लेकिन अमेठी और यहां के लोगों के साथ गहरे प्यार और जुड़ाव का इजहार करते हुए सदैव उनका आभारी रहने की बात कह पुराने रिश्ते की डोर को आगे बढ़ाते रहने का संदेश दिया। अमेठी से रिश्ते की बुनियाद नई नहीं बल्कि दशकों पुरानी है।

खैर, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि राहुल गांधी और उससे पहले सोनिया गांधी के रिश्ते की बुनियाद अमेठी से नई नहीं बल्कि दशकों पुरानी है। इसका संदेश देने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष ने राजनीति में आने के बाद 1998 में पहली बार अमेठी आयी सोनिया गांधी के पूरे बयान को पढ़ा। इसमें सोनिया ने कहा था- ह्यमेरे मन में अमेठी के लोगों के प्रति अटूट प्रेम और आदर है। अमेठी मेरे पति की कर्मभूमि थी। उनके दिल में अमेठी के भाई-बहनों के लिए कितना प्यार और समर्पण था मैंने इसे गहराई से महसूस किया है। आपने हर हालात में हमारा साथ दिया है। ये बात हम कभी भूल नहीं सकते। खरगे ने कहा कि सोनिया गांधी की यही बात फिर राहुल गांधी ने दोहराई है। आपके साथ उनका गहरा संबंध और प्रेम है। कांग्रेस अध्यक्ष के इस बेलाग बयान का सार स्पष्ट है कि वर्तमान में केरल के वायनाड से लोकसभा सांसद राहुल गांधी 2019 की पराजय के बावजूद अमेठी का चुनावी रण नहीं छोड़ेंगे।

बहरहाल, जल्द ही अमेठी और रायबरेली को लेकर कांग्रेस निर्णय ले लेगी, मगर सवाल यह भी है कि यदि सपा-कांग्रेस में गठबंधन नहीं भी होता है तो क्या समाजवादी पार्टी रायबरेली और अमेठी में गांधी परिवार को पहले की तरह वॉकओवर दे सकती है। सपा कई बार गांधी परिवार के खिलाफ प्रत्याशी नहीं उतारने का कारनामा कर चुकी है।

# भाजपा की उन्मुक्त भरती योजना

अजीत द्विवेदी

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले अलग अलग पार्टियों के नेताओं के लिए रोजगार मेला लगा रखा है। उसने पार्टी के दरवाजे के दोनों पट खोल दिए हैं, खिड़कियां भी खोल दी हैं और उन्मुक्त भर्ती योजना चला रखी है। कोई भी आकर पार्टी में शामिल हो सकता है। कई बार तो दरवाजे पर दस्तक देने की भी जरुरत नहीं समझी जा रही है। अंदर आइए और भाजपा का पटका रखा हुआ है उसे गले में पहन लीजिए और भाजपा के हो जाइए। अगर दूसरी पार्टी में कोई हैसियत है तो बड़े नेताओं से मिलना पड़ रहा है और तब पटका पहनाने की जिम्मेदारी भाजपा का कोई छोटा या बड़ा नेता निभा रहा है। इसके लिए बाजाब्ता एक कमेटी बनाए जाने की खबर है, जिसमें कई नेता शामिल हैं, जो दूसरी पार्टियों के नेताओं से संपर्क कर रहे हैं। ऐसे लोगों से भी संपर्क किया जा रहा है, जो सक्रिय राजनीति में नहीं हैं, लेकिन अपने क्षेत्र में काबिले ए जिक्र काम किया है या जिनकी समाज में कुछ पहचान है। उनको भी उन्मुक्त भरती योजना के तहत पार्टी में शामिल किया जा रहा है। राजनीतिक रोजगार देने की भाजपा की यह योजना इस लोकसभा चुनाव की घोषणा तक चलती रहेगी।इस योजना की खास बात यह है कि सरकारी नौकरियों की तरह इसमें पदों की संख्या सीमित नहीं है यानी जितने लोग आएंगे, उतने लोगों को भरती कर लिया जाएगा। जैसे कंपनियां इन दिनों इंस्टेंट कैशबैक की योजना चलाती हैं उसी तरह इंस्टेंट बेनिफिट की योजना भाजपा चला रही है। पहले सिर्फ एक बेनिफिट था कि पहले से चल रहे आपराधिक मामलों में राहत मिल जाती थी। केंद्रीय एजेंसियों की जांच धीमी पड़ जाती थी या थम जाती थी। लेकिन अब इसके साथ बेनिफिट बढ़ा दिए गए हैं। मिसाल के तौर पर कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आते ही अशोक चव्हाण को राज्यसभा की सीट मिल गई। आदर्श हाउसिंग घोटाले की जांच में जो राहत मिलेगी वह तो मिलेगी ही लेकिन तत्काल राज्यसभा भी मिल गई। यह भरती योजना शुरू होने से पहले भाजपा में शामिल हुए आरपीएन सिंह को भी इस योजना का लाभ मिला है और वे भी राज्यसभा की सीट हासिल करने में कामयाब हो गए हैं।

तीन महीने पहले कमलनाथ मध्य प्रदेश में कांग्रेस के चुनाव अभियान की कमान संभाल रहे थे और परिवारवाद व भ्रष्टाचार को लेकर माननीय प्रधानमंत्री के वार झेल रहे थे लेकिन वे भी भगवा पटका पहनने को बेकरार बताए जा रहे हैं। उनके खिलाफ सिख विरोधी दंगे चल रहे हैं। भांजे रतुल पुरी के खिलाफ तो आर्थिक अपराध के कई मामले हैं और 660 करोड़ रुपए की घोषित संपत्ति वाले बेटे नकुलनाथ पर भी नजर है।सवाल है कि रोजगार मेला लगा कर थोक में विपक्षी नेताओं की भरती करने का भाजपा का यह अभियान रणनीतिक रूप से कितना कारगर हो सकता है? क्या ऐसा भी हो सकता है कि यह मुक्त भरती योजना उलटी पड़ जाए? क्या इससे राहुल गांधी और कांग्रेस के प्रति लोगों के मन में सहानुभूति भी पैदा हो सकती है? अभी तक तो ऐसा लग रहा है कि भाजपा जीतता हुआ पक्ष है और उसने मुख्य विपक्षी पार्टी को तोड़ कर उसे बहुत कमजोर कर दिया है। इतना ही नहीं एक रणनीति के तहत भाजपा ने विपक्षी गठबंधन की सहयोगी पार्टियों को भी तोड़ा है। यानी गठबंधन तोड़ कर इंडियाझ ब्लॉक के घटक दलों को एनडीए में शामिल कराया है। इससे मुख्य विपक्षी कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन दोनों बहुत कमजोर हुए हैं। लेकिन कई बार कमजोर दुश्मन ज्यादा घातक हो जाता है, खास कर चुनावी राजनीति में।

कमजोर के प्रति सहानुभूति सहज होती है। इस बात को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बखूबी समझते हैं तभी दोनों अपने को हमेशा पीड़ित यानी विक्टिम के तौर पर पेश करते रहते हैं।दस साल तक प्रधानमंत्री रहने और पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने के बाद भी नरेंद्र मोदी यह कहने से नहीं चूकते हैं कि उनके खिलाफ क्या साजिशें चल रही हैं, उनको कैसे काम करने से रोका जा रहा है, कैसे उनकी जाति की वजह से उनके साथ भेदभाव हुआ या हो रहा है, कैसे उन्हें दो-तीन किलो गालियां रोज पड़ती हैं, आदि-आदि। लेकिन क्या प्रधानमंत्री मोदी के विक्टिम होने का नैरेटिव अब भी चल पाएगा या लोग

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर परीक्षार्थियों का आंदोलन जारी

प्रदेश के विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के विरोध में प्रतियोगी छात्रों का आंदोलन यहां उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के गेट के सामने शुक्रवार को जारी रहा। प्रतियोगी छात्र अभिनव द्विवेदी ने संवाददाताओं से कहा, ह्लसमीक्षा अधिकारी (आरओ) व सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के खिलाफ जारी आंदोलन में हमारी मांग है कि यह परीक्षा निरस्त की जाए और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत को हटाया जाए।ह्व उन्होंने आरोप लगाया कि इस परीक्षा के लिए दूसरे जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए जाने से यह गड़बड़ी हुई। इस बीच, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल हुए प्रतियोगी छात्रों से सुसंगत प्रमाण एवं साक्ष्यों के साथ 23 फरवरी शाम छह बजे तक प्रत्यावेदन मांगा है। बोर्ड ने प्रत्यावेदन एवं प्रमाण का परीक्षण करने के बाद अभ्यर्थियों के हित में आगे की कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

### पीपीपी मॉडल पर चार्जिंग स्टेशन बनेंगे

नगर निगम पीपीपी मॉडल पर चार्जिंग स्टेशन बनाएगा। इसके लिए निगम ने टेंडर जारी किया है। नगर निगम को 20 स्थान पर चार्जिंग स्टेशन लगाने हैं। दरअसल, शहर में ई-वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इनके लिए चार्जिंग स्टेशन नहीं हैं। ऐसे में वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। निगम ने लोगों को सुविधा देने के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाने का निर्णय लिया है। पीपीपी मॉडल पर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। प्रकाश विभाग के प्रभारी आस कुमार का कहना है कि चार्जिंग स्टेशन बनाने का काम जल्दी शुरू करा दिया जाएगा। इनके बनने से लोगों को राहत मिलेगी।

### जिले में 38 एमबीबीएस डॉक्टरों की भर्ती होगी

जिले में चिकित्सकों की कमी को दूर करने के प्रयास तेज हो गए हैं। विभिन्न पदों पर कुल 38 एमबीबीएस डॉक्टरों की भर्ती होनी है। इसके लिए सीएमओ कार्यालय में 26 फरवरी को साक्षात्कार होंगे। गाजियाबाद के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत एमबीबीएस चिकित्सकों की नियुक्ति होगी। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जिन पदों पर नियुक्ति होनी है, उनमें जनरल फिजिशियन दो, एसएमओ एक, ईएमओ ट्रामा सेंटर तीन, एलएमओ मातृ स्वास्थ्य चार, एमओ टेलीमेडिसिन हब दो, चिकित्साधिकारी यूएचडब्ल्यूसी के 26 पदों पर एमबीबीएस चिकित्सक नियुक्त होने हैं। इनमें सामान्य वर्ग के 14, अति पिछड़ा वर्ग के छह, अनुसूचित जाति के 16, अनुसूचित जनजाति के दो पदों पर साक्षात्कार होंगे। इसके लिए सीएमओ कार्यालय में 26 फरवरी को दिन तय किया गया है।

### दुकान की छत काटकर लाखों की बैटरी चुराईं

रस्तोगी कंपाउंड चिकम्बरपुर में चोरों ने दुकान की छत काटकर लाखों रुपये की बैटरी चोरी कर ली। आलाअधिकारियों से कार्रवाई की गुहार लगाने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू की। मानसी विहार सेक्टर-23 निवासी मोहम्मद फैसल की रस्तोगी कंपाउंड चिकम्बरपुर में दुकान है। दस फरवरी की रात चोरों ने वहां से 80 से ज्यादा बैटरी चोरी कर ली। सुबह फैसल दुकान पर पहुंचे तो छत टूटी हुई देखकर घटना की जानकारी हुई। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पीड़ित के मुताबिक चोर लगभग साढ़े छह लाख रुपये की बैटरी चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने वारदात के बाद पुलिस को तहरीर दी थी। आरोप है कि कई दिन बाद भी पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एक सप्ताह बाद आलाधिकारियों से गुहार लगाने के बाद पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। साहिबाबाद पुलिस का कहना है कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और चोरों की तलाश कराई जा रही है।

### बिजली मीटर से छेड़छाड़ पर रिपोर्ट

बिजली मीटर से छेड़छाड़ के मामले में जांच करने पहुंची टीम के साथ कुछ लोगों ने गाली-गलौज करते हुए बाधा उत्पन्न की। विभाग के अवर अभियंता की शिकायत पर टीला मोड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोयल एन्क्लेव स्थित विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जब वह टीम के साथ भोपुरा में सुरेंद्र के मकान पर पहुंचे तो वहां दो युवक मीटर से छेड़खानी कर रहे थे। उनसे पूछताछ करनी चाही तो वह धक्का देकर फरार हो गए। मीटर सुरेंद्र के परिसर में लगा था। पूछताछ करने पर सुरेंद्र ने गाली-गलौज की। पुलिस ने सुरेंद्र और दोनों बाइक सवारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सरस आजीविका मेले में लोगों ने इंडिया फूड कोर्ट के व्यंजनों का चखा स्वाद

**नोएडा, एजेंसी**




सेक्टर-33 स्थित नोएडा हाट में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा समर्थित सरस आजीविका मेले में आठवें दिन शुक्रवार को भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। जहां लोगों ने विभिन्न राज्यों के उत्पादों की जमकर खरीददारी की, वहीं इंडिया फूड कोर्ट में विभिन्न राज्यों के व्यंजनों का सवाद चखा। इंडिया फूड कोर्ट के कोर्डिनेटर श्रेयस कश्यप ने बताया कि यहां इस बार देश भर के 20 राज्यों की 80 गृहणियों के समूह ने अपने प्रदेश के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टाल लगाए हैं, जिनमें हर प्रदेश के क्षेत्रीय व्यंजनों के स्वाद का अनोखा आनंद प्राप्त हो रहा है। राजस्थानी कैर सागरी गट्टे की सब्जी से लेकर बंगाल की फिश करी, तेलंगाना का चिकन, बिहार की लिट्टी चोखा, पंजाब का सरसों का साग व मक्के की रोटी, प्राकृतिक खाद्य उत्पाद, हरियाणा के बाजरे व ज्वार के लड्डू बिस्कुट, कर्नाटक व जम्मू कश्मीर के ड्राई फ्रूट सहित पूरे भारत के पकवान मौजूद हैं। मेले के आठवें दिन यहां विभिन्न प्रकार के टेस्टी मोमोज तथा सूप के स्वाद को लोगों ने चखा। वहीं मिजोरम के शेजवान राइस, स्पेशल मिजो टी तथा मिजो सुगर का भी लोगों ने आनंद उठाया। गोवा के फिश रवा फ्राई तथा प्रॉन्स लोगों को खासे भाए। राजस्थानी थाली तथा पंजाब का साग और मक्के की रोटी का स्वाद लोगों को खूब भाया। यहां महाराष्ट्र के बड़ा पाव तथा मसाला पाव के साथ ही असम के मशरूम और पनीर मोमोज ने भी लोगों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर स्थानीय व्यंजन में यूपी की स्पेशल थाली भी लोगों को खूब पसंद आई। एनआईआरडीपीआर के असिस्टेंट डायरेक्टर चिरंजीलाल कटारिया ने बताया कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा समर्थित इस सरस आजीविका मेला 2024 में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जा रहा है। 16 फरवरी से 04 मार्च तक चलने वाले इस उत्सव में देश के विभिन्न राज्यों के आकर्षक उत्पादों की उत्तम एवं किफायती कीमत में यहां खरीददारी की जा सकती है। उत्तम व्यवस्था के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी यहां निगरानी में हैं। व्यवस्था में एनआईआरडीपीआर के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग निरंतर बना रहा। शुक्रवार को यहां मंच पर कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। इस बार मेले में 85 से ज्यादा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिनका नोएडावासी लुत्फ उठा सकेंगे। सरस आजीविका मेले में आठवें दिन खासी चहल-पहल रही। लोगों ने यहां जमकर खरीददारी की। शुक्रवार को यहां गुजरात की मुक्ताबेन एंथोनी बुद्धम सखी मंडल वुडन हैंडीक्राफ्ट तथा इमिटेशन ज्वैलरी की महिलाओं ने खरीददारी की। कर्नाटक से चंद्रकला, शिल्पा तथा प्रवीन बानू के हैंडीक्राफ्ट्स प्रोडक्ट्स की भी जमकर खरीददारी हुई। केरल के पैकेट्स बनाना चिप्स तथा कोकोनट आयल तथा मिक्स जूस की भी धूम रही। वहीं कर्नाटक के हैंडीक्राफ्ट उत्पाद भी महिलाओं की पसंद बने। इसके साथ ही केरल के हर्बल फूड, मसालों की अच्छी बिक्री हुई। जबकि पंजाब की हल्दी तथा हैंडीक्राफ्ट उत्पाद में कुचि आइटम लोगों को खासे पसंद आए। इसके साथ ही हैंडलूम, साड़ी और ड्रेस मेटिरियल में विभिन्न राज्यों से हैं जो महिलाओं और युवतियों की पसंद बने हैं। टसर की साड़ियां, बाघ प्रिंट, गुजरात की पटोला साड़ियां, काथा की साड़ियां, राजस्थानी प्रिंट, चंदेरी साड़ियां। हिमाचल उत्तराखंड के ऊनी उत्पाद व हैंडलूम के विभिन्न उत्पाद, झारखंड के पलाश उत्पाद व प्राकृतिक खाद्य सहित मेले में पूरे भारत की ग्रामीण संस्कृति के विविधता भरे उत्पाद उपलब्ध हैं। ज्वैलरी और होम डेकोर के प्रोडक्ट्स के रूप में आंध्र प्रदेश की पर्ल ज्वैलरी, वूडन उत्पाद, आसाम का वाटर हायजिनिथ हैंड बैग और योगामैट, बिहार से लाहकी चूड़ी, मधुबनी पेंटिंग और सिक्की क्राफ्ट्स, छत्तीसगढ़ से बेलमेटल प्रोडक्ट्स, मडमिरर वर्क और डोरी वर्क गुजरात से, हरियाणा, का टेरा कोटा, झारखंड की ट्राइबल ज्वैलरी यहां आकर्षण का केंद्र बने हैं।

## आईएमएस में पांच दिवसीय एफडीपी सम्पन्न




**नोएडा, एजेंसी**

इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा में शुक्रवार को एफडीपी सम्पन्न हुआ। संचार एवं प्रस्तुतीकरण विषय पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम में आईसीटी एकेडमी के प्रशिक्षक मोहम्मद आदिल ने संचार की विविधतापूर्ण विधियों एवं विद्यार्थियों को शिक्षा देने के तरीकों के बारे में विस्तार से चर्चा की। वहीं आईएमएस स्कूल ऑफ आईटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता, कॉमर्स, मैनेजमेंट, लॉ डिपार्टमेंट सहित आईटी और अन्य विभागों के सैकड़ों अध्यापकों ने हिस्सा लिया। शुक्रवार को एफडीपी के समापन सत्र में शिक्षकों को संबोधित करते हुए आईएमएस के महानिदेशक प्रो.(डॉ.) विकास धवन ने कहा कि शिक्षण कार्य में संचार एवं प्रस्तुतीकरण का विशेष महत्व है। शैक्षणिक कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए रचनात्मक प्रस्तुतीकरण कौशल एवं संचार कौशल का पर्याप्त ज्ञान अनिवार्य है। आप विभिन्न प्रकार के संचार तकनीक जिनमें प्रेजेंटेशन, डेबेट, रोल-प्ले, और व्यक्तिगत और सामूहिक भाषण आदि का प्रयोग कर छात्रों के साथ संचार कौशल को बेहतर बना सकते हैं। साथ ही अध्ययन कार्य में छात्रों के साथ उचित भाषा का प्रयोग, सही शब्दों का चयन एवं सुव्यवस्थित अध्ययन सामग्री से रोचकता भी बढ़ाई जा सकती है। इस विशेष कार्यक्रम को संचालित करते हुए संचार एवं प्रशिक्षण के विशेषज्ञ मोहम्मद आदिल ने संचार की विविधतापूर्ण विधियों से विद्यार्थियों को शिक्षा देने के तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया। खास बात यह रही कि रोल प्ले, क्विज, इंटरेक्टिव टेक्नीक, कंपैरेटिव एनालिसिस, साइकोलॉजिकल गेमिंग, प्ले लर्निंग सहित इम्पैक्ट ऑफ एप्रिसिएशन जैसी तकनीक और सकारात्मक मनोवैज्ञानिक तरीकों से विद्यार्थियों को शिक्षण पर जोर दिया गया। मो.आदिल ने बताया कि कैसे सफल शिक्षण के लिए शिक्षक एक विकसित मनोविज्ञान और संचार कौशल का इस्तेमाल कर सकता है। दिलचस्प बात यह रही कि मो. आदिल के दिए गए असाइनमेंट्स में आइएमएस के शिक्षकों ने समूह विभाजन की तकनीक अपनाते हुए अभिनय, सांकेतिक प्रदर्शन, पहेली सहित विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## कोर्ट के आदेश पर दो सिपाहियों के खिलाफ केस



**नोएडा, एजेंसी**

टीला मोड़ थानाक्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने तुलसी निकेतन पुलिस चौकी पर तैनात दो सिपाहियों पर घर में घुसकर मारपीट और जाति सूचक शब्द कहकर अपमानित करने का आरोप लगाते हुए कोर्ट में न्याय की गुहार लगाई थी। मामले में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर गई दी है। भोपुरा निवासी पीड़ित ने आरोप लगाया था कि उसकी पहली पत्नी की बीमारी के चलते 2020 में मौत हो गई थी। बच्चों की देखभाल के लिए उसने बुराड़ी निवासी युवती से दूसरी शादी की थी। आरोप है कि दूसरी पत्नी का प्रेम प्रसंग टीला मोड़ थाने में तैनात सिपाही रविंद्र से चल रहा है। बीती 17 जुलाई 2023 को उसने पत्न ी से खाना मांगा तो उसने इनकार कर दिया। इसके चलते कहासुनी हो गई। आरोप है कि उसकी पत्नी ने सिपाही को फोन कर दिया। रात के दो बजे रविंद्र साथी सिपाही उपदेशपाल के साथ उसके घर आया और मारपीट की। दोनों ने जाति सूचक शब्द कहकर अपमानित किया। साथ ही, झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि वह थाने पहुंचा, लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की। इसके बाद उसने उच्चाधिकारियों से भी कार्रवाई की गुहार लगाई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कमलनाथ का आग्रह, राहुल का संबल बनें कांग्रेस कार्यकर्ता

**भोपाल, एजेंसी**



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कांग्रेस कार्यकताओं से आग्रह किया है कि वे पार्टी नेता राहुल गांधी की ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्राह्ण में शामिल होकर गांधी का ह्यसंबलह्ण बनें। कमलनाथ ने आज अपनी एक्स पोस्ट में कहा, ह्लमध्यप्रदेश की जनता और कांग्रेस के कार्यकर्ता राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की अगवानी के लिए उत्साहित हैं। अन्याय, अत्याचार और शोषण के खिलाफ हम सबके नेता श्री राहुल गांधी जी पूरे देश में सड़कों पर उतरकर एक निर्णायक लड़ाई का ऐलान कर चुके हैं।ह्व उन्होंने कहा कि वे मध्यप्रदेश की जनता और कांग्रेस के कार्यकताओं से आग्रह करते हैं कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर राहुल गांधी का संबल और साहस बनें। उन्होंने दावा किया कि सभी मिलकर अन्याय के खिलाफ जारी इस महाअभियान को अंजाम तक पहुँचायेंगे। कमलनाथ के पिछले कुछ दिन से कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की अटकलें जोरों पर थीं। ऐसे में उनके इस यात्रा में शामिल होने पर भी शंका के बादल छाए हुए थे। हालांकि दो दिन पहले उन्होंने इस यात्रा को लेकर आयोजित बैठक में वर्चुअली शामिल होकर इन अटकलों पर काफी हद तक विराम लगाने की कोशिश की थी। साथ ही उन्होंने इस यात्रा में शामिल होने की भी बात कही थी। गांधी की यात्रा आगामी दो मार्च को मुरैना से मध्यप्रदेश में प्रवेश करेगी। यात्रा के सिलसिले में श्री गांधी छह मार्च तक मध्यप्रदेश में रहेंगे। छह मार्च को उनकी यात्रा रतलाम के सैलाना के रास्ते राजस्थान में प्रवेश कर जाएगी।

## उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2013 की विनियमितीकरण नीति पर लगायी मुहर, हजारों कर्मचारी होंगे लाभान्वित

**नैनीताल, एजेंसी**



उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अपने महत्वपूर्ण निर्णय में सरकार की वर्ष 2013 की विनियमितीकरण नीति पर अपनी मुहर लगा दी है। यही नहीं सरकार ने नियमितीकरण के लिये सेवा का दायरा बढ़ाकर पांच साल के बजाय 10 साल कर दिया है। उच्च न्यायालय के इस आदेश से राज्य के हजारों कर्मचारी लाभान्वित हो सकेंगे और उन्हें विनियमित किया जा सकेगा। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की युगलपीठ ने यह आदेश गुरुवार 22 फरवरी को नरेन्द्र सिंह बिष्ट और अन्य चार की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिकाओं की सुनवाई के बाद जारी किया लेकिन आदेश की प्रति आज प्राप्त हुई। मामले के अनुसार राज्य सरकार ने वर्ष 2013 में सरकारी विभागों, निगमों, परिषदों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं में काम करने वाले तदर्थ, संविदा कर्मियों के विनियमितीकरण के लिये एक नियमावली तैयार की। इसमें प्रावधान किया गया कि उमा देवी के आदेश के आलोक में वर्ष 2011 में बनायी नियमावली के तहत जो कर्मचारी विनियमित नहीं हो पाये उन्हें विनियमित किया जा सके। सरकार का यह भी तर्क था कि चूंकि उत्तराखंड राज्य 09 नवम्बर, 2000 को अस्तित्व में आया और उसके कई वर्ष बाद भी सरकारी विभागों का गठन हुआ, इसलिये उनमें तैनात कर्मचारियों को वर्ष 2011 की नियमावली का लाभ नहीं मिल पाया। सरकार ने तब हालांकि 2013 की नियमावली में 10 वर्ष की अवधि को घटाकर पांच साल तक सीमित कर दिया था। सरकार की मंशा थी कि इससे वे कर्मचारी लाभान्वित हो सकेंगे जिन्होंने उत्तराखंड बनने के बाद 10 साल या उससे अधिक की सेवा पूरी कर ली है। याचिकाकताओं ने सरकार के इस कदम को वर्ष 2018 में चुनौती दी और कहा कि सरकार विनियमितीकरण के लिये सेवा की अवधि को 10 साल से घटाकर पांच साल नहीं कर सकती है। युगलपीठ में सभी प्रकरणों पर कल सुनवाई हुई और अदालत ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सरकार की वर्ष 2013 की विनियमितीकरण नियमावली को जायज ठहरा दिया। साथ ही पीठ ने सरकार के पांच साल की सेवा अवधि को बढ़ाकर 10 साल कर दिया। इस आदेश के बाद सरकारी विभागों, निगमों और स्वायत्तशासी संस्थाओं, कालेजों और विभागों में तदर्थ और संविदा पर काम करने वाले हजारों कर्मचारियों को हो सकेगा। इस आदेश से इन कर्मचारियों में खुशी की लहर व्याप्त है।

# नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से गाजियाबाद तक 25 स्टेशन बनेंगे

**नोएडा, एजेंसी**



नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से गाजियाबाद तक के लिए नमो भारत व मेट्रो को जोड़ने के लिए 25 स्टेशन बनेंगे। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) द्वारा इसके लिए रूट का निर्धारण कर लिया गया है। अब तीन अप्रैल तक परियोजना की डीपीआर जमा की जाएगी। एयरपोर्ट से गाजियाबाद तक 72.2 किलोमीटर तक एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाएगा। एक ही ट्रैक पर मेट्रो और नमो भारत दोनों दौड़ेगी। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए गाजियाबाद के सिद्धार्थनगर से वाया ग्रेनो वेस्ट, परी चौक व जेवर एयरपोर्ट तक नमो भारत (रैपिड रेल) रूट का डीपीआर तैयार किया जा रहा है। अहम यह भी रहेगा कि एयरपोर्ट तक दिल्ली एनसीआर के शहरों से रोड, मेट्रो, नमो भारत की सीधी कनेक्टिविटी हो। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआई) की जेवर एयरपोर्ट से सीधी कनेक्टिविटी को प्राथमिकता दी जाएगी। गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा वेस्ट, परी चौक और यीडा सिटी से जेवर एयरपोर्ट तक रैपिड रेल का रूट अब फाइनल कर लिया गया है। फिलहाल इस रूट पर 25 स्टेशन बनाए जाएंगे, जिन्हें भविष्य में 38 स्टेशन तक बढ़ाया जा सकेगा। भविष्य में इस रूट पर अच्छी खासी संख्या में यात्री मिलेंगे। आईजीआई से जेवर एयरपोर्ट 45 मिनट में पहुंच सकेंगे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से जेवर एयरपोर्ट के लिए भी नमो भारत चलाई जाएगी। ताकि एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को बीच में गाड़ी बदलने के लिए परेशान न होना पड़े। सीधी कनेक्टिविटी होने से आईजीआई से नोएडा एयरपोर्ट तक 45 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। नमो भारत का मुख्य जंक्शन सराय काले खां है। सराय काले खां सिद्धार्थ विहार से जुड़ा है। यहां से ही सीधी कनेक्टिविटी जेवर एयरपोर्ट के लिए भी मिलेगी। इसके लिए ट्रैक पर अलग से लूप बनेंगे, ताकि नमो भारत का बिना रुके एयरपोर्ट तक संचालन हो सके। एलिवेटेड ट्रैक पर कितने लूप बनेंगे इसको लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। मेट्रो में तीन, नमो भारत में आठ बोगी होगी खास बात यह भी है कि मेट्रो में तीन व नमो भारत ट्रेन में आठ बोगी होगी। मेट्रो की रफ्तार सामान्य 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी, जबकि नमो भारत 140 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी। नमो भारत में अधिक बोगी होने के चलते ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकेंगे। ग्रेनो वेस्ट के लोगों को मिलेगा फायदा परियोजना के मूर्तरूप लेने पर न सिर्फ नोएडा एयरपोर्ट बल्कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट व ग्रेटर नोएडा के निवासियों को काफी लाभ होगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए यह परियोजना तो लाइफ लाइन साबित होगी। दरअसल अभी ग्रेनो वेस्ट व ग्रेटर नोएडा से गाजियाबाद पहुंचना आसान नहीं है। लोगों को ग्रेनो वेस्ट में प्रतिदिन जाम से जूझना पड़ता है। जिनके पास निजी वाहन नहीं है उन्हें इधर उधर भटकना पड़ता है। सार्वजनिक परिवहन के नाम पर अभी ग्रेनो में कोई सुविधा लोगों को नहीं मिल रही है।

## प्रधानमंत्री की प्रेरणा व प्रयास से संयुक्त अरब अमीरात में बना पहला हिंदू मंदिर: योगी



**वाराणसी, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि अयोध्या धाम के साथ ही प्रधानमंत्री की प्रेरणा व प्रयास से संयुक्त अरब अमीरात में पहले हिंदू मंदिर का निर्माण हुआ है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन में सांसद खेलकूद, सांसद संस्कृत प्रतियोगिता, सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने यह बात कही। उन्होंने कहा, 500 वर्षों के प्रभु श्री रामलला के वनवास के कालखंड को समाप्त कर अयोध्या धाम में अपनी दूरदर्शिता, वचनबद्धता और कर कमलों से प्रभु को विराजमान कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी काशी आए हैं और उनकी ही प्रेरणा व प्रयास से संयुक्त अरब अमीरात में पहला हिंदू मंदिर बना है। गत सप्ताह ही उसका लोकार्पण कर प्रधानमंत्री काशी में पधारे हैं। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार योगी ने कहा, काशी मंदिरों का ही शहर है। अब काशी की आभा वैश्विक मंच पर सांस्कृतिक रूप से बुलंद हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी सर्वविद्या की राजधानी होगी और पिछले 10 वर्ष में आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हुए काशी नए कलेवर में दुनिया के सामने आई है। उन्होंने कहा, कल रात्रि 11 बजे भी अपने प्रधानमंत्री को विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए देखा होगा। रात्रि 11 बजे जब दुनिया सोती है, तब प्रधानमंत्री जी जगकर आपके हित में कार्य कर रहे थे। यह बताता है कि राजनेता कैसे जनमानस का विश्वास अर्जित कर सकता है। एक अन्य आधिकारिक बयान के अनुसार यहां वाराणसी के सीरगोवर्धन में संत रविदास की 647 वीं जयंती समारोह को प्रधानमंत्री नरेन्द्रह मोदी की मौजूदगी में संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी की तर्ज पर सीरगोवर्धन में नया स्वरूप देखने को मिलता है। उन्हों ने कहा कि आज संग्रहालय का शिलान्यास हुआ है, यह संगत जब उनकी 650वीं जयंती मनाएगी तो यहां भव्य स्मारक देखने को मिलेगा।

## नगर निगम के पूर्वांचल और उत्तरांचल भवन बनकर तैयार



**गाजियाबाद, एजेंसी**

नगर निगम के पूर्वांचल और उत्तरांचल भवन बनकर तैयार हो गए। हिंडन विहार के पास वाल्मीकि भवन भी बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 फरवरी को तीनों भवन का उद्घाटन करने आ सकते हैं। हालांकि शासन से मुख्यमंत्री के दौरे का कार्यक्रम अभी जारी नहीं हुआ है। पूर्वांचल भवन अर्थला मेट्रो स्टेशन के पास बनाया है। जबकि उत्तरांचल भवन नंदग्राम में बनाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब साढ़े तीन साल पहले दोनों भवनों को बनाने की घोषणा की थी। इसके बाद ही निगम ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया था। पूर्वांचल भवन की पहली मंजिल पर चार कमरे, एक वीआईपी रूम और एक वीवीआईपी रूम बनाया है। ग्राउंड फ्लोर पर 500 से ज्यादा लोगों की क्षमता वाला सभागार तैयार रहा है। एक तरफ रसोई भी है। इसी तरह उत्तरांचल भवन का निर्माण कार्य भी पूरा हो गया। सभी कमरे और सभागार तैयार हो गए हैं। पार्किंग भी तैयार हो गई है। इसके अलावा वाल्मीकि भवन बनकर तैयार है। निगम ने तीनों भवन के उद्घाटन करने की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री भवनों का उद्घाटन करने 28 फरवरी को आ सकते हैं। निगम ने उनके दौरे की तैयारी शुरू कर दी है। निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता एनके चौधरी ने बताया कि तीनों भवन बनकर तैयार हैं। इनका जल्दी उद्घाटन करा दिया जाएगा।

## डीएमई पर दो घंटे जाम झेलना पड़ा

**ट्रांस हिंडन, एजेंसी**

किसान आंदोलन को लेकर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर शुक्रवार सुबह भी लगभग दो घंटे जाम लगा रहा। हालांकि, एनएच-9 पर दोनों लेन खोले जाने से लोगों को राहत मिली। डीएमई पर सुबह 11 बजे तक जाम लगा रहा। इसके अलावा आनंद विहार, महाराजपुर, आराधना, तुलसी निकेतन और लोनी बॉर्डर पर भी सुबह के समय लगभग दो घंटे वाहन चालकों को जाम से जूझना पड़ा। न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत विभिन्न मागों को लेकर किसान लगभग एक पखवाड़े से आंदोलन कर रहे हैं। इसके चलते लोगों को दिल्ली की सीमाओं पर रोज जाम से जूझना पड़ रहा। आंदोलन के चलते दिल्ली और यूपी पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। दिल्ली से सटी सभी सीमाओं पर पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। यूपी गेट जैसे सबसे महत्वपूर्ण स्थान पर पीएसी के जवान तैनात हैं। शुक्रवार को यूपी गेट के अलावा आनंद विहार, महाराजपुर और अन्य सभी सीमाओं पर सुबह 8:30 से 10:30 बजे तक जाम की स्थिति बनी रही है। इसके बाद यातायात सामान्य होने लगा। यातायात निरीक्षक संतोष चौहान ने बताया कि यूपी गेट पर सुबह के समय वाहनों का दबाव अधिक रहने से जाम की स्थिति बन जाती है। इसी प्रकार आराधना बॉर्डर को लेकर यातायात निरीक्षक अजय कुमार ने बताया कि सुबह के समय ही वाहन चालकों को थोड़ी परेशानी होती है। इसके बाद स्थिति सामान्य हो जाती है।

## डिलीवरी करने के दौरान चालक ने 80 मोबाइल फोन किए गायब, पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा

**नोएडा, एजेंसी**

सूरजपुर थाना पुलिस ने 80 मोबाइल फोन चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उनके पास से 72 मोबाइल फोन बरामद किए है जिनकी कीमत लगभग साढ़े 13 लाख के करीब है. वहीं आठ फोन अभी भी बरामद नहीं किए गए हैं जिनके लिए पुलिस की टीम में जुटी हुई है. दरअसल, 20 फरवरी को शैडोफैक्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर ने सूरजपुर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. मैनेजर ने बताया कि सैमसंग कंपनी के 80 मोबाइल फोन ए15 5जी को डिलीवरी करते समय गायब कर दिया गया. मैनेजर ने कंपनी के ड्राइवर पर शक जाहिर करते हुए पुलिस से शिकायत की. शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और मामले की जांच शुरू कर दी. एडीसीपी सेंट्रल नोएडा हिरदेश कठेरिया ने बताया कि सूरजपुर पुलिस व सर्विलांस टीम के संयुक्त प्रयास से 48 घंटे के अंदर ही घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है. इस गिरोह का मास्टरमाइंड राजस्थान का रहने वाला रवि गौड़ है जो वर्तमान में ग्रेटर नोएडा के लखनावली गांव में किराए पर रहता था और शैडोफैक्स कंपनी में चालक था. उसने अपने दो अन्य दोस्तों राजस्थान निवासी दिनेश और अनिल कुमार के साथ मिलकर कंपनी से 80 मोबाइल फोन गायब कर दिए. शिकायत के बाद पुलिस ने जांच करते हुए तीनों शातिर चोरों को शुक्रवार को मुबारकपुर गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने इनके पास से गायब किए गए 72 मोबाइल बरामद किए हैं.

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने वारंटी को जेल भेजा

दावथ (रोहतास) सूर्यपुरा पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। सूर्यपुरा थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र बारुण,सूर्यपुरा प्रखंड निवासी राजेश कुमार साह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध सासाराम कोर्ट से वारंट निर्गत था।

### महिला शराब धंधेबाज गिरफ्तार

राजपुर (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने शराब साथ महिला कारोबारी को गिरफ्तार कर संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि स्थानीय थाना के राजपुर निवासी कौशल्या देवी को तीन लीटर 200 एमएल देसी शराब के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया।जो गिरफ्तार महिला कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया।

### स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने की कला प्रस्तुति

काराकाट (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत किरहीं पंचायत के हटियां स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । गुरुकुल पब्लिक स्कूल हटियां के निदेशक जितेंद्र कुमार ने वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। निदेशक जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन धूम धाम से किया जाता है । वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने स्वागत गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद सामूहिक नृत्य, नाटक, गीत सहित कई प्रकार का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर रितेश कुमार, प्रियंका देवी व स्कूल के छात्र - छात्रा व अभिभावक मौजूद थे।

### पुत्र के गुमशुदगी का पिता ने प्राथमिकी दर्ज कराया

कुर्था (रोहतास) स्थानीय थाना क्षेत्र के कुर्था निवासी अर्जुन गिरी ने अपने पुत्र के गुमशुदगी का मामला कुर्था थाने में दर्ज कराया है । स्थानीय थाना में आवेदन देते हुए अर्जुन गिरी ने बताया कि उसका करीब 27 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार जो विगत 21 फरवरी को घर से निकाला था। लेकिन अब तक घर वापस नहीं लौटा। जिसकी विभिन्न रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन के बाद भी कही पता नहीं चल सका। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि सूचक अर्जुन गिरी के बयान पर स्थानीय थाने में पुत्र के गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया है । पुलिस इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर बरसे

● कहा मैं दो-दो मुख्यमंत्री का बेटा हूँ और दो बार उपमुख्यमंत्री और विरोधी दल का नेता भी रह चुका हूँ इसलिए मुझे कुर्सी नहीं चाहिए मैं जनता की सेवा करना चाहता हूँ

प्रात : किरण संवाददाता



सासाराम। रोहतास जिले के दिनारा स्थित बलदेव उच्च विद्यालय में जन विश्वास यात्रा के तहत पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जमकर केंद्र तथा राज्य सरकार पर बरसे। पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने उत्साहित जन समूह के कहने पर आज दिनारा के मंच पर उन्होंने पगड़ी बांधी। जनता के कहने पर तेजस्वी ने पगड़ी बांधने पर उन्होंने कहा कि इस पगड़ी की लाज आपके हाथ में है। तेजस्वी ने पूछा कि इस लाज को बचाइएगा ना। 03 मार्च को पटना में आयोजित इंडिया गठबंधन की रैली में जनता को उन्होंने न्योता दिया। उन्होंने कहा कि आप लोगों के बीच में उनके पिता लालू प्रसाद यादव भी आज मौजूद रहते लेकिन अस्वस्थ होने के कारण को आने में असमर्थ रहे। तेजस्वी यादव के आगमन को लेकर आज दिनारा में अपार जन समूह के साथ काफी संख्या में राजद कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। तेजस्वी यादव बोले की मैं दो-दो मुख्यमंत्री का बेटा हूँ। मैं दो बार उपमुख्यमंत्री भी रहा हूँ मुझे अपने लिए कुछ नहीं चाहिए। मैं बिहार के जनता के लिए लड़ाई लड़ रहा हूं- मैंने जनता के बीच जो वादा किया था। उसे पूरा किया और नौकरी भी लोगों को दिया। आगे सरकार बनने पर बेरोजगारों को और भी नौकरी दूंगा। उन्होंने कहा कि 17 माह के सरकार में 5 लाख नौकरी दिया। अन्य विभागों के बहाली फाइल सीएम नीतीश कुमार दबा कर रखें।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी ने जन विश्वास यात्रा में नीतीश पर साधा निशाना



प्रात : किरण संवाददाता

बक्सर (शाहाबाद) डेढ़ वर्ष पूर्व जब मुख्यमंत्री नितीश कुमार मेरे पिता लालू प्रसाद यादव और मां राबड़ी देवी के यहा पहुंचे तो मैं भी था। जो मेरे पिताजी से कह रहे थे भाजपा वाला मेरा पार्टी ही तोडना चाहते है आप उसे बचा लें। उक्त बातें शुक्रवार को किला मैदान में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जन विश्वास यात्रा के दौरान किला मैदान में सम्बोधित कर रहे थे। तेजस्वी यादव ने कहा की नितीश कुमार के साथ सरकार बनाने के पूर्व हमारी शर्त थी की चुनाव के दौरान हमने मालिक रूपी जनता से वादा किया है की सत्ता में आएंगे तो दस लाख नौकरी देंगे जिसे आप पूर्ण करेंगे तो हम साथ आने को तैयार है।जिसके बाद 15 अगस्त 2022 को गाँधी मैदान से भाषण में उन्होंने दस लाख नौकरी देने का ऐलान किया था। जो की हमने पिछले 17 माह में पांच लाख नौकरी देकर जनता के साथ अपना विश्वास जीता है। वही आगे आनेवाले दिनों में भी दो लाख नौकरी स्वास्थ्य विभाग में देने के लिए हमने अपना सिग्नेचर कर दिया है जो की आगे पूर्ण होगा।

## उतर प्रदेश के उपमुखमंत्री का स्वागत भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा किया गया

● जिला अध्यक्ष बिभु जैन के निर्देशन में स्वागत किया गया और सब मंडल के अध्यक्षगण के द्वारा स्वागत निम्न स्थान पर किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



आराः भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वार उतर प्रदेश के उपमुखमंत्री का स्वागत जिला में कोईलवर, धरहरा पुल, जीरो माइल, कौरा, हरिगांव, नयका टोला, जिसमे जिला अध्यक्ष बिभु जैन के निर्देशन में जिला में स्वागत किया गया और सब मंडल के अध्यक्ष गण के द्वारा स्वागत निम्न स्थान पर किया गया जिसमे कोइलवर में मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा, प्रशांत मिश्रा, नीरज सिंह, इशू परकाश, वैभव जी, वीरेंद्र जी, लव पंडित ,पर धरहरा पूल पर बलजीत सिंह, जीरो माइल पर युवा नेता राम दिनेश यादव, कौरा में पंकज सिंह, वीरेश कुमार ,हरिगाव में रंजन सिंह के में स्वागत किया गया जिसने बीजेपी जिला अध्यक्ष दुगार्राज, जिला मंत्री संतोष चंद्रवंशी, युवा नेता राकेश ओझा,युवा मोर्चा के ज़िला महामंत्री राहुल सिंह, अंकित सिंह चंद्रवंशी,अंकित तिवारी, रवि केशरी,सरवन राय, आदि सिंह आदि,राजीव सिंह,कमल क्लब संवोजक बड़े सिंह बजरंगी, विश्वजीत सिंह,राहुल सिंह, संजय परकश, मनीष चंद्रवंसी, मणि सिंह, मणि मोहन चौबे, अमरनाथ सिंह, उमेश सिंह, रवि कुमार,राजीव कुमार, विकाश कुमार, ड्ढ जिला अध्यक्ष ऋतू राज, बिना गुप्ता, श्रवन गुप्ता, श्याम प्रकाश, पिन्टू बिन्द, महीला मोर्चा महामंत्री शालनी सिंह, शेखर गुप्ता, महेन्द्र प्रसाद,सागर कुशवाहा,रंजीत सहा,रोहित कुमार गोड, राजकुमार सिंह,अखिलेश कुमार, मुना कुमार गौड़, इस स्वागत कार्यक्रम को सफल करने के लिए जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह को बहुत बहुत आभार जिसका जानकारी मीडिया परभारी अरिहंत विजय जैन ने दी

## भाजपा द्वारा आयोजित प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम पंकज ललन द्वारा भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मौर्य को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रेम पंकज ललन ने स्वागत किया। प्रेम पंकज ललन ने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री का आरा की पवित्र धरती पर पहली बार आगमन हुआ । श्री मौर्य विकास पुरुष के नाम से जाने जाते हैं और उत्तर प्रदेश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के व्यापार प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अंजन ने माला और अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया वही जगदीशपुर में आयोजित जनसभा में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर पर उनके साथ आनंद कुमार विशाल कुमार गुप्ता आदित्य सिंह आदि प्रिंस कुमार अजीत सिंह मंटू सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## नेहरू युवा केंद्र कैमूर ने प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद का किया आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। भभुआ नगर स्थित शुक्रवार को उदासी देवी हाई स्कूल में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद का जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल एवं जिला युवा पदाधिकारी सुशील करोलिया के द्वारा उद्घाटन किया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में फुटबॉल ,वॉलीबॉल ,कबड्डी तथा दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई है। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ऐबीवीपी के अभय द्विवेदी,डॉक्टर हृदयनंद सिंह ,त्रियोगी नारायण सिंह ,वैभव कुमार ,बंशीधर सिंह थे। जो प्रथम दिन महिला एवं पुरुष दौड़ कबड्डी तथा वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही पुरुष 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान जावेद अली द्वितीय स्थान अनुज कुमार तथा तृतीय स्थान सुमित कुमार ने प्राप्त किया। महिला 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान गोल्डी चौबे ,द्वितीय स्थान अंकिता कुमारी तथा तृतीय स्थान अमृता कुमारी ने प्राप्त किया है।महिला कबड्डी में एमएसडी क्लब,भभुआ विजेता तथा संत लॉरेंस इंग्लिश स्कूल,भभुआ उपविजेता रहा है।वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता अंबेडकर युवा क्लब,कबार तथा उपविजेता द ग्लोरियस एकेडमी,भभुआ रहा। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका अवधेश कुमार, सोनू कुमार शर्मा ,आसिफ हुसैन, श्रवण कुशवाहा, राजकेश्वर सिंह ने निभाई। जिला युवा पदाधिकारी सुशील करोलिया ने बताया कि आज के युवा युवतियों को खेल में चढ़ बढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। जो स्वास्थ्य के साथ-साथ खेल जगत में भी अपना नाम रोशन कर सकते हैं। वही 24 फरवरी 2024 को इस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण के साथ किया जाएगा।

## स्वर्गीय बाबू राजकिशोर सिंह की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर सिंगही आरा के संस्थापक स्वर्गीय बाबू राजकिशोर सिंह जी की पुण्यतिथि विद्यालय परिसर में मनाई गई इस पावन अवसर पर विद्यालय प्रबंध करने समिति के संरक्षक राजकुमार सिंह अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह सदस्य सुनीता सिंह गिन्नी सिंह संजय कुमार सिंह एवं परिवार के सभी सदस्यों के साथ-साथ प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा सचिव वशिष्ठ नारायण सिंह विभाग प्रमुख वीरेंद्र कुमार एवं सभी आचार्य बंधुओ ने और भैया बहनों स्थानीय समाज के बड़ी संख्या में उपस्थित शुभचिंतकों द्वारा बाबू राजकिशोर प्रसाद राजकिशोर सिंह एवं माता चुनमुन देवी के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । इसके पूर्व परिवारजनों और प्रधानाचार्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संरक्षक महोदय राजकुमार सिंह अध्यक्ष महोदय वीरेंद्र सिंह द्वारा बाबूजी के द्वारा विद्यालय की स्थापना के उद्देश्य पर विशद चर्चा की गई। साथ ही साथ विद्यालय के भैया बहनों के लिए एक उत्कृष्ट पुस्तकालय, खेलकूद हेतु सामग्री, संगणक कक्ष, एवं विज्ञान प्रयोगशाला के निर्माण के लिए अधिकतम आर्थिक सहयोग की भी घोषणा की गई। संरक्षक राजकुमार सिंह एवं दाता परिवार के अन्य सभी सदस्यों द्वारा विद्यालय के भूमि भवन के नवीनीकरण हेतु शीघ्र ही कार्य पूर्ण करने का संकल्प व्यक्त किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय परिसर में ही एक लघु पुस्तकालय को भैया बहनों को समर्पित किया गया। विद्यालय के मैदान में महोगनी के 10 पौधों का पारिवारिक सदस्यों द्वारा रोपण किया गया। कार्यक्रम के अंत में दाता परिवार की ओर से विद्यालय के समस्त भैया बहनों, आचार्य बंधु- भगिनी, कर्मचारी एवं उपस्थित समस्त समाज के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया। समापन सत्र में प्रधानाचार्य ने आगामी सत्र में विद्यालय को भोजपुर जिले का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनाने का संकल्प व्यक्त किया और आए हुए वार्ड पार्षद मालती देवी प्रकाश सिंह समस्त जनों का आभार ज्ञापन किया।

## भारतीय क्रिकेट टीम में आकाशदीप के चयन को लेकर रोहतास जिले में खुशी

● आकाशदीप की गेंदबाजी देखने के लिए पूरे दिन टीवी के सामने बैठे रहे लोग, इंग्लैंड को शुरूआती तीन झटके देकर आकाशदीप ने मचाई सनसनी

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला शुक्रवार को रांची में खेला जा रहा है। मुकाबले के लिए जसप्रीत बुमराह की जगह बिहार के रोहतास जिला निवासी आकाशदीप का भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के अंतिम एकादश में चयन हुआ है। जिसको लेकर पूरे रोहतास जिला समेत उनके क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच में पर्दापण कर रहे आकाशदीप अपने पहले मैच में हीं इंग्लैंड को एक के बाद एक तीन झटके देकर बैकफुट पर ला दिया है। इंग्लैंड के पहले तीनों विकेट आकाशदीप ने हीं अपने नाम किया। आकाशदीप की तेज और इन स्विंग गेंदों ने इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम को धराशाई कर दिया है। जिसके बाद लंच ब्रेक तक बची खुची कसर आर अश्विन और जडेजा ने एक-एक विकेट लेकर पूरी कर दी। इधर सासाराम स्थित उनके क्रिकेट अकादमी में आकाशदीप की भारतीय टीम में चयन को लेकर काफी उत्साह है। अकादमी में खिलाड़ियों ने आकाशदीप के चयन पर केक काटकर खुशियां मनाई तथा सभी खिलाड़ी टीवी स्क्रीन के सामने बैठकर पूरे दिन मैच देखते रहे। जब भी आकाशदीप गेंदबाजी के लिए आते तो सभी खिलाड़ी जोर-जोर से चिल्लाने लगते। वहीं खिलाड़ियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आकाशदीप का इंडियन टेस्ट क्रिकेट टीम में चयन होना पूरे रोहतास जिले के लिए गर्व की बात है। आकाश दीप काफी प्रतिभावान खिलाड़ी है तथा वह लगभग 150 की स्पीड से गेंद फेंकते हैं। खिलाड़ियों ने कहा कि आज आकाशदीप भैया को भारतीय टीम से खेलते हुए देखकर हम सभी काफी उत्साहित हैं और हम भी चाहते हैं कि एक दिन भारतीय टीम का हिस्सा बनकर अपने जिले एवं देश का नाम रोशन करें। बता दें कि आकाश दीप जिले के शिवसागर प्रखंड अंतर्गत बड्डी गांव के निवासी हैं। रोहतास जिले के एक छोटे गांव से आने वाले आकाशदीप बंगाल की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और उन्होंने साल 2019 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था। फिलहाल आकाशदीप आईपीएल में आरसीबी की तरफ से खेलते हैं और अब उन्होंने भारतीय टेस्ट टीम में शामिल होकर रोहतास जिले का नाम रोशन कर दिया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण के साथ बैठक की



प्रात : किरण संवाददाता

आराः आगामी दिनांक 09 मार्च, 2024 को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण कार्यपालक विभाग, इंश्योरेंस विभाग एवं सभी बैंक के पदाधिकारीगण के साथ एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ब्रजेश कुमार मालवीय के प्रकोष्ठ एवं अध्यक्षता में किया गया। बैठक में संबंधित पदाधिकारीगण को संबोधित करते हुए जिला जज ने कहा कि 09 मार्च को अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन के लिए पक्षकारगण के बीच प्री काउंसलिंग करें। साथ ही प्रचार वाहनों से संबंधित क्षेत्र में प्रचार प्रसार की व्यवस्था करें।जिला जज ने समझौते के आधार पर मुकदमा पूर्व मामलों के निष्पादन करने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालक विभाग से खनन विभाग, मापतौल, विद्युत, श्रम, वन विभाग, दूरसंचार, इंश्योरेंस के पदाधिकारीगण एवं उनके अधिवक्तागण तथा जिला अग्रणी प्रबंधक के साथ अन्य बैंकों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# 3 मार्च जन विश्वास रैली की तैयारी को लेकर नगर कमेटी के बैठक संपन्न

● विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश नाकाम होगी-माले!

प्रात : किरण संवाददाता




आरा संविधान व लोकतंत्र पर हमले के खिलाफ महागठबंधन के आह्वान पर आगामी 3 मार्च को गांधी मैदान पटना में होने वाले जनविश्वास महारैली की तैयारी को लेकर भाकपा-माले आरा नगर कमेटी की बैठक रामनरेश राम सामुदायिक भवन आरा में आयोजित की गई !बैठक का संचालन भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने की !बैठक के बाद माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने बताया कि महागठबंधन के आह्वान होने वाले जनविश्वास रैली की तैयारी को लेकर पर व्यापक बातचीत की गई !रैली की तैयारी के क्रम में आरा शहर के विभिन्न मुहल्लों में जनता की बैठक करने,पैदल-प्रचार,मशाल जुलूस,प्रभात फेरी निकाला जाएगा !बैठक दौरान माले नगर दिलराज प्रीतम ने कहा कि विपक्ष की सरकारों और पार्टियों अस्थिर करने की लगातार कोशिश चल रही साजिशों की कड़ी में ही भाजपा ने नीतीश कुमार को मोहरा बनाकर बिहार के सत्ता हड़प ली है !कपूर्री ठाकुर के नाम पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दलितों गरीबों अति,पिछड़े समुदाय के साथ विश्वासघात किया है !जाति जनगणना से उठ रहे गरीबी और बिहार के पिछड़ेपन पर पर्दा डालने और महागठबंधन सरकार द्वारा लगातार मिल रही नौकरी व शिक्षकों को सरकारीकर्मी के दर्जे से घबराई भाजपा ने तख्तापलट किया है !भाजपा नफरत,झूठ,लूट,बर्बरता के एजेंडे के साथ देश व बिहार को तबाह करने पर आमादा है ! आगे माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने कहा कि माले के अगिआंव विधायक का मनोज मंजिल सहित 23-23 लोगों को एक फर्जी मुकदमे में फंसाकर भाजपा ने गरीबों की आवाज को दबाने ने की साज़िश रची है !इससे बिडंबना क्या होगी कि इसी भोजपुर में दलित-गरीबों के जनसंहार के सभी हत्यारों को बरी कर दिया गया लेकिन न्याय व लोकतंत्र की लड़ाई लड़ने वालों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई !वंचित समुदाय के साथ न्याय का संहार है ! आगे माले नेता ने कहा कि भाजपा चाहे जितनी भी साज़िशे रच ले उसकी कॉरपोरेटपरस्त, दमनात्क व साम्प्रदायिक नीतियों के खिलाफ देश की व्यापक जनता उठ खड़ी हो रही है !

## 15 बीघे का पशुचारा जलकर हुए राख

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बुढ़वल गांव के माध्यमिक विद्यालय के समीप खलिहान में आग लगने से मानिकचंद राम और अनिल सिंह का करीब 15 बीघा खेत का पशुचारा जलकर राख हो गया।इससे इन किसानों के सामने पशुओं के लिए चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है। किसानों ने खलिहान में दस बीघे और पांच बीघे खेत का पुआल पशुओं के चारा के लिए रखा था।शुक्रवार की दोपहर खलिहान में रखे पुआल में आग लग गई। जब तक लोग मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाते, तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पुआल जलकर राख हो गया। वही आग बुझाने क्रम में विद्यालय के रसोईया, भोला यादव, जितेंद्र समिति, बैद्यनाथ राम, मानिकचंद राम, अविनाश कुमार सिंह व अन्य कई लोगों ने प्रयास तो किया जब तक आग बुझाने के बारे में तैयारी करते तब तक पुआल राख में तब्दील हो चुकी थी।

# बिस्मिल्लाह खां महोत्सव का आयोजन

### अल्ताफ की गायकी पर झूमे श्रोता तो मुरली की उस्ताद के प्रति श्रद्धा की जमकर हुई चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता



डुमरांव (बक्सर): उस्ताद बिस्मिल्लाह खान की याद में कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में राज हाई विद्यालय, डुमरांव के खेल मैदान में बिस्मिल्लाह खान महोत्सव-2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री उपभोक्ता मामले खाद्य सह सांसद अश्विनी कुमार चौबे, डीएम अंशुल अग्रवाल, डीडीसी डॉ महेंद्र पाल, एसडीएम,डुमरांव कुमार पंकज, एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। अधिकारियों ने आगत अतिथियों को बुके, अंग वस्त्र और बिस्मिल्लाह खान का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत के बाद शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह पुस्तक के लेखक सह कलमकार मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने उस्ताद बिस्मिल्लाह खां जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला उनके जीवन के कई अनछुए पहलूओं से भी लोगों को रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि डुमरांव में शहनाई नवाज भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां समारोह का आयोजन हुआ। इसमें बिस्मिल्लाह खां पर शोधपरक पुस्तक लिखने वाले और पिछले 30 वर्षों से उस्ताद की स्मृतिंयो को स्थापित करने के लिए लगातार काम करने वाले लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने मंच संबोधित करते हुए बिस्मिल्लाह खां साहब के साथ गुजारे अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उस्ताद गंगा-जमनी के प्रतीक थे। उन्होंने बताया कि उस्ताद का नाम आखिर बिस्मिल्लाह खां कैसे पड़ा। उनके अपने सौतेले भाई पंचकौड़ी मियां ने डुमरांव नहीं छोड़ा तो उस्ताद ने हिंदुस्तान में रहकर पांच समय के नमाजी मंदिरों में सुबह शाम शहनाई वादन किया करते थे। बिस्मिल्लाह खां साहब का नाम बिस्मिल्लाह खां कैसे पड़ा इसकी एक मात्र वजह है कि एक समय ऐसा भी आया कि जीविकोपार्जन के लिए कमरुद्दीन और शम्सुद्दीन यानि दोनों भाईयों को बिस्मिल्लाह एंड पार्टी खोलनी पड़ी। जब आगे कदम बढ़े 1962 में गुंज उठी शहनाई में म्यूजिक डायरेक्शन देने का मौका मिला कमरुद्दीन जिनके भाई शम्सुद्दीन थे का निधन पहले ही हो चुका था। फिर क्या उस्ताद ने फिल्म में नाम बिस्मिल्लाह खां ही रखवा दिया, जिससे दोनों भाई अमर हो गए और वही आगे चलकर शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खां होकर रह गए। बक्सर जिले की पहली फिल्म बझे शहनाई हमार अंगना में बतौर म्यूजिक डायरेक्टर और फिल्म की मुहूर्त के लिए डुमरांव में 1979 में डॉ शशि भूषण श्रीवास्तव जी लेकर आये थे। बिस्मिल्लाह खां जी की स्मृति को स्थापित करने के लिए श्री मुरली ने अनेकों काम किये यही वजह रही कि वर्ष 2022 में उस्ताद पर काम करने के लिए उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया। डुमरांव ने महान विभूतियों को जन्म-अश्विनी चौबे-कार्यक्रम के सम्बोधन में सांसद अश्विनी चौबे ने कहा कि यहां संगीत की विधा को आगे बढ़ाने के लिए दो वर्षों हेतु 50 लाख सीएसआर से और 15 लाख राज हाई स्कूल के प्रांगण में संगीत महाविद्यालय संचालित करने के लिए दिया जाएगा। यह मेरे लिए गर्व कि बात है कि मेरे संसदिय जिले में से बिस्मिल्लाह खान जैसी महान विभूतियों को जन्म हुआ है।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंका



प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले सासाराम में पीएम का पुतला दहन किया गया। संयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष ने बताया कि हरियाणा तथा पंजाब में किसानों द्वारा की जा रही आंदोलन को भाजपा सरकार कुचल रही है। भाजपा सरकार किसान विरोधी है किसानों पर समन भेजा जा रहा है। किसानों पर किया जा अत्याचार को लेकर पीएम गृहमंत्री आदि पर मुकदमा दर्ज करने तथा किसानों के मांग पूरी करने को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा सड़क पर आज उतारा है। किसानों कि मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने कि चेतावनी प्रदर्शनकारियों ने दी है। जहां इसी कड़ी में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले सासाराम पोस्ट ऑफिस चौक पर पीएम का पुतला दहन किया गया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 24 फरवरी, 2024



# पैन इंडिया एक्ट्रेस राशि खन्ना धूम मचाने के लिए तैयार



**दक्षिण भारतीय और हिंदी सिनेमा दोनों में अपनी प्रभावशाली भूमिकाओं के लिए प्रसिद्ध, बहुभाषी मार्वल राशी खन्ना की देशव्यापी प्रशंसा आगामी हिंदी एक्शन थ्रिलर, योद्धा में उनके सम्मोहक प्रदर्शन के साथ जारी है।**

सिद्धार्थ मल्होत्रा जैसे सितारों के साथ सहयोग करते हुए, राशि की यात्रा उनकी बहुमुखी प्रतिभा और प्रतिभा का उदाहरण देती है, जिससे भारतीय फिल्म उद्योग में एक उभरते सितारे के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है। 15 मार्च को रिलीज़ होने वाली योद्धा में, राशी का चित्रण एक आकर्षण होने का वादा करता है, जैसा कि मनोरंजक टीज़र से पता चलता है जहाँ उसका चरित्र एक विमान अपहरण की गंभीर स्थिति का सामना करता है। थिरुचित्राबलम और सरदार में उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद यह उनके करियर में एक और मील का पत्थर है। धनुष, अजय देवगन और शाहिद कपूर जैसे प्रतिष्ठित अभिनेताओं के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने के बाद, राशि खन्ना की उपस्थिति ध्यान आकर्षित करती है। भाषाओं और शैलियों के बीच निर्बाध रूप से परिवर्तन करने की उनकी क्षमता उनकी बहुमुखी प्रतिभा और व्यापक अपील को रेखांकित करती है। जैसा कि दर्शक उत्सुकता से योद्धा की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, राशी का प्रक्षेप पथ लगातार बढ़ रहा है। विक्रांत मैसी के साथ साबरमती रिपोर्ट और सहित अपनी अगली परियोजनाओं के साथ, अभिनेत्री भारतीय फिल्म उद्योग में एक ताकत के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए तैयार है।



# जान्हवी कपूर ने एक्टिंग स्कूल से कुछ नहीं सीखा

**जान्हवी कपूर जल्द ही फिल्म देवरा में नजर आएंगी। इस फिल्म से एक्ट्रेस अपना साउथ डेब्यू कर रही हैं। जान्हवी कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि उन्होंने रू एक्टिंग स्कूल से कुछ नहीं सीखा। उन्होंने आगे कहा कि मुझे वो साल भारत के लोगों को जानने के बारे में गुजारने चाहिए थे।**

## जान्हवी कपूर ने अपना एक्सपीरियंस शेयर किया

जान्हवी कपूर ने बातचीत में कहा- मैंने वहां कुछ नहीं सीखा। मैं मानती हूं कि कैलिफोर्निया मजेदार था और वहां का स्कूल महान था। फिर भी मेरे लिए स्कूल का एक्सपीरियंस कुछ खास नहीं रहा। मैं पहली बार एक ऐसे माहौल में थी, जहां मुझे कोई भी किसी की बेटी के रूप में नहीं पहचानता था। सच कहूं तो ये गुमनामी बहुत ताजगी भरी थी। जान्हवी ने आगे बताया कि एक्टिंग स्कूल का फॉर्मेट भी अलग था। उन्होंने कहा- जिस स्कूल से मैंने पढ़ाई की, उसका फॉर्मेट इस बात पर आधारित था कि हॉलीवुड कैसे काम करता है। हॉलीवुड में ऑडिशन किस तरह से होते हैं। वहां कास्टिंग के लोगों से कैसे मिलते हैं। मुझे स्कूल में पढ़ाई के दौरान एहसास हुआ कि हालांकि स्कूल मेथड एक्टिंग पर बेस्ड था, लेकिन मैं खुद एक मेथड एक्टर नहीं थी।

## जान्हवी ने भारत के लोगों को जानने की ख्वाहिश जाहिर की

जान्हवी ने कहा- काश मैं वो साल भारत के लोगों, यहां की भाषा को बेहतर तरीके से जानने में लगाती। मुझे ऐसा लगता है फिल्मों में मैं अपने देश के लोगों की कहानियां बताती हूं, ना कि विदेशी लोगों की। काश मैं उस समय अपने देश में ही रहती और ऐसी चीजें कर पाती, जो मुझे अपने देश के लोगों से जोड़ती हैं। जब मैंने धड़क फिल्म के लिए शूटिंग शुरू की थी, तब मुझे महसूस हुआ कि मेरे लिए केवल एक चीज मायने रखती है। वो है- अपने देश की कहानियां। मैं पर्दे पर अपने देश के लोगों की कहानियां बताना चाहती हूं। अपने देश की अलग-अलग भाषाओं को जानना चाहती हूं। मैं चाहती हूं यहां के लोग जैसा महसूस करते हैं, वैसा मैं कर सकूं। यहां के लोग किस तरह से सोचते हैं, वो बारीकी से समझ सकूं।

## जान्हवी कपूर के आने वाले प्रोजेक्ट्स

जान्हवी कपूर जल्द ही फिल्म उलझ में नजर आएंगी। इस फिल्म में वो IFS ऑफिसर के किरदार में दिखाई देंगी। इसके अलावा एक्ट्रेस जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म देवरा से अपना साउथ डेब्यू भी करती नजर आएंगी। जान्हवी, राजकुमार राव के साथ फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में भी दिखेंगी।



# तृप्ति डिमरी ऋषिकेश में शूटिंग करते हुए मनाया जन्मदिन

नेशनल क्रश तृप्ति डिमरी एक आगामी प्रोजेक्ट के सेट पर अपना 29वां जन्मदिन मना रही हैं जिसके लिए वह इस समय ऋषिकेश में शूटिंग कर रही हैं। ऋषिकेश के लुभावने दृश्यों के बीच अपना जन्मदिन मना रही तृप्ति ने फिल्म उद्योग में अपनी यात्रा पर सोचने के लिए कुछ समय निकाला। रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म एनिमल में अपने अभिनय से बड़े पैमाने पर प्रशंसा हासिल करने वाली अभिनेत्री ने कहा, ऋषिकेश की मनमोहक खूबसूरती के बीच वह काम करना जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है, इससे ज्यादा संतोषजनक जन्मदिन की उम्मीद नहीं कर सकती। सेट पर बिताया गया क्षण एक उपहार है, और मैं अभिनय के प्रति अपने जुनून में डूबे हुए अपने विशेष दिन का जश्न मनाने के अवसर के लिए अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं। काम के मोर्चे पर, तृप्ति डिमरी के पास पाइपलाइन में कई फिल्में हैं। इनमें राजकुमार राव के साथ विक्की विद्या का वो वाला वीडियो, विक्की कौशल और एमी विर्क के साथ मेरे मेहबूब मेरे सनम और कार्तिक आर्यन के साथ भूल भुलैया 3 शामिल हैं।

# सामंथा ने सोशल मीडिया पर बताया अपना बॉडी वेट

साउथ की खूबसूरत एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने सोशल मीडिया पर अपने वजन और मेटाबोलिक एज का खुलासा किया है। उन्होंने एक फोटो शेयर करते हुए अपनी एक सबसे अच्छी सुबह की झलक शेयर की। सामंथा ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की जिनमें वह समुद्र के किनारे वर्कआउट करते दिख रही हैं। साथ ही उन्होंने एक पेपर शेयर किया है जिसमें उनका वजन और मेटाबॉलिक रेट है। शेयर की गई फोटो से पता चलता है कि अभिनेत्री का वजन 50.1 किलोग्राम है। फैट परसेंटेज 24, फैट मास 12 किलोग्राम, मसल्स मास 35.9 किलोग्राम और मेटाबोलिक एज 23 है। कैप्शन में लिखा- सुबह के सूरज की तलाश में रहें, सबसे अच्छी सुबह।
सामंथा अगली बार वरुण धवन के साथ सिटाडेल के भारतीय रीमेक में दिखाई देंगी। इसका निर्देशन राज एंड डीके और सीता आर. मेनन ने किया है।





# तनीषा ने शादी की योजना का किया खुलासा

काजोल की बहन और अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने हिंदी, तमिल और तेलुगु सहित कई भाषाओं की फिल्मों में काम किया है। अपनी फिल्मों के साथ-साथ एक्ट्रेस एक फिल्म एक्टर के साथ अपने कथित रिलेशन को लेकर भी काफी वक्त चर्चा में रहीं। एक्टर से तनीषा की मुलाकात एक रियलिटी शो के दौरान हुई थी। हाल ही में एक बातचीत के दौरान तनीषा ने अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में बात की। इसके साथ-साथ एक्ट्रेस ने अपनी शादी की प्लानिंग का भी जिक्र किया।
काफी वक्त पहले तनीषा मुखर्जी एक्टर अरमान कोहली के साथ रिश्ते को लेकर सुर्खियों में रही थीं। हालांकि, करीब सालभर की डेटिंग के बाद इनकी राहें जुदा हो गईं। तनीषा का कहना है कि वे अपने काम पर फोकस कर रही हैं, जिसमें उनका गहरा यकीन है। अपनी शादी की प्लानिंग पर बात करते हुए तनीषा ने कहा कि इसे लेकर लोगों को उत्साहित और जिज्ञासु होने दें। उत्साहित होने का उनका पूरा अधिकार है, लेकिन अपनी निजता बनाए रखने का मेरा भी पूरा हक है। तनीषा ने आगे कहा, मेरे ख्याल से शादी उन लोगों के लिए एक शानदार संस्था है, जो इसे समझते हैं और जिन्हें सही साथी मिल जाता है। यह खूबसूरत है। लेकिन जहां तक मेरी बात है तो मैं प्रस्ताव करती रहती हूं और भगवान उसे निपटाते रहते हैं। हर कोई एक खास शख्स चाहता है, जिसके साथ जिंदगी बिताई जा सके।

## मराठी सिनेमा में करेंगी डेब्यू

तनीषा की निजी जिंदगी की बात करें तो वे फिल्मी परिवार से आती हैं। उनके पिता शोमू मुखर्जी मशहूर फिल्म निर्माता थे। मां तनुजा अपने दौर की चर्चित एक्ट्रेस रही हैं। बड़ी बहन काजोल का इंडस्ट्री में अपना नाम है। तनीषा ने भी फिल्मों में काम किया है। कई भाषाओं की फिल्मों में हाथ आजमाने के बाद अब वह मराठी सिनेमा में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं।



# मौत की झूठी अफवाह फैलाकर कानूनी पचड़े में फंसीं पूनम पांडे?

मॉडल-अभिनेत्री पूनम पांडे बीते दिनों जबरदस्त सुर्खियों में रहीं। पूनम ने अपनी मौत की झूठी अफवाह फैलाई और बाद में आकर सफाई दी कि उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए यह कदम उठाया था। इसके बाद अभिनेत्री खूब ट्रोल हुईं। साथ ही उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी जानकारी सामने आई। वहीं, अब इस पर खुद पूनम ने चुप्पी तोड़ी है और सब का खुलासा किया है।

## पूनम पांडे पर कानूनी कार्रवाई नहीं!

पूनम पांडे ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी मौत की झूठी कहानी बनाकर सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने अब साफ किया है कि उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। हालिया इंटरव्यू में पूनम पांडे ने इस मामले में कुछ जानकारियां साझा कीं। पूनम ने कहा कि उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अफवाहों के विपरीत उनके खिलाफ कोई मामला नहीं है।



# कंगना रणौत की क्वीन 2 पर बड़ा अपडेट आया सामने

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रणौत अपनी फिल्मों को लेकर खबरों में छाई रहती हैं। कंगना जल्द ही फिल्म इमरजेंसी में नजर आएंगी। कंगना ने बॉलीवुड को कई फिल्में दी हैं, लेकिन अभिनेत्री को पहचान वर्ष 2014 में आई फिल्म क्वीन से मिली थी। ये फिल्म के करियर के लिए गेम चेंजर साबित हुई थी। इस फिल्म को मिली अपार सफलता के बाद दर्शकों को इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म से जुड़ी तमाम अफवाहों के बीच निर्देशक विकास बहल ने पिछले साल खुलासा किया था कि वह इसके सीक्वल पर काम कर रहे हैं। अब फिल्म से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आ रहा है।

## लॉक हुई क्वीन 2 की स्क्रिप्ट

कंगना रणौत की क्वीन 2 की स्क्रिप्ट तैयार हो गई है। फिल्म क्वीन की रिलीज को 10 साल पूरे होने वाले हैं। सात मार्च को इस फिल्म को एक दशक पूरा हो जाएगा। इस पर बात करते हुए फिल्म के निर्देशक विकास बहल ने कहा, क्वीन की रिलीज को दस साल पूरे होने वाले हैं। बहुत सारे लोग जो मुझसे क्वीन 2 के बारे में पूछते रहते हैं। तो मुझे ऐसा लगता है जैसे यह फिल्म कल ही रिलीज हुई है। हालांकि, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हमने वास्तव में अपनी कहानी पूरी कर ली है।

# डब्ल्यूपीएल में शाहरुख के साथ बाइक स्टंट करते नजर आएंगे शाहिद

अभिनेता शाहिद कपूर इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म को दर्शकों से काफी सराहना मिल रही है। वहीं, अब शाहिद कपूर महिला प्रीमियर लीग डब्ल्यूपीएल 2024 के उद्घाटन समारोह में शाहरुख खान और अन्य बॉलीवुड सितारों के साथ प्रदर्शन करते नजर आएंगे। अभिनेता पहले ही बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। शाहिद को बीती रात शाहरुख खान और सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ अपने प्रदर्शन के लिए अभ्यास करते देखे गए। डब्ल्यूपीएल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें अभिनेता बाइक पर बैठे नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही शाहिद ने महिला क्रिकेट लीग के प्रति अपने विचार व्यक्त किए।

## बचपन से क्रिकेटर बनना चाहते थे शाहिद

शाहिद ने डब्ल्यूपीएल पहल की सराहना करते हुए कहा, मुझे क्रिकेट बहुत पसंद है। मेरा बचपन से ही क्रिकेटर बनने का सपना था, जब भी मैं किसी स्टेडियम में आता हूं, तो मुझे बहुत खुशी होती है। मैं उस छोटे बच्चे की तरह महसूस करता हूं, जिसे कैंडी स्टोर में जाने का मौका मिलता है। इसलिए जब भी मैं यहां आता हूं, तो मुझे बहुत अच्छा लगता है। वास्तव में यह बहुत ही शानदार पहल है। मुझे सभी महिलाओं को देखकर बहुत अच्छा लगता है। वे सभी मजबूत एथलीट हैं और वे इन अवसरों की हकदार भी हैं। महिलाओं के लिए अपने कौशल का प्रदर्शन करने का यह एक बेहतरीन मंच है।

## शाहिद के बच्चों को भी पसंद है क्रिकेट खेलना

उन्होंने अपनी बेटी मीशा के क्रिकेट प्रेम के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, मेरी एक बेटी है और वह सोचती थी कि क्या महिलाएं भी क्रिकेट खेलती हैं। उन्हें स्पोर्ट बहुत पसंद है। मेरे बेटे को क्रिकेट खेलना पसंद है। वह उनके साथ मुकाबला करना चाहती थी। मैंने अपनी बेटी को कुछ मैच दिखाए और कहा कि लड़कियां क्रिकेट खेल सकती हैं। वे बहुत अच्छे से क्रिकेट मैच खेलती हैं। मुझे बहुत खुशी है कि आखिरकार लीग आ गई है। मैं जैसे आईपीएल के लिए अपने बेटे और बेटी के साथ बैठता हूं, वैसे ही हम डब्ल्यूपीएल के लिए भी बैठेंगे।

## इस फिल्म में नजर आएंगे शाहिद

शाहिद कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता फिल्म देवा में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को साल 2024 में दशहरा के दिन सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। शाहिद कपूर के अलावा इस फिल्म में पूजा हेगड़े अहम किरदार में नजर आने वाली हैं। वहीं, इस फिल्म का निर्माण बॉलीवुड फिल्ममेकर सिद्धार्थ रॉय कपूर के रॉय कपूर फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है।






## संक्षिप्त समाचार

### एनपीएस खाते में आधार वेरिफिकेशन होगा अनिवार्य

**1 अप्रैल से लागू होगी नई व्यवस्था**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेंशन फंड नियामक पीएफआरडीए ने बड़ा फैसला लेते हुए राष्ट्रीय पेंशन योजना के खाते का आधार आधारित सत्यापन निवार्य कर दिया है। अब दोहरे सत्यापन यानी टू-फैक्चर ऑथिंटिकेशन के बाद ही खाते से निकासी संभव हो सकेगा। नई व्यवस्था एक अप्रैल से लागू होगी।
इस संबंध में नियामक ने हाल ही में सर्कुलर जारी किया है। इसके मुताबिक, सेंट्रल रिकॉर्ड कीपिंग एजेंसी (सीआरए) सिस्टम में लॉग-इन करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। ऐसा




एनपीएस सदस्यों और दूसरे पक्षों के हितों को ध्यान में रख किया गया है।
अब सीआरए सिस्टम में लॉग-इन करने के लिए दो सत्यायन (टू-फैक्चर ऑथिंटिकेशन) का इस्तेमाल होगा। सीआरए सिस्टम एक वेब आधारित प्लेटफॉर्म है, जिसे एनपीएस से संबंधित कामों के लिए तैयार किया गया है।
अभी यह है व्यवस्था : वर्तमान में एनपीएस सदस्यों को खाते में लॉगइन करने के लिए उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड की जरूरत होती है। इनके माध्यम से ही खाते में बदलाव और निकासी संभव होती है। अभी केंद्र और राज्य सरकारों के नोडल अधिकारी सीआरए सिस्टम में लॉग-इन करने के लिए पासवर्ड आधारित व्यवस्था पर निर्भर हैं। इसे और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए इसे आधार आधारित सत्यापन से जोड़ा जाएगा।

**ऐसे कर सकेंगे इस्तेमाल:**

पीएफआरडीए के मुताबिक, आधार आधारित लॉग-इन सत्यापन को एनपीएस सदस्य के उपयोगकर्ता आईडी से जोड़ा जाएगा। इसके बाद आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी को भी दर्ज करने के बाद एनपीएस खाते में लॉगइन किया जा सकेगा।

### ग्रे मार्केट में तूफान बना एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स लिमिटेड का आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर बनाने वाली कंपनी एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स लिमिटेड का आईपीओ 27 फरवरी को ओपन हो रहा है। निवेशक इस इश्यू में 29 फरवरी तक दांव लगा सकते हैं। इसके लिए प्राइस बैंड का ऐलान हो गया है। एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स आईपीओ का प्राइस बैंड 135 से 142 प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी की योजना इश्यू से कुल 429 करोड़ जुटाने की है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) के अनुसार, एंकर निवेशकों के लिए यह इश्यू 26 फरवरी को ओपन हो रहा है।

**क्या है अन्य डिटेल**

आईपीओ में कुल 329 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का एक ताज़ा मुद्दा और प्रमोटर नेक्स्टवेव कम्युनिकेशंस द्वारा 70.42 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) कंपोनेंट्स शामिल है। निवेशक न्यूनतम 100 इक्विटी शेयरों और उसके बाद उसके गुणकों के लिए बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने 135 प्रति शेयर के इश्यू प्राइस पर 52.59 लाख इक्विटी शेयरों का प्री-आईपीओ प्लेसमेंट शुरू किया है।

# कभी वेटर था यह शख्स, आज मस्क-बेजोस से लेकर अडानी-अंबानी तक को पछाड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस साल कमाई के मामले में अमेरिका के जेनसेन हुआंग ने दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क और एशिया के सबसे रईस मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। हुआंग की संपत्ति में गुरुवार को 9.59 अरब डॉलर का उछाल आया। उनकी कुल संपत्ति अब 69.2 अरब डॉलर हो गई है और वह अमीरों की लिस्ट में 21वें नंबर पर हैं।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक इस साल कमाई में नंबर एक पर मार्क जुकरबर्ग हैं। उनकी संपत्ति में 64.4 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। अब जेनसेन हुआंग 25.2 अरब डॉलर की कमाई के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। जेफ बेजोस अब तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। इस साल अबतक उनकी संपत्ति में 20.2 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। बेजोस दुनिया के दूसरे सबसे रईस हैं। एलन मस्क इस साल कमाई में फिसड्डी हैं और टॉप लूजर की लिस्ट में पहले स्थान पर हैं।

कमाई के मामले में चौथे नंबर पर दुनिया 7वें सबसे रईस व्यक्ति वॉरेन बफेट हैं। इस साल उन्होंने अपने नेटवर्थ में 18.1 अरब डॉलर जोड़ा



है। गौतम अडानी की संपत्ति इस साल 18 अरब डॉलर बढ़ी है, जबकि मुकेश अंबानी की दौलत में 15.8 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

**कभी वेटर थे हुआंग**

हुआंग कंप्यूटर प्रोसेसर और एआई टेक्नॉलजी के निर्माता एनवीडिया के चेयरमैन हैं। हुआंग ने 1993 में कंपनी की सह-स्थापना की और 1999 में पहली ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट पेश की। हुआंग ने कभी वेटर का भी काम किया लेकिन, आज इनकी गिनती दुनिया के सबसे अमीर लोगों में होती है। 1963 में ताइवान के ताइनान में जन्मे जेन्सेन हुआंग का परिवार पहली बार थाईलैंड में रिलोकेट हुआ जब वह पांच साल के थे। नौ साल की उम्र में दोनों भाई चाचा के साथ रहने के लिए टैकोमा, वाशिंगटन चले गए। फिर उन्होंने ओनिडा एलीमेंट्री से पढ़ाई पूरी करने के बाद अलोहा हाई स्कूल से ग्रैजुएशन किया।

**कहां से आता है पैसा**

हुआंग की अधिकांश संपत्ति कंप्यूटर प्रोसेसर और एआई उत्पादों के निर्माता एनवीडिया में उनकी हिस्सेदारी से मिली है। इसकी वेबसाइट के अनुसार, हुआंग ने क्रिस मैलाचोव्स्की और कर्टिस प्रीम के साथ कैलिफोर्निया स्थित कंपनी सांता क्लारा की सह-स्थापना की।

**एक दिन में कैसे उछली हुआंग की दौलत**

एनवीडिया का शेयर मूल्य 16त्न उछलकर 785.38 डॉलर हो गया, जिससे एक ही दिन में कंपनी का बाजार मूल्य 277 अरब डॉलर बढ़ गया, जिसने एक नया रिकॉर्ड बनाया। एनवीडिया का कुल मार्केट कैप अब 1.89 ट्रिलियन डॉलर है। यह टेक जाइंट माइक्रोसॉफ्ट और एप्पल के बाद तीसरी सबसे बड़ी अमेरिकी कंपनी बन गई है।

**फोर्ब्स की लिस्ट में बर्नार्ड अर्नाल्ट दुनिया सबसे बड़े रईस**

फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर की लिस्ट में दुनिया के सबसे अमीर शख्स बर्नार्ड अर्नाल्ट हैं। इन्होंने एलन मस्क से यह रुतबा छीना है। फोर्ब्स के मुताबिक इस समय अर्नाल्ट की कुल संपत्ति 228.3 अरब डॉलर है। दूसरे नंबर पर खिसके एलन मस्क के पास 207.5 अरब डॉलर का नेटवर्थ है।

## दो साल में एमएसपी पर जरूरत से दोगुना ज्यादा हुई अनाज की खरीद



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पूर्व नए सिरे से शुरू हुए किसान आंदोलन को खत्म करने के लिए सरकार फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग नहीं मानेगी। एक मंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि देश में खाद्य तेल, दलहन और मोटे अनाज की खेती का चलन बढ़े। सरकार का कहना है कि वह बीते दो साल से खाद्य सुरक्षा कानून के लिए जरूरी 350 लाख टन से दोगुना अनाज एमएसपी पर खरीद रही है। दूसरी ओर विशेषज्ञों का मानना है कि एमएसपी की व्यवस्था के कारण देश की खेती न सिर्फ गेहूं-चावल तक केंद्रित हो कर रह गई है, बल्कि इस व्यवस्था के दायरे से 80 फीसदी किसान बाहर हैं। विशेषज्ञ इस व्यवस्था को खत्म कर खुले व्यापार की छूट देने के साथ तभी एमएसपी के तहत खरीद की वकालत कर रहे हैं।

# देश के सबसे महंगे इलाके में रिलायंस और टाटा के बीच चल रही स्पेस वॉर

**पूरे देश में रिलायंस के पास टाटा से तीन गुना रिटेल स्पेस**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के दो सबसे बड़े औद्योगिक घरानों टाटा ग्रुप और रिलायंस इंडस्ट्रीज के बीच मुंबई के प्रीमियम रिटेल रियल एस्टेट में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा कब्जाने की होड़ मची है। टाटा ग्रुप की कंपनियों जारा, स्टारबक्स, वेस्टसाइड और टाइटन के पास पूरे देश में करीब 2.5 करोड़ वर्ग फीट रिटेल स्पेस है। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास 100 से अधिक लोकल और ग्लोबल ब्रांड्स के पास 7.3 करोड़ वर्ग फीट स्पेस है। यह टाटा ग्रुप की तुलना में करीब तीन गुना है। लेकिन मुंबई में दोनों के बीच कांटे का मुकाबला है। देश की आर्थिक राजधानी में इन दोनों ग्रुपों में से प्रत्येक के पास करीब 30 लाख वर्ग फीट रिटेल स्पेस है। मुंबई में रिटेल रियल एस्टेट को देश में सबसे महंगा माना जाता है और दोनों ग्रुप मुंबई में ज्यादा से ज्यादा रिटेल स्पेस लेना चाहते हैं।

स्ट्रैटजी कंसल्टिंग फर्म थर्ड आई के फाउंडर देवांग्शू दत्ता ने कहा कि मॉडर्न रिटेल एनवायरमेंट में ज्यादा विजिबल लोकेशन्स में ज्यादा सफल या बड़े ब्रांड्स हैं।




**क्या कहते हैं जानकार**

कमर्शियल रियल एस्टेट कंसल्टेंट्स नाइट फ्रैंक इंडिया के डायरेक्टर (रिटेल) अभिषेक शर्मा ने कहा कि देश के रिटेल सेक्टर में इन कंपनियों की 40 से 45 फीसदी हिस्सेदारी है। किसी भी मॉल में इनके पास 40 से 45 फीसदी स्पेस हो सकता है। संभव है कि इन ग्रुप्स को वरीयता दी जाती है लेकिन इसके डायनैमिक्स बहुत कॉम्प्लेक्स हैं। डेवलपर्स को इन बड़े ब्रांड्स की डिमांड और डाइवर्स टेनेंट मिक्स के बीच संतुलन बनाना होगा। टाटा ग्रुप ने 1980 के दशक के आखिर में रिटेल में एंट्री मारी थी। इसकी शुरुआत टाइटन वॉच स्टोर्स के रूप में हुई थी। एक दशक बाद ग्रुप ने डिपार्टमेंट स्टोर वेस्टसाइट लॉन्च किया था। टाटा ग्रुप के देशभर में करीब 4,600 स्टोर हैं।

# रोल्टा इंडिया को खरीदने के लिए पतंजलि ने लगाई बोली

**इसके बाद कई दूसरी कंपनियों ने भी इसके लिए ताल ठोकी**

**बाबा रामदेव की कंपनी ने 830 करोड़ रुपये का ऑफर दिया**



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कर्ज में डूबी कंपनी रोल्टा इंडिया को खरीदने के लिए अब कई कंपनियां कूद पड़ी हैं। बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद ने प्रोसेस पूरी होने के बाद इसे खरीदने में दिलचस्पी दिखाई थी। एनसीएलटी ने पतंजलि को इसके लिए बोली लगाने की अनुमति दे दी है। उसके बाद कई और कंपनियां भी इसके खरीदने की रेस में कूद पड़ी हैं। इनमें वेलस्पन ग्रुप की एमजीएन एग्रो प्रॉपर्टीज और मुंबई की कंपनी बी-राइट रियल एस्टेट शामिल हैं। इन कंपनियों को भी बोली लगाने के लिए एनसीएलटी से मंजूरी मिल गई है। एनसीएलटी की मुंबई बेंच ने सभी बिडर्स को 25 फरवरी तक फॉर्मल एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट सौंपने को कहा है। रोल्टा इंडिया डिफेंस से जुड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी है लेकिन इसके पास मुंबई में काफी रियल एस्टेट एसेट है।

सूत्रों के मुताबिक तीन और कंपनियों ने भी रोल्टा इंडिया को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। इनमें अहमदाबाद की कंपनी रेयर एआरसी, तमिलनाडु की शेरिषा टेक्नोलॉजीज और पुणे की कंपनी मंत्रा प्रॉपर्टीज शामिल हैं। रेयर एआरसी के एक सीनियर अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि कंपनी ने अपनी बिड सौंप दी है। वेलस्पन ने इस बारे में भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं दिया। इसी तरह रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल ममता बिनानी ने भी ईमेल का जवाब नहीं दिया। एक सूत्र ने कहा कि एनसीएलटी के पतंजलि को बोली लगाने की अनुमति देने के बाद कई कंपनियों ने रोल्टा इंडिया में दिलचस्पी दिखाई है। अधिकांश की नजर मुंबई में कंपनी के रियल एस्टेट एसेट्स पर है। कंपनी के पास 200 करोड़ रुपये कैश और 160 करोड़ रुपये का इंश्योरेंस क्लैम है। रोल्टा के सॉफ्टवेयर एसेट्स की वैल्यू के बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं है। कंपनी की मुंबई के एसईईपीजेड एरिया में तीन बिल्डिंग्स हैं। साथ ही इसके पास कोलकाता में जमीन और मुंबई में कुछ फ्लैट हैं। इनकी कीमत करीब 1200 करोड़ रुपये है। सबकी नजर इन्हीं पर है। हाल में खबर आई थी कि पतंजलि ने इसके लिए 830 करोड़ रुपये का ऑल-कैश ऑफर दिया है। कुछ ही दिन पहले पुणे की कंपनी अश्दान प्रोटीन ने रोल्टा इंडिया को खरीदने के लिए सबसे बड़ी बोली लगाई थी। पतंजलि ने एनसीएलटी की मुंबई पीठ में एक याचिका दायर करके मांग की थी कि लेंडर्स को उसकी बोली पर विचार करने का आदेश दिया जाए।

**भारतीय मोबाइल फोन ब्रांड विकसित करने पर काम कर रही सरकार**

# जल्द ही सेमीकंडक्टर प्लांटों को मिल सकती मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में बड़े पैमाने पर मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग की सफलता से उत्साहित सरकार एक भारतीय मोबाइल फोन ब्रांड विकसित करने पर काम कर रही है। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडस एप स्टोर लांच के मौके पर कहा, हम देश में संपूर्ण हैंडसेट इकोसिस्टम बनाने पर काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग की हमारी शुरुआती सफलता ने हमें अच्छी सीख दी है। इसने उद्योग को आत्मविश्वास देने के साथ ही पारिस्थितिकी तंत्र भागीदारों को भारत आने के लिए प्रोत्साहन दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार जल्द 2-3 सेमीकंडक्टर प्लांटों को मंजूरी दे सकती है। स्वदेशी रूप से विकसित इंडस एप स्टोर को फोनपे ने अधिग्रहित कर लिया है। इंडस एपस्टोर में 45 श्रेणियों में 2 लाख से



अधिक मोबाइल एप और गेम हैं। इन एप को यूजर्स 12 भारतीय भाषाओं में आसानी से खोज पाएंगे। फोनपे के सीईओ और संस्थापक समीर निगम ने कहा कि कंपनी इसे हैंडसेट पर प्री-लोड करने के लिए मोबाइल फोन निर्माता कंपनियों से बात कर रही है।

निगम ने कहा कि गूगल के प्लेस्टोर या एपल के एप स्टोर के विपरीत किसी भी एप को अपनी कमाई पर इंडस एपस्टोर को कमीशन नहीं देना होगा। साथ ही एक अप्रैल, 2025 तक किसी तरह का एप स्टोर लिस्टिंग शुल्क भी नहीं लगेगा।

निगम ने कहा, देश के कानून के तहत जो कुछ भी संचालित करने की अनुमति है, उसे इंडस एपस्टोर पर अपलोड करने की अनुमति दी जाएगी। अगर हम कोई एप हटाते हैं, तो हम एप हटाने का कारण साझा करेंगे।

# इफको दुनिया की नं. 1 सहकारी संस्था

**इफको वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनिटर (डबल्यू सी एम) 2023 की रिपोर्ट में फिर से शीर्ष स्थान पर**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) को पुनः दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में पहला स्थान मिला है। यह रैंकिंग प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर कारोबार के अनुपात पर आधारित है। यह दर्शाता है कि इफको राष्ट्र के सकल घरेलू उत्पाद और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इंटरनेशनल कोआपरेटिव एलायंस की 12वीं वार्षिक वर्ल्ड कोआपरेटिव मॉनीटर रिपोर्ट के 2023 संस्करण के अनुसार यह देश के सकल घरेलु उत्पाद एवं आर्थिक विकास में इफको के कारोबारी योगदान को दर्शाता है। कुल कारोबार के मामले में इफको पिछले वित्तीय वर्ष के अपने 97वें स्थान के मुकाबले 72वें स्थान पर पहुंच गया है। अपनी 35,500 सदस्य सहकारी समितियों, 25,000 पैक्स और 52,400 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों के साथ इफको आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर कृषि की ओर अग्रसर सहकार से समृद्धि का सशक्त उदाहरण है। इफको ने पिछले कई वर्षों से अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है जो इफको और इसके प्रबंधन के सहकारी सिद्धांतों में अटूट भरोसे का प्रमाण है। इसे देश में मजबूत सहकारी आंदोलन के प्रतीक के रूप में भी देखा जा सकता है, जिसे केंद्र द्वारा सहकारिता मंत्रालय के गठन और श्री अमित शाह जी, माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री,




भारत सरकार के कुशल नेतृत्व से गति मिली है। मंत्रालय द्वारा की गई पहल से अनुकूल माहौल बना है और भारत में सहकारिता आंदोलन को फलने-फूलने में मदद मिली है।

माननीय प्रधानमंत्री के ध्येय सहकार से समृद्धि से प्रेरणा लेते हुए और विभिन्न फसलों पर वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुसंधान और प्रयोग की बदौलत इफको ने किसानों के लिए दुनिया का पहला नैनो यूरिया और नैनो डीएपी विकसित किया। इफको नैनो उर्वरकों के साथ-साथ जैव-उर्वरक, सागरिका जैसे जैव-उत्तेजक और कृषि-रसायन आदि के छिड़काव के लिए सहायक उपकरण और स्पेयर के साथ 2,500 कृषि ड्रोन खरीद रहा है। इफको 5000 से अधिक ग्रामीण उद्यमियों को प्रशिक्षण देगा और 2500 कृषि ड्रोन का वितरण करेगा। साथ ही, इफको ग्रामीण स्तर पर योग्य उद्यमियों की पहचान करने में लगा है जिन्हें प्रमाणिक चालक के रूप में ड्रोन उड़ाने के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। ये ड्रोन इन ग्रामीण उद्यमियों के प्रशिक्षण के स्थान और कार्यक्रम के अनुसार उपलब्ध कराये जाएंगे। बीते वर्षों से लगातार शीर्ष स्थान बरकरार रखने की बात पर टिप्पणी करते हुए हैं इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी ने कहा कि यह इफको और भारतीय सहकारिता आंदोलन के लिए गौरव का क्षण है। इफको में, हम किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि देश भर के किसानों का विकास सुनिश्चित हो सके और सहकारिता आंदोलन को मजबूत किया जा सके। हम नवाचार में विश्वास करते हैं क्योंकि यही सफलता की कुंजी है।

# न्यू वन यूआई 6.1 अपडेट की मदद से अन्य गैलेक्सी डिवाइसेज भी गैलेक्सी एआई का कर पाएंगे इस्तेमाल

**गुरुग्राम, एजेंसी।** मोबाइल एआई के लोकतंत्रीकरण को और अधिक विस्तार देते हुए, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज नए वन यूआई 6.1 अपडेट के माध्यम से और अधिक गैलेक्सी डिवाइसेस पर भी गैलेक्सी एआई फीचर्स उपलब्ध कराने की घोषणा की है। ये अपडेट गैलेक्सी एस23 सीरीज, एस23 एफई, जेड फोल्ड5 जेड फ्लिप 5 और टेब एस 9 सीरीज में उपलब्ध होंगे, जिसकी शुरुआत मार्च के अंत से होगी। हाल ही में लॉन्च की गई गैलेक्सी एस24 सीरीज की तरह, यह अपडेट एक हाइब्रिड अप्रोच के माध्यम से यूजर्स के मोबाइल एआई अनुभव को नई ऊंचाई पर ले जाता है, जो ऑन-डिवाइस और क्लाउड-आधारित एआई को साथ जोड़ता है।
सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में मोबाइल ईएक्सपीरियंस बिजनेस के प्रेसिडेंट और प्रमुख टीएम रोह ने कहा, गैलेक्सी एआई के साथ हम न केवल मोबाइल एआई के एक नए युग की शुरुआत करना चाहते हैं, बल्कि एआई को और अधिक सुलभ बनाकर यूजर्स को सशक्त करेंगे। यह तो केवल गैलेक्सी एआई की शुरुआत है, क्योंकि हम 2024 के भीतर 100 मिलियन से अधिक गैलेक्सी यूजर्स तक इस अनुभव को पहुंचाना चाहते हैं और साथ ही हम मोबाइल एआई की असीमित संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए नए तरीके अपनाते रहेंगे।

**चुनौतियों से परे कम्युनिकेशंस**

अब और भी अधिक गैलेक्सी यूजर्स एआई-समर्थित मॉडलों पर उपलब्ध बेहतर कम्युनिकेशंस वाली गैलेक्सी एआई सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे, जिसमें चैट असिस्ट का उपयोग करके मैसेज टोन को एडजस्ट करने और 13 विभिन्न भाषाओं में मैसेज का अनुवाद करने की क्षमता शामिल है। गैलेक्सी यूजर लाइव ट्रांसलेट के माध्यम से रियल टाइम में वॉयस और टेक्स्ट अनुवाद की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इंटरप्रेटर के साथ, यूजर अपनी यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों के साथ सहज बातचीत कर सकते हैं, क्योंकि स्प्लिट-स्क्रीन सुविधा लाइव बातचीत के लिए टेक्स्ट अनुवाद की सुविधा भी मुहैया कराती है।

पूर्व क्रिकेटर बोले- ये तो सिर्फ....

# धोनी कब लेंगे आईपीएल से संन्यास





**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय विकेट कीपर और मौजूदा कमेंटेटर पार्थिव पटेल का कहना है कि केवल एमएस धोनी ही उनके इंडियन प्रीमियर लीग के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगा सकते हैं। आईपीएल 2024 सीजन की शुरुआत से पहले ही इस बात की चर्चा है कि क्या ये माही का बतौर खिलाड़ी आखिरी आईपीएल होगा, क्या वह आखिरी बार चेन्नई सुपर किंग्स की पीली जर्सी में फैंस का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे? धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स ने पिछले साल अपना 5वां आईपीएल खिताब जीता था।

अब सीएसके आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा 5 खिताब जीतने वाली संयुक्त रूप से पहली टीम बन गई है। उनके अलावा मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में इतने टाइटल जीते हैं। बात धोनी की करें तो पिछले साल भी उनके संन्यास की अटकलें जोरों पर थी, मगर माही ने आईपीएल 2024 में खेलने की इच्छा जताई। हालांकि 42 साल के धोनी के लिए बतौर खिलाड़ी ये आखिरी आईपीएल सीजन हो सकता है।

धोनी के संन्यास को लेकर पार्थिव पटेल ने जियोसिनेमा पर कहा, हर 10 महीने में एक बार खेलने के लिए आते हुए, हर बार हम इस बारे में बात करते हैं कि ये दो महीने उनके ( धोनी ) क्रिकेट के आखिरी महीने हैं...यह एक ऐसा सवाल है जिसका जवाब केवल वह ही दे सकते हैं। पार्थिव ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट की कमी को देखते हुए यह सीजन एमएस धोनी की बल्लेबाजी क्षमता के लिए एक और बड़ी परीक्षा साबित होगी। धोनी ने आईपीएल के पिछले सीजन में खेले 16 मैचों में 26 की औसत के साथ सिर्फ 104 रन ही बनाए थे। हालांकि, धोनी ने सीजन में 182.46 के स्ट्राइक रेट के साथ कुछ प्रभावशाली पारियां खेलीं थी। धोनी बैटिंग में थोड़े पिछड़े जरूर नजर आए थे, मगर उनकी कप्तानी नंबर-1 थी। यही वजह है सीएसके रिकॉर्ड 5वीं बार चैंपियन बना था।

पार्थिव ने आगे कहा, इन 16 आईपीएल सीजन के दौरान, हमने टूर्नामेंट में बड़े नामों को संघर्ष करते हुए देखा है जिन्होंने बहुत अधिक घरेलू या क्रिकेट के किसी अन्य प्रारूप में नहीं खेला है ... हमने मैथ्यू हेडन और एडम गिलक्रिस्ट जैसे खिलाड़ियों के साथ ऐसा होते देखा है। बता दें, 22 मार्च से आईपीएल 2024 का आगाज होने जा रहा है। सीएसके सीजन का ओपनिंग मैच आरसीबी के खिलाफ खेलेगी।

पहले दिन का खेल खत्म, इंग्लैंड पहली पारी में 302/7

# आखिरी दो सत्र रहे शतकवीर रूट के नाम



**रांची।** शुक्रवार से भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले की शुरुआत हुई। यह मैच रांची में खेला जा रहा है। भारतीय टीम सीरीज में 2-1 से आगे चल रही है। इस मैच को जीतकर टीम इंडिया अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी। हैदराबाद में पहला मुकाबला इंग्लैंड ने जीता था। इसके बाद भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम और राजकोट में जीत हासिल की।

**पहले दिन का खेल खत्म-** भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में चौथा टेस्ट खेला जा रहा है। पहले दिन की समाप्ती के बाद इंग्लैंड ने सात विकेट गंवाकर 302 रन बना लिए हैं। फिलहाल ओली रॉबिन्सन 31 रन और जो रूट 106 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच 57 रन की साझेदारी हो चुकी है। आज पहला सत्र भारत के नाम रहा था। आकाश दीप के तीन विकेट ने इंग्लैंड के शीर्ष क्रम को उखाड़ कर रख दिया था। उन्होंने बेन डकेट (11), ओली पोप (0) और जैक क्राउली (42) को पवेलियन भेजा। इसके बाद आकाश के कहर बरपाने के बाद बारी स्पिनर्स की थी। अश्विन ने जॉनी बेयरस्टो को और रवींद्र जडेजा ने बेन स्टोक्स को पवेलियन भेज इंग्लैंड की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया।

### अश्विन के इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट पूरे

रविचंद्रन अश्विन ने पहले सेशन में जॉनी बेयरस्टो को LBW किया। इसी के साथ उनके इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट पूरे हो गए। उनके इंग्लैंड के खिलाफ एक हजार टेस्ट रन भी पूरे हो चुके हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ 1000 रन के साथ 100 विकेट लेने वाले पहले ही भारतीय खिलाड़ी हैं।



### आकाश दीप का कहर

रांची में आकाश दीप का कहर देखने को मिल रहा है। उन्होंने इंग्लैंड के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया है। आकाश ने अपने पांचवें और इंग्लिश पारी के 10वें ओवर में दो विकेट झटके थे। उन्होंने बेन डकेट को ओवर की दूसरी गेंद पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया। वह 11 रन बना सके। फिर बल्लेबाजी करने आए ओली पोप को ओवर की चौथी गेंद पर एल्बीडब्ल्यू आउट किया। पोप खाता भी नहीं खोल सके। आकाश ने इसके बाद आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। इसके बाद इंग्लैंड की पारी के 12वें ओवर में जैक क्राउली से बदला लिया। उन्होंने क्राउली को क्लीन बोल्ड किया। आकाश ने अपनी 11वीं गेंद पर भी क्राउली को बोल्ड किया था, लेकिन तह नो बॉल निकला था। अब उन्होंने फिर से क्लीन बोल्ड किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू शानदार अंदाज में किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एशियाई ट्रैक साइकिलिंग भारत का जलवा, पैरा साइकिलिस्टों ने दिलाए दो स्वर्ण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय साइकिलिस्टों ने गुरुवार को एशियाई साइकिलिंग चैंपियनशिप के पैरा वर्ग में स्वर्णिम प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। जूनियर और सीनियर रायडर पदक जीतने में सफल नहीं रहे। आईजी स्टेडियम वेलड्रोम में पैरा वर्ग के सी2 15 किलोमीटर स्क्रैच में भारत के अरशद शेख ने अपने ही साथी जलालुद्दीन अंसारी को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

जलालुद्दीन को रजत मिला। वहीं पैरा वर्ग में ही महिलाओं की इवेंट में भारत की ज्योति गदेरिया ने स्वर्ण पदक जीता। पवन कुमार ने सी3 क्लास की 15 किलोमीटर स्क्रैच में कांस्य पदक जीता। इंडोनेशिया के आदि रैमक और तिफान आबिद ने स्वर्ण, रजत जीते। जूनियर वर्ग में लड़कों की स्क्रैच इवेंट में सूरज यादव पांचवें स्थान और लड़कियों में जेपी धन्यधा सातवें स्थान पर रहीं।

### दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमिनी पद्मश्री श्याम लाल हॉकी टूर्नामेंट में 9-0 से जीती



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमिनी ने दसवें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट 2024 के महिला वर्ग के लीग मैच में श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 9-0 से हराया। मेघा ने तीन गोल, सुनीता और नीलम ने दो-दो गोल तथा प्रियंका और सारिका ने एक-एक गोल किया। इस मैच में एसएनएस हॉकी वुमैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिल्ली युनिवर्सिटी एलुमिनी की खिलाड़ी सुनीता को मिला।

एक अन्य मैच में विवेकानंद कॉलेज और भारती कॉलेज का मैच 2-2 की बराबरी पर रहा। विवेकानंद कॉलेज की तरफ से सोनिया और एकता ने एक-एक गोल किया जबकि भारती कॉलेज की तरफ से मनीषा ने दोनों गोल किया।

एस एन एस हॉकी वुमैन ऑफ द मैच का अवार्ड भारती कॉलेज की मनीषा को मिला। पुरुष वर्ग में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने हंसराज कॉलेज को 5 -1 से हराया।श्री राम कॉलेज की तरफ से योगेश्वर और लखन ने दो-दो गोल किए जबकि एक गोल विभांशु ने किया और हंसराज कॉलेज से एकमात्र गोल रवि राज ने किया। इस मैच में एसएनएस हॉकी मैन ऑफ द मैच का अवार्ड श्रीराम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स के योगेश्वर को मिला। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में श्याम लाल कॉलेज इवनिंग को 5-2 से हराया। एसएनएस हॉकी मैन ऑफ द मैच खालसा कॉलेज के अंकित को मिला।

# ओलंपियन दीपिका ने मां बनने के बाद की वापसी

- भारतीय तीरंदाज एशिया कप की छह स्पर्धाओं के फाइनल में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलिमिनेशन दौर में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने मेजबान इराक को हराकर फाइनल में जगह बनाई जिसमें उनकी भिड़ंत उज्बेकिस्तान से होगी। महिला टीम में भजन कौर भी शामिल हैं। भारतीय तीरंदाज गुरुवार को यहां एशिया कप के पहले चरण में छह टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचे जिससे उन्होंने कम से कम इतने पदक पक्के कर दिए।

इसमें दुनिया की पूर्व नंबर एक महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी भी शामिल हैं जो 20 महीने बाद वापसी कर रही हैं। तीन बार की ओलंपियन दीपिका मां बनने के बाद वापसी कर रही हैं। वह महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में सिमरनजीत कौर के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। एलिमिनेशन दौर में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने मेजबान इराक को हराकर फाइनल में जगह बनाई जिसमें उनकी भिड़ंत उज्बेकिस्तान से होगी। महिला टीम में भजन कौर भी शामिल हैं। धीरज बोमादेवारा, प्रवीण जाधव और तरुणदीप राय की पुरुष रिकर्व टीम ने मेजबानों को सीधे सेट में पराजित किया और फाइनल में उनका सामना बांग्लादेश से होगा। भारत के प्रथमेश जावकर, प्रियांश और कुशाल दलाल ने सेमीफाइनल में मेजबान इराक को 233-223 से हराकर पुरुष कंपाउंड टीम के फाइनल में प्रवेश किया जिसमें वे ईरान के सामने होंगे।

अदिति स्वामी, प्रिया गुर्जर और परनीत कौर की टीम ने कम्पाउंड महिला टीम स्पर्धा में अफगानिस्तान को 234-210 से मात दी और फाइनल में टीम ईरान से भिड़ेगी।जावकर और अदिति की कंपाउंड मिश्रित टीम जोड़ी ने अंतिम चार चरण में बांग्लादेश को 157-146 से हराया और फाइनल में उनका सामना ईरान से होगा।



यौन उत्पीड़न का मामला

# फुटबॉलर दानी अल्वेस को हुई 4.5 साल की जेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्राजील और बार्सिलोना एफसी के पूर्व फुटबॉलर दानी अल्वेस को बार्सिलोना नाइट क्लब में एक महिला से बलात्कार का दोषी पाया गया है। उन्हें 4.5 साल जेल की सजा सुनाई गई है। 40 वर्षीय फुटबॉलर ने 31 दिसंबर 2022 की सुबह महिला के साथ यौन उत्पीड़न से इनकार किया था और वह सजा के खिलाफ अपील कर सकते हैं। एक बयान में अदालत ने कहा कि पीड़िता की गवाही के अलावा अन्य सबूत भी हैं, जो साबित करते हैं कि उसके साथ बलात्कार किया गया था।

रिपोर्ट के अनुसार दानी अल्वेस को पीड़ित को €150,000 का भुगतान करने का भी आदेश दिया गया। अल्वेस, जिन्हें जनवरी 2023 से प्री-ट्रायल हिरासत में रखा गया है। अल्वेस ने इस महीने के परीक्षण के दौरान कई बार अपनी गवाही बदली है। प्रारंभ में उन्होंने अपने आरोप लगाने वाले के साथ किसी भी परिचित होने से इनकार किया, लेकिन बाद में कहा कि वे टॉयलेट में एक-दूसरे से मिले थे।

इसके बाद उन्होंने अपने बयान को एक बार फिर बदला और दावा किया कि वे सहमति से एक दूसरे के साथ सेक्सुअल एक्टिविटी में शामिल थे। पीड़िता ने वकीलों को बताया कि अल्वेस और उसके दोस्त ने तीन युवतियों के लिए शैंपेन खरीदी थी और उनमें से एक को टॉयलेट वाले दूसरे क्षेत्र में अपने साथ चलने के लिए कहा था जिसके बारे में उसे नहीं पता था। फिर, महिला ने यह भी बताया कि अल्वेस बार-बार मना करने के बावजूद भी उन्हें जबरदस्ती अपने साथ ले गए और यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया।

## आईपीएल- 2024 में ऋषभ पंत करेंगें दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की आईपीएल 2024 में वापसी को लेकर दिल्ली कैपिटल्स के को-ओनर पार्थ जिंदल ने बड़ी जानकारी दी है। पार्थ जिंदल ने बताया है कि ऋषभ पंत आईपीएल के आने वाले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान होंगे, लेकिन पहले हाफ में वे सिर्फ एक बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे। विकेटकीपर की जिम्मेदारी किसी अन्य खिलाड़ी को दी जाएगी। हालांकि, बाद में वे विकेट के पीछे खड़े हो सकते हैं। पार्थ जिंदल ने कहा कि मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और टीम डायरेक्टर सौरव गांगुली सहित दिल्ली कैपिटल्स का कोचिंग स्टाफ ऋषभ पंत को लेकर आश्वस्त था। उन्होंने कहा, ऋषभ बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह रनिंग कर रहे हैं। उन्होंने विकेटकीपिंग शुरू कर दी है। उनके आईपीएल के लिए पूरी तरह फिट होने की संभावना है। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि ऋषभ आईपीएल खेलेंगे और वह पहले मैच से ही कप्तानी करेंगे। टीम के को-ओनर ने आगे बताया, पहले सात मैचों में हम उन्हें केवल एक बल्लेबाज के रूप में खिलाएंगे और उसका शरीर कैसी प्रतिक्रिया देता है, उसके आधार पर हम आईपीएल के बाकी मैचों के लिए फैसला करेंगे। पंत ने हाल ही में एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वे विकेटकीपिंग ड्रिल्स ले रहे थे। इससे पहले वे एक वॉर्मअप मैच में बल्लेबाजी करते नजर आए थे। एक अन्य वीडियो में पंत दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं।

# भारत की एस्टोनिया पर जीत, महिला फुटबॉल के लिए बड़ा प्रोत्साहन

तुर्की महिला कप



**अलान्या (तुर्की), एजेंसी।** मनीषा कल्याण ने तुर्की महिला कप के पहले मैच में एस्टोनिया के खिलाफ भारतीय टीम की 4-3 की जीत से सुर्खियां बटोरीं, जिससे इतिहास की किताबों में एक नया पन्ना जुड़ गया, क्योंकि इससे पहले भारत ने महिला फुटबॉल में कभी किसी यूरोपीय देश को नहीं हराया था। राष्ट्रीय महिला सीनियर टीम ने पहले कभी एस्टोनिया का सामना नहीं किया था और उन्हें हराने से तुर्की महिला कप में हांगकांग और कोसोवो के खिलाफ आगामी खेलों के लिए अतिरिक्त बढ़ावा मिला। टीम एक साल से लगातार हार के साथ अपनी फॉर्म से जूझ रही थी। इतने महीनों के बाद जीत हासिल करना सार्थक था, क्योंकि सभी ने मुस्कुराहट और हंसी के साथ जश्न मनाया और इस पल का भरपूर आनंद लिया।

मनीषा कल्याण ने गुरुवार को कहा, यह वास्तव में अच्छा लगता है, और तीन अंक अर्जित करना हमारे लिए महत्वपूर्ण था। यह हमारे लिए अच्छी शुरुआत है और टीम कल की जीत से खुश भी है। धैर्य महत्वपूर्ण है, विशेषकर चुनौतीपूर्ण मैचों के दौरान, जब हमें लगता है कि स्कोर करना महत्वपूर्ण है। बीच-बीच में जब मेरे शॉट छूट जाते थे तो मुझे चिड़चिड़ाहट महसूस हो रही थी, लेकिन मुझे पता था कि मैं गोल करूंगी। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत रूप से मैं कभी भी अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हूं। मुझे पता है कि मैं अपनी फिनिशिंग के साथ और अधिक क्लिनिकल हो सकता था और कुछ चूके हुए मौकों और गलत पासों से बच सकता था।

मैं लक्ष्य के सामने अपनी सटीकता में सुधार करने और गोल करने में अधिक योगदान देने की कोशिश करूंगी।जब उनसे पूछा गया कि यूरोपीय टीम के खिलाफ जीत कितनी महत्वपूर्ण थी, तो उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि ज्यादातर लोग यूरोपीय फुटबॉल की श्रेष्ठता को पहचानते हैं, लेकिन ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेना हमारी टीम के लिए एक अमूल्य अनुभव है। यह हमारा आत्मविश्वास बढ़ाता है और हमें भविष्य के खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। मनीषा ने कहा, एक राष्ट्रीय टीम के रूप में हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं। बिल्ड-अप प्ले से लेकर फिनिशिंग और पासिंग तक हमारा सामूहिक प्रदर्शन कल उतना अच्छा नहीं था, लेकिन हम अपनी गलतियों से सीखने और अपनी खेल शैली को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, पहले कई मैच खेलने और अपनी हार से सीखने के बाद हम इस टूर्नामेंट को जीतने के महत्व को समझते हैं। हमारे अंदर हर मैच जीतने की आग हमेशा जलती रहती है।मनीषा, जो साइप्रस के फर्स्ट डिवीजन क्लब अपोलोन लेडीज़ के लिए फारवर्ड के रूप में खेलती हैं, यूरोपीय टीमों की खेल शैली से अच्छी तरह परिचित हैं, उन्होंने कहा, मेरे क्लब में खेलने की शैली एस्टोनिया के खिलाफ हमने जो देखी उससे अलग है। हालांकि, यह बदलाव मूल्यवान था। मेरे लिए, मुझे अधिक अनुभव और सीखने के अवसर प्रदान करना।

दूसरे गोल में योगदान देने वाली इंदुमति काथिरेसन का भी मानना है कि कल के प्रदर्शन के बाद टीम का आत्मविश्वास ऊंचा हुआ।उन्होंने कहा, मैच जीतने से हमें हांगकांग और कोसोवो के खिलाफ अगले मैच जीतने का आत्मविश्वास मिला है। मैच सुचारु रूप से चला, पूरी टीम ने एक इकाई के रूप में एकजुट होकर प्रदर्शन किया, जिससे डिफेंडिंग मिडफील्डर होने के बावजूद मुझे स्कोर करने का मौका मिला।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### चार भाइयों ने बनाई जेल से भागने की योजना

**मुंबई, एजेंसी।** क्या होगा जब अच्छी तरह से तैयार की गई भागने की योजना को बदकिस्मती और हास्यपूर्ण घटनाएं बिगाड़ देंगी? इसका उत्तर मिलेगा चार भाइयों की जिंदगी में, जो चाहे जितनी भी कोशिश कर लें, पर जेल से भागने के अपने मिशन में सफल नहीं हो पाते हैं। देखिए जेल में बंद भाइयों द्वारा बार-बार जेल तोड़कर भागने की मजेदार कोशिशें, जिनमें से हर कोशिश अव्वल दर्जे की हास्यास्पद गलतियाँ लेकर आती है। ढोल, बंसी, हरमोनिया और तंबूरा की हरकतें हर बार उनकी इन कोशिशों को एक रोमांचक भागम-भाग में बदल देती हैं। वो चाहे पानी के पाइप से नीचे फिसलकर भागें या फिर हॉट एयर बैलूंस की मदद लें, लेकिन उनकी हर कोशिश वापस जेल में आकर खत्म हो जाती है, लेकिन हर विफलता के बाद भी उनकी योजनाओं का पिटारा कभी खाली नहीं होता।

### आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों का इलाज बंद करने का अल्टीमेटम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयुष्मान भारत और चिरायु योजना के तहत मरीजों का इलाज करने वाले निजी अस्पतालों के बिलों का भुगतान नहीं हो रहा है। इसको लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने हरियाणा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आईएमए ने गुरुवार को जारी बयान में यह आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि जल्द बिलों का भुगतान नहीं होने पर निजी अस्पतालों में उपरोक्त योजना के मरीजों का इलाज बंद करने का अल्टीमेटम दिया है। आईएमए ने दावा किया है कि सरकार के साथ हुए समझौते के मुताबिक, उपरोक्त योजना के तहत मरीजों का इलाज करने के 15 दिन बाद निजी अस्पतालों को बिलों का भुगतान करना होता है, लेकिन तीन साल तक भुगतान नहीं किया जा रहा है। फरीदाबाद में तीन करोड़ रुपये से ज्यादा बिलों का भुगतान अटका हुआ है। आईएमए का आरोप है कि बगैर किसी ठोस कारण के बिलो में मनमानी कटौती कर दी जाती है। पूछने पर कई महीनों बाद भी कोई जवाब नहीं मिलता। भारत सरकार ने नवंबर 2021 में अस्पतालों में विभिन्न पैकेज की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी थी, लेकिन हरियाणा सरकार ने अब तक भी इसे लागू नहीं किया है। आरटीआई कार्यकर्ता अजय सैनी का कहना है कि आयुष्मान भारत और चिरायु योजना को लेकर पिछले वर्ष स्वास्थ्य विभाग से सूचना मांगी थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कंपनियों को कानून और पर्यावरण मानदंडों को मानना होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कौन से नियमों का उल्लंघन किया है, इसको बताए बिना किसी उद्योग को बंद करने से कंपनी में किए गए निवेश पर असर पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी गुरुवार को तमिलनाडु के थूथुकडी में स्मेल्टिंग संयंत्र को बंद करने के खिलाफ वेदांत समूह की कंपनी स्टरलाइट कॉपर की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी भी कंपनी को मौजूदा कानूनों और पर्यावरण मानदंडों का पालन करना होगा। तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार ने तांबा संयंत्र बंद नहीं किया है बल्कि केवल पर्यावरण संबंधी चिंताओं के कारण इसे आगे चलाने नहीं देने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, कोई कंपनी यह नहीं कह सकती कि वह केवल उन प्रविधानों का पालन करेगी जो अधिकारियों द्वारा बताए गए हैं। उसे सभी तरह के कानूनों का अनुपालन करना होगा।

### राजनीतिक दलों को अदालतों के बाहर ढूंढना चाहिए काशी

**जयपुर एजेंसी।** अजमेर दरगाह के प्रमुख सैयद जैनुल आबेदीन ने कहा कि मथुरा और काशी जैसे मामलों का समाधान राजनीतिक दलों को अदालतों के बाहर खोजने का प्रयास करना चाहिए। इन मामलों को यदि सहमति से सुलझाया जाए तो ये दोनों समुदायों का दिल और विश्वास भी जीत लेंगे। उन्होंने उक्त बात अखिल भारतीय सूफी सज्जादानशीन परिषद की राजस्थान इकाई की ओर से आयोजित पैगाम-ए-मोहब्बत हम सबका भारत सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन में राजस्थान की लगभग सभी दरगाहों के प्रमुख मौजूद थे।

# नोएडा एयरपोर्ट के पास बनेगी दुबई जैसी फिनटेक सिटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास सेक्टर-13 में सिंगापुर, दुबई और चीन की तर्ज पर फिनटेक सिटी विकसित होगी। परियोजना विकसित करने के लिए तकनीकी बिड में पांच कंपनियां खरी उतरी हैं। इनमें तीन कंपनियां विदेशी और दो स्वदेशी हैं। कंपनी के चयन होने के बाद तीन माह में इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार होगी।

यमुना प्राधिकरण के अनुसार, उत्तर भारत में विकसित की जा रही पहली फिनटेक सिटी को बसाने के लिए जोन्स लैंग लासाल प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स, सीबीआरई दक्षिण एशिया, वॉयंट्स सोल्यूशंस, ट्रैकटेबेल इंजीनियरिंग, और कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया कंपनियों ने आवेदन किया था। सलाहकार कंपनी के चयन के लिए निकाली गई आरएफपी (रिक्रेस्ट फॉर प्रपोजल) में पांचों कंपनियों की तकनीकी बिड खोली गई। इसमें पांचों पास हो गई हैं। फिनटेक सिटी पहले चरण में 100 एकड़ भूमि में विकसित होगी, इसके बाद 250 एकड़ तक इसका विस्तार होगा।

प्राधिकरण अगले सप्ताह तक वित्तीय बिड खोलेगा। इसके बाद फिजिबिलिटी स्टडी कम डीपीआर तैयार होगी। डीपीआर के लिए 60 से 90 दिन का समय दिया जाएगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए सिंगापुर, दुबई सहित कई अन्य देशों और गुजरात में स्थित गिफ्ट सिटी का अध्ययन किया गया है।

फिनटेक के अंतर्गत प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर और इंटरनेट के उपयोग के माध्यम से ग्राहकों को बैंकिंग और बीमा जैसी वित्तीय सेवाएं देने वाली कंपनियां आती हैं। फिनटेक सिटी आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनेगी। सिंगापुर और दुबई की तरह यहां ब्लॉक चेन, पेमेंट, एक्सचेंज, रिसर्च, डिजिटल मनी, ऑनलाइन बैंकिंग, निवेश और क्राउड फंडिंग जैसी गतिविधियां होंगी। इसके लिए कंपनियों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। यहां इंटरनेशनल मॉनिटरिंग फंड, वर्ल्ड बैंक, स्टॉक एक्सचेंज जैसे बड़े संस्थानों को लाया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन के लिए यहां ऑडिटोरियम और प्रदर्शनी हॉल आदि बनेंगे। फिनटेक सिटी में




निवेश करने वाली कंपनियों को कई विशेष सुविधाएं मिलेंगी। उन्हें नए उत्पाद लॉन्च करने के लिए अलग से लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं होगी। कंपनियों को एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेशी) और नई औद्योगिक प्रोत्साहन नीति के तहत लैंड सब्सिडी, टैक्स, कस्टम आदि में छूट प्रदान की जाएगी। फिनटेक के अंतर्गत वह कंपनियां आती हैं, जो प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर और इंटरनेट के उपयोग के माध्यम से ग्राहकों को बैंकिंग और बीमा जैसी वित्तीय सेवाएं प्रदान करती हैं। इस फिनटेक सिटी में ऑनलाइन बैंकिंग, निवेश, रिसर्च, क्राउड फंडिंग, डिजिटल मनी, स्टॉक एक्सचेंज, बीमा कंपनियां, शॉपिंग सेंटर, ई-पेमेंट गेटवे प्लेटफॉर्म जैसी निजी व सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। यहां निवेश करने वाली कंपनियों को नई औद्योगिक नीति का लाभ मिलेगा। फिनटेक सिटी में निवेश करने वाली कंपनी को अपने नए उत्पाद लांच करने के लिए अलग से लाइसेंस लेने की जरुरत नहीं होगी। निवेश करने वाली कंपनियों को एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेशी) और नई औद्योगिक प्रोत्साहन नीति के तहत लैंड सब्सिडी, टैक्स, कस्टम आदि में छूट प्रदान की जाएगी। यीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह ने कहा, फिनटेक सिटी को बसाने के लिए चार मॉडल पर विचार किया जा रहा है। एकल या एकाधिक आवंटियों को भूमि देने और सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल या हाइब्रिड जैसे वित्तीय मार्डल पर विकास किया जा सकता है।

## द्वारका एक्सप्रेसवे की राह के रोड़े होंगे दूर, एनएचएआई ने हरियाणा के सामने रखे 5 मुख्य मुद्दे

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
गुरुग्राम से गुजर रहे द्वारका एक्सप्रेसवे का निर्माण अंतिम चरण में चल रहा है। इसमें आ रही बाधा जल्द दूर होगी। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल को पत्र लिखकर मुख्य पांच विषयों से अवगत करवाया।

इसमें कहा गया है कि संबंधित विषयों से अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान करने के लिए निर्देशित किया जाएं। एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने बताया कि द्वारका एक्सप्रेसवे का निर्माण एक एक्सेस नियंत्रित शहरी एक्सप्रेसवे के रूप में किया गया है। मास्टर प्लान को ध्यान में रखते हुए केवल निर्दिष्ट स्थानों पर द्वारका एक्सप्रेसवे पर प्रवेश/निकास होगा। उन्होंने बताया कि जीएमडीए द्वारका एक्सप्रेसवे तक स्थानीय यातायात की पहुंच प्रदान करने के लिए एक्सप्रेसवे के साथ सेक्टर रोड ( हरित बेल्ट से सटी हुई) विकसित करना है।हालांकि, जीएमडीए द्वारा सेक्टर रोड के निर्माण में देरी के कारण, स्थानीय यातायात अनधिकृत तरीके से द्वारका एक्सप्रेसवे पर



प्रवेश कर रहे है, जो एक सड़क सुरक्षा का खतरा है। जीएमडीए और जिला प्रशासन को कई बार अनुरोध करने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। चेयरमैन ने पत्र में अवगत करवाया कि द्वारका एक्सप्रेसवे और आसपास के सेक्टरों को जलभराव से बचाने के लिए जीएमडीए को एनपीआर पर दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर से बसई आरओबी सेक्शन तक सेक्टर ड्रेन का निर्माण करना है। एनएचएआई ने कई बार जीएमडीए द्वारा उपाय करने को कहा गया,लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। हरियाणा सरकार ने 50-50 प्रतिशत हिस्सेदारी के आधार पर सीपीआर के साथ मास्टर स्टॉर्म वॉटर ड्रेन के निर्माण का काम पूरा किया।

## पश्चिमी विक्षोभ के असर से फिर गड़बड़ाएगा दिल्ली का मौसम

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में अगले सप्ताह एक और पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार के बाद दिल्ली में कई स्थानों पर बूंदाबांदी की संभावना है। इसके चलते दिन के तापमान में अभी तेजी से इजाफा नहीं होगा।

दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सुबह के समय हल्की धुंध देखने को मिली। दिन चढ़ने के साथ ही धुंध साफ हो गई। दिन में तेज धूप निकली रही। इसके चलते तापमान में इजाफा हुआ है। मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री दर्ज किया गया।

जम्मू-कश्मीर के ऊपर से लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिमी हवाएं सक्रिय हुई हैं। इससे उत्तर भारत के कई इलाकों में गर्मी महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अभी एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। जिसका



प्रभाव शुक्रवार तक सीमित हो जाएगा, लेकिन शनिवार 24 फरवरी को फिर एक पश्चिमी विक्षोभ के आने की संभावना है। इसके चलते पूर्वोत्तर में बारिश हो सकती है। वहीं, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता का असर दिल्ली की हवा पर देखने को मिल रहा है। 12 दिन बाद गुरुवार को दिल्ली की हवा साफ-सुथरी रही। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के अंक से नीचे आया है। यह इस साल का आठवां दिन है, जब हवा सांस लेने लायक हुई है। प्रदूषण के स्तर में थोड़ा सुधार दिल्ली के लोगों को मौसम के अलग-अलग कारकों की वजह से इस बार सामान्य से ज्यादा प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। नवंबर और दिसंबर में पश्चिमी विक्षोभ नहीं आने के चलते हवा की गति धीमी रही और प्रदूषण का स्तर सामान्य से ज्यादा रहा। गुरुवार को थोड़ी राहत मिली है। बता दें कि, शून्य और 50 के बीच एक एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

## मोबाइल नेटवर्क ठप होने से हड़कंप, फ्लोरिडा के सीनेटर ने चीनी साइबर हमले को लेकर चेताया

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में कई जगहों पर सेलुलर बंद होने की शिकायत मिली है। अचानक से लोगों के मोबाइल फोन ने काम करना बंद कर दिया। उनके मोबाइल फोन से नेटवर्क गायब हो गया है। नेटवर्क कंपनियों का कहना है कि सेवा को बहाल करने की कोशिश की जा रही है। बड़े पैमाने पर हुए सेलुलर आउटेज पर फ्लोरिडा के सीनेटर मार्को रुबियो ने चीनी साइबर हमले को चेताया है। उनका कहना है कि अगर चीन ताइवान पर हमला करते हुए साइबर हमला शुरू करता है तो हालात और खराब हो सकते हैं।

रुबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, मुझे अमेरिका में हुए आउटेज का कारण नहीं पता है। हालांकि मैं यह जानता हूं कि अगर चीन ताइवान पर हमला करने से पहले अमेरिका पर साइबर हमला करता है तो यह स्थिति सौ गुना और बुरी हो जाएगी। यह सिर्फ सेल सेवा नहीं होगी जिस पर वे हमला करेंगे बल्कि वो आपकी शक्ति, आपका पानी और आपका बैंक होगा।

गौरतलब है, अमेरिका में एटीटी के नेटवर्क डाउन होने के बाद बड़े पैमाने पर आउटेज की सूचना मिली है। कई जगहों पर इंटरनेट सेवा ठप है। इसकी वजह से ग्राहक किसी से बात नहीं कर पा रहे हैं। सबसे पहले लोगों को फोन कॉल की करने में समस्या आई। इसके बाद उन्होंने टेक्स्ट मैसेज करने की कोशिश की तो वो भी नहीं गया। जब लोग फोन कर रहे थे तो उसमें एसओएस दिखा रहा था, जोकि नेटवर्क डाउन होने पर दिखाई देता है। यहां तक कि हेल्पलाइन नंबर 911 भी काम नहीं कर रहा था।

## सुपर मेयर टिफनी हेनयार्ड के खिलाफ एफबीआई ने शुरू की जांच, भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोप

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने डॉल्टन की मेयर टिफनी हेनयार्ड के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। यह जांच थ्रॉन्टन टाउनशिप में कथित भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के मामले में हो रही है। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, एफबीआई ने अभी इस मामले में गवाहों से पूछताछ शुरू की है।

डॉल्टन के निवासी ने लगाए आरोप

डॉल्टन शहर के ही रहने वाले लॉरेंस गार्डनर ने मेयर टिफनी हेनयार्ड के खिलाफ आरोप लगाए हैं। गार्डनर एक रेंटल और ट्रकिंग कंपनी का संचालन करते हैं। गार्डनर ने दावा किया है कि डॉल्टन प्रशासन की तरफ से उनका लाइसेंस रिन्यू नहीं कर रहा है। गार्डनर ने ये भी आरोप लगाया कि डॉल्टन पुलिस द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। गार्डनर का आरोप है कि उन्होंने मेयर टिफनी हेनयार्ड द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के लिए फंडिंग करने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद से उन्हें परेशान किया जा रहा है।

लॉरेंस गार्डनर ने मेयर पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं और एफबीआई से इसकी शिकायत की है।



शिकायत मिलने के बाद ही एफबीआई ने जांच शुरू की है। हालांकि अभी तक मेयर या डॉल्टन प्रशासन के किसी शीर्ष अधिकारी से इस मामले में पूछताछ नहीं हुई है। आरोप है कि मेयर हेनयार्ड ने सार्वजनिक धन और संसाधनों का गलत इस्तेमाल किया और जनता के पैसों को निजी उपयोग के लिए खर्च किया गया।

**खुद को सुपर मेयर बताती हैं टिफनी हेनयार्ड:** बता दें कि टिफनी हेनयार्ड पहले भी चर्चा में रह चुकी हैं और वे खुद को सुपर मेयर कहकर संबोधित करती हैं। टिफनी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें साझा करती रहती हैं। टिफनी पर आरोप लगते हैं कि वे सोशल मीडिया इंफ्लुएंशर की तरह पुलिसकर्मियों के साथ वीडियो शूट करके सोशल मीडिया पर पोस्ट करती रहती हैं। सोशल मीडिया पर इसे लेकर टिफनी की आलोचना भी होती है।

## चाकू मारकर पत्नी की हत्या करने वाले भारतीय-कनाडाई नागरिक को आजीवन कारावास



**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 2022 में घर पर अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या करने के जुर्म में 40 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। नविंदर गिल को पिछले साल जून में अपनी पत्नी, 40 वर्षीय शिक्षिका और तीन बच्चों की मां हरप्रीत कौर गिल की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया। हत्या जांच टीम ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्हें 10 साल तक पैरोल की पात्रता के बिना सजा सुनाई गई है।

इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) के प्रवक्ता सार्जेंट टिमोथी पियरोटी ने एक बयान में कहा, अंतरंग साथी हिंसा की घटनाओं का परिवारों और समुदायों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। पिएरोटी ने कहा, हम सरे आरसीएमपी (रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस) विक्टिम सर्विसेज और बच्चों और परिवार विकास मंत्रालय द्वारा किए जा रहे काम के लिए आभारी हैं।

पुलिस ने 7 दिसंबर, 2022 को सरे में 66वें एवेन्यू के 12700-ब्लॉक में अपने घर पर हरप्रीत को गंभीर रूप से जख्मी पाया। अस्पताल ले जाने पर उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में 15 दिसंबर को नविंदर को हिरासत में ले लिया। पिछले साल अदालत में सुनवाई के दौरान नविंदर के वकील ने कहा था कि उनका मुवक्किल समझता है कि उसने गलती की है।

## तालिबान ने फुटबॉल स्टेडियम में हत्या के दोषियों को गोलियों से भूना

**काबुल, एजेंसी।**
क्रूर और हिंसक कानूनों के लिए दुनियाभर में बदनाम तालिबान का असली चेहरा अब दुनिया के सामने आने लगा है। अच्छाई का ढोंग करने वाली तालिबानी सरकार का काला सच एक बार फिर सामने आया है। एएफपी की रिपोर्ट है कि तालिबानी हुकूमत ने गुरुवार को पूर्वी अफगानिस्तान में एक फुटबॉल स्टेडियम में हत्या के दो दोषियों को सार्वजनिक रूप से मौत के घाट उतार दिया। इन दो लोगों की मौत की हस्ताक्षर तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने किए थे। तालिबान ने एक बार फिर साबित किया है कि वह आंख के बदले आंख लेने की अपनी पुरानी परंपरा पर कायम है।

घटनास्थल पर मौजूद एएफपी पत्रकार के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के अधिकारी अतीकुल्लाह दरविश ने तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा द्वारा हस्ताक्षरित डेथ वारंट को जोर से पढ़ा और उसके बाद गजनी शहर में दोनों व्यक्तियों को गोलियों से भून दिया गया। दरविश ने कहा, इन दोनों लोगों को हत्या के अपराध में दोषी ठहराया गया था। अदालत ने दो साल की सुनवाई के बाद आदेश पर हस्ताक्षर किए गए। इन दोनों की मौत का तमाशा



देखने के लिए तालिबानी सरकार के आदेश पर हजारों लोग स्टेडियम में एकत्र हुए थे।

दोषी व्यक्तियों के पीड़ितों के परिवार उपस्थित थे और उनसे पूछा गया कि क्या वे अंतिम समय में अपने परिजनों के लिए कुछ कहना चाहते हैं लेकिन उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

गौरतलब है कि काबुल में 2021 में सत्ता संभालने और इस्लाम की सख्त व्याख्या लागू करने के बाद से तालिबान को किसी अन्य सरकार द्वारा आधिकारिक तौर पर मान्यता नहीं दी गई है। तालिबान के सर्वोच्च नेता अखुंदज़ादा ने 2022 में न्यायाधीशों को इस्लामी कानून के सभी पहलुओं को पूरी तरह से लागू करने का आदेश दिया था- जिसमें आँख के बदले आँख वाली सज़ा जिसे स्थानीय भाषा में क़िसास कहा जाता है, भी शामिल है। अफगानिस्तान में तालिबान ने अपने कानूनों में काफी कड़े नियमों को लागू किया है। जिसमें मौत और शारीरिक दंड शामिल हैं। जैसे कोड़े मारना, सड़क पर पत्थर से पीट-पीटकर हत्या शामिल है। 1996 से 2001 तक तालिबान के पहले शासन के दौरान अफगानिस्तान में सार्वजनिक तौर पर मौत की सजा देना आम बात थी। बताया जा रहा है कि 22 फरवरी को हत्या के दो दोषियों को मौत की सजा देना तालिबान अधिकारियों के सत्ता में लौटने के बाद दी गई तीसरी और चौथी मौत की सजा है। पहले दो को भी हत्या का दोषी ठहराया गया था। पिछली फांसी जून 2023 में दी गई थी, जब लघमान प्रांत में एक मस्जिद के मैदान में लगभग 2000 लोगों के सामने एक दोषी हत्यारे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## पाकिस्तान में 5 साल के बच्चे की कुकर्म के बाद गला घोंटकर हत्या

**पेशावर, एजेंसी।**
पाकिस्तान पंजाब के ओकारा में सोमवार को एक व्यक्ति ने पांच साल के बच्चे के साथ कुकर्म किया और उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने घटना के दो घंटे बाद ही संदिग्ध को पकड़ने का दावा किया है। डीपीओ मंसूर अमन ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून से बात करते हुए बताया कि मजदूर मुहम्मद देस का पांच वर्षीय बेटा वसीम अली ओकारा के बाहरी इलाके में स्थित बद्रीदास गांव में अपने घर से लापता हो गया। काफी देर बाद भी जब वह घर नहीं पहुंचा तो मुहम्मद देस ने उसकी तलाश शुरू कर दी। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि नबी बख्श (18) बच्चे को फुसलाकर पास के खेतों में ले गया।

उन्होंने नबी बख्श को वसीम अली को मोटरसाइकिल पर खेतों की ओर ले जाते देखा था। डेस ने अन्य लोगों के साथ फसल में अपने बेटे के बेजान शरीर को देखा तो, उसके मुंह से खून निकल रहा था। घटना की जानकारी मिलने पर, हुजरा शाह मुकीम पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और बच्चे के शव को अस्पताल पहुंचाया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129